नई दिल्ली, गुरुवार, 9 अप्रैल 2026 ■ वैशाख मास, कृष्ण पक्ष-सप्तमी ■ वर्ष : 29, अंक : 355 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 37 न्यून.23 haribhoomi.com


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






**1900** ईरानी व 13 अमेरिकी सैनिकों की जान लेकर....

**40** दिन बाद थमी अमेरिका-ईरान की जंग...14 दिन का युद्ध विराम, 10 को अमेरिका व ईरान की इस्लामाबाद में बैठक

## अमेरिका भी जीता...

क्यों? ट्रंप ने कहा-ईरान हमलों से थक चुका था

# ये अनोखा सीजफायर



## ...और ईरान भी जीता

क्यों? हमारी 10 सूत्रीय मांगें अमेरिका ने मान ली हैं

### अब आगे क्या?

- खुल गया स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, खुली जहाजों की आवाजाही
- ट्रंप ने कहा- ईरान के साथ मिलकर काम करेंगे, खूब पैसा कमाएंगे
- इजराइल ने समर्थन किया लेकिन, कहा- लेबनान इसमें शामिल नहीं
- तेल की कीमतें गिरीं। ब्रेंट क्रूड 93 डॉलर प्रति बैरल के करीब आया
- दुनिया भर के शेयर बाजार में खुशी की लहर, पाक शेयर बाजार भी गदगदाया
- दोनों देशों के बीच 'प्रतिबंधों' को हटाने के लिए 15 सूत्रीय समझौते पर बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/वॉशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप की 5 वीं धमकी के बाद ईरान से जंग 2 हफ्तों के लिए रुक गई। दोनों देश 2 हफ्तों के सीजफायर के लिए राजी हो गए हैं। ट्रंप ने यह युद्ध-विराम अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर घोषित किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से दिया गया प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि दो हफ्ते तक लड़ाई रोक दी जाए और होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत खोल दिया जाए। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका इन दो हफ्तों के समय का इस्तेमाल ईरान के साथ अंतिम समझौता करने के लिए करेगा। उन्होंने लिखा कि ऐसा करने का कारण ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ईरान में जो नुकसान हुआ, उसका क्या?

इस्लामाबाद की बैठक में ईरान होर्मुज में टैक्स वसूली का मुद्दा उठाएगा

**...और, युद्ध में ईरान की मदद करने वाले देशों की आई शामत**

**» अमेरिका ने तत्काल प्रभाव से लगाया 50% टैरिफ**

### पाक ने की मध्यस्थता

*ट्रंप और ईरान ने पाकिस्तान और पाक सेना के फील्ड मार्शल असीम मुनीर को युद्धविराम के लिए क्रेडिट दिया। दोनों ने पाक को एक भरोसेमंद मध्यस्थ माना।*

### ये हैं ईरान की 10 शर्तें

1. कोई हमला न किया जाए, अमेरिका आक्रमकता न दिखाए
2. होमुर्ज पर ईरान का नियंत्रण बना रहेगा
3. ईरान को यूरेनियम संवर्धन करने का अधिकार
4. ईरान पर लगे सभी प्रतिबंध हटाए अमेरिका
5. यूएन ईरान के खिलाफ अपने प्रस्ताव वापस ले
6. सभी द्वितीयक प्रतिबंधों से ईरान को मुक्त किया जाए
7. अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रस्ताव खारिज हों
8. युद्ध में हुए नुकसान की भरपाई हो
9. अमेरिका अपने सभी सैनिक इस क्षेत्र से हटाए
10. लेबनान और दूसरे मोर्चों पर तुरंत हमले रोके जाएं

## तनाव के बीच ईरान में हैं भारत के 7 हजार 500 नागरिकः जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट के मध्य विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि मंत्रालय की हालात पर पैनी नजर बनी हुई है। जिसमें क्षेत्र में बड़ी तादाद में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा और कल्याण को ही शीर्ष प्राथमिकता दी जा रही है। 28 फरवरी 2026 को शुरू हुए युद्ध के बाद से लेकर अब तक कुल करीब 7 लाख 88 हजार लोग स्वदेश वापस लौटे हैं। वहीं, ईरान में अभी भी 7 हजार 500 भारतीय नागरिकों की मौजूदगी बनी हुई है। यह जानकारी 8 अप्रैल को राजधानी में आयोजित की गई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है। उन्होंने बताया कि तेहरान में भारत के दूतावास द्वारा जारी की गई ताजा एडवाइजरी का मकसद अपने लोगों को ईरान से सुरक्षित निकासी में मदद प्रदान करना ही है। बीते मंगलवार तक हमारे दूतावास की मदद से 1 हजार 868 भारतीय ईरान में सड़क मार्ग से होते हुए आर्मेनिया, अजरबैजान पहुंचे हैं। जिसमें 935 छात्र और 472 ▶▶ शेष पेज 5 पर



राजधानी में हुई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में बोले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता

*तेहरान में दूतावास ने भारतीयों के लिए जारी की नई एडवाइजरी, कहा- जल्द छोड़ें ईरान*

## अमेरिका-ईरान के बीच हुए संघर्षविराम का भारत ने किया स्वागत, यूक्रेन का किया जिक्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- होर्मुज से निर्बाध नौवहन स्वतंत्रता और व्यापार प्रवाह को बनाए रखने की जताई उम्मीद
- पश्चिम-एशिया का ये घटनाक्रम यूक्रेन में भी शांति प्रयासों को बढ़ावा देगा
- यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को अपने एक बयान के जरिए दी है

पश्चिम-एशिया से लेकर खाड़ी क्षेत्र में बीते 40 दिनों से चल रहे भीषण युद्ध के बीच हुए संघर्षविराम का भारत ने स्वागत करते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य से नौवहन की बेरोकटोक आवाजाही की स्वतंत्रता और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के प्रवाह को बनाए रखने की उम्मीद जताई है। साथ ही कहा कि पश्चिम-एशिया का यह घटनाक्रम यूक्रेन में भी शांति प्रयासों को बढ़ावा देगा। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी कर दी है। जो भारत की अमेरिका और ईरान के संघर्षविराम के फैसले पर दी गई पहली प्रतिक्रिया है। जिसमें नई दिल्ली ने अपने आपको हमेशा से ही शांति का पक्षधर बताते हुए ▶▶ शेष पेज 5 पर




### खबर संक्षेप

#### मोनालिसा की शादी पर संकट! आयोग ने दिए जांच के आदेश

**नई दिल्ली।** प्रयागराज के महाकुंभ से वायरल गर्ल बनीं मोनालिसा भोंसले और फरमान की शादी पर संकट के बादल घिर गए हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मोनालिसा के नाबालिग होने की शिकायत पर नोटिस जारी कर उम्र जांच करने के आदेश दिए हैं। खरगोन के एसपी को मामले की जांच सौंपी गई है। आयोग ने मप्र और केरल के अधिकारियों को समन्वय के निर्देश दिए गए हैं। मोनालिसा को अपनी उम्र से जुड़े दस्तावेज पेश करने होंगे। आयोग ने खरगोन एसपी को नोटिस जारी किया है और 7 दिनों के भीतर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।



राजधानी में बुधवार को हुई भारत-बांग्लादेश के विदेश मंत्रियों की बैठक का निचोड़

# ढाका की नई सरकार के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने, संबंधों को बढ़ाने का इच्छुक भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वर्ष 2024 में बांग्लादेश की सरकार के खिलाफ हुए छात्रों के उग्र विरोध-प्रदर्शन के बाद से भारत के साथ संबंधों में पड़ी दरार के एक बार फिर से भरने के संकेत मिलने लगे हैं। इस तथ्य की पुष्टि बुधवार को राजधानी में भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ.खलीलुर रहमान के बीच हुई पहली द्विपक्षीय बैठक से हुई है। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं के अलावा आपसी हितों से संबंधित क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी विस्तार से चर्चा की गई है। बैठक में बांग्लादेश के विदेश मंत्री के साथ ढाका में हालिया समय में गठित की गई बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की नई सरकार के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के विदेश मामलों के सलाहकार हुमायूं कबीर भी शामिल हुए। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।



### रचनात्मकता के साथ आगे बढ़ें संबंध

मंत्रालय के मुताबिक, बांग्लादेश के विदेश मंत्री से बातचीत में डॉ.जयशंकर ने ढाका की नई सरकार के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने के अपने देश के पक्ष को दोहराते हुए भविष्य में द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने पर भी जोर दिया है। दोनों पक्षों ने उचित आपसी तंत्र की मदद से साझेदारी को पहले के मुकाबले और ज्यादा गहराई प्रदान करने के लिए प्रासंगिक प्रस्तावों की तलाश करने को लेकर सहमति जताई है। दोनों विदेश मंत्रियों के बीच जल्द ही इस बैठक की अगली कड़ी के रूप में एक और बैठक होगी।

### रहमान ने की भारत की तीन दिवसीय यात्रा

यहां बता दें कि बांग्लादेश के विदेश मंत्री बीते 7 अप्रैल से भारत के तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। जिसके तहत ही विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर के साथ उनकी यह बैठक हुई है। बांग्लादेश की नई सरकार के किसी वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री की यह पहली भारत यात्रा है। जिसका उद्देश्य आगामी समय में प्रधानमंत्री तारिक रहमान द्वारा की जाने वाली नई दिल्ली की संभावित यात्रा का एजेंडा तय करना और द्विपक्षीय संबंधों को संतुलन के साथ जरूरी गति प्रदान करना रहा है। दोनों देशों के संबंध असल मायने में 2024 में हुए छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के बाद मोहम्मद यूनुस की अगुवाई में बनी अंतरिम सरकार के लगभग डेढ़ साल से अधिक के कार्यकाल में गर्त में चले गए थे। इन बैठकों के साथ बांग्लादेश के विदेश मंत्री की भारत यात्रा संपन्न हो गई है। अब वह 9 अप्रैल को मॉरीशस की सरकार और इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित किए जा रहे हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मॉरीशस रवाना हो जाएंगे।

### एनएसए, पेट्रोलियम मंत्री से मिले रहमान

विदेश मंत्री रहमान की डॉ.जयशंकर के अलावा नई दिल्ली में कुछ अन्य बैठकें भी हुई हैं। जिसमें उन्होंने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और केंद्रीय पेट्रोलियम-प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात की है। पेट्रोलियम मंत्री ने एक्स पोस्ट में बताया कि डॉ.रहमान के साथ हुई मुलाकात में हमने ऊर्जा क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की है।

## आज से मॉरीशस और यूएई की चार दिवसीय यात्रा पर रहेंगे जयशंकर

**» यात्रा की शुरुआत मॉरीशस से होगी और इसका समापन यूएई में होगा**

**» अमेरिका-ईरान युद्ध, संघर्षविराम के बाद होगी विदेश मंत्री की पहली यूएई यात्रा**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र में संघर्षविराम के बाद छाई अस्थायी शांति के बीच विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर गुरुवार से मॉरीशस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की चार दिवसीय (9 से 12 अप्रैल तक) यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि जयशंकर के इस दो देशों के दौरे की शुरुआत में यानी 9 से 10 अप्रैल तक वह मॉरीशस में रहेंगे। जहां विदेश मंत्री नौवें हिंद-महासागर सम्मेलन में भाग लेंगे। मॉरीशस के राजनीतिक नेतृत्व के साथ उनकी मुलाकात होगी। जिसमें द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए सभी पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। सम्मेलन में जयशंकर का मुख्य वक्ता के रूप में भाषण भी होगा। जबकि इससे इतर उनकी अन्य भागीदार देशों के विदेश मंत्रियों के साथ कुछ द्विपक्षीय बैठकें भी हो सकती हैं। विदेश मंत्री की यह यात्रा भारत की पूर्व की ओर देखो नीति, महासागर विजन और वैश्विक दक्षिण को दी जाने वाली प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।

**मौजूदा तनाव के बीच यूएई की पहली यात्रा :** मंत्रालय ने कहा कि अपनी यात्रा के दूसरे पड़ाव के रूप में विदेश मंत्री जयशंकर 11 से 12 अप्रैल तक खाड़ी क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण देश यूएई में रहेंगे। जिसमें उनकी यूएई के राजनीतिक नेतृत्व के साथ मुलाकात होगी। इस यात्रा का उद्देश्य अपने निकट सहयोग की समीक्षा ▶▶ शेष पेज 5 पर

चुनाव के लिए प्रचार का शोर अब पूर्ण रूप से थमा

## असम, केरल और पुडुचेरी में '296 सीटों' पर आज मतदान, 4 मई को होगी मतगणना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का शोर अब पूर्ण रूप से थम चुका है। गुरुवार को इन तीनों क्षेत्रों की कुल 296 सीटों पर एक ही चरण में मतदान होने हैं। इसके साथ ही उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी। चुनाव आयोग के अनुसार, असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 सीटों पर वोटिंग कराई जाएगी। असम की बात करें तो यहां कुल 2.5 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.25 करोड़ पुरुष, 1.25 करोड़ महिलाएं और 343 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। खास बात यह है कि 18-19 वर्ष आयु वर्ग के करीब 5.75 लाख युवा पहली बार अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। असम की 126 सीटों के लिए 722 उम्मीदवार मैदान में हैं और यहां बहुमत का आंकड़ा 64 है। राज्य की 15वीं विधानसभा का कार्यकाल 20 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। वहीं, केरल में 140 सीटों के लिए 833 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। यहां मुख्य राजनीतिक दलों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। सरकार बनाने के लिए 71 सीटों का बहुमत जरूरी है। राज्य में कुल 2.71 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.32 करोड़ पुरुष, 1.39 करोड़ महिलाएं और 273 थर्ड जेंडर वोटर्स शामिल हैं। पुडुचेरी में 30 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं, जिनमें से 5 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं।



*असम में मतदान दल*

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट ने अग्निवीर नीति, 2024 को दी मंजूरी

## हरियाणा में पूर्व अग्निवीरों को सरकारी सेवाओं में मिलेगा 20 प्रतिशत आरक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में अग्निवीर नीति, 2024 को स्वीकृति प्रदान की गई। इससे पूर्व अग्निवीरों के पुनर्वास, उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने तथा वर्दीधारी सेवाओं और सुरक्षा से संबंधित पदों में उनके कौशल का सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा। साथ ही उन्हें हरियाणा सरकार के अधीन सेवाओं/पदों, जैसे कि फॉरेस्ट गार्ड (पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग), वार्डर (कारागार विभाग) तथा माइनिंग गार्ड (खान एवं भूविज्ञान विभाग) में वर्तमान 10 प्रतिशत हॉरिजॉन्टल आरक्षण को बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने पूर्व में हरियाणा के अधिवासी पूर्व अग्निवीरों को कुछ ग्रुप 'सी' पदों, जिनमें फॉरेस्ट ▶▶ शेष पेज 5 पर

## पीडीएस सुधारों और उचित मूल्य की दुकानों में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण को मंजूरी दी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए उचित मूल्य की दुकानों के लाइसेंस आवंटन में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान को मंजूरी दी। इससे प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के कामकाज को और अधिक सुदृढ़ तथा सुव्यवस्थित करने में सहयोग मिलेगा। कैबिनेट ने 'हरियाणा लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (लाइसेंसिंग एवं नियंत्रण) संशोधन आदेश, 2026' को अपनी सहमति प्रदान की, जो मौजूदा 'हरियाणा लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (लाइसेंसिंग एवं नियंत्रण) आदेश, 2022' में संशोधन करेगा। ये संशोधन पूरे राज्य में उचित मूल्य की ▶▶ शेष पेज 5 पर

सोशल मीडिया पर भारत के खिलाफ जारी दुष्प्रचार को नई दिल्ली ने किया सिरे से खारिज

## भारत की मदद से इजरायली जेट्स ने चाबहार पोर्ट पर नहीं किया कोई हमला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान के बीच हुए संघर्षविराम को लेकर की गई 'कथित मध्यस्थता' के मामले में दुनियाभर में वाहवाही लूटने में लगा पाकिस्तान भारत के खिलाफ अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। अब उसने अपने सोशल मीडिया प्रोपेगेंडा खातों के जरिए नई दिल्ली के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान की शुरुआत की है। जिसमें यह दावा किया जा रहा है कि पश्चिम-एशिया में युद्ध के बीच हाल ही में इजरायल के लड़ाकू विमानों को ईरान के चाबहार बंदरगाह पर हमला करने के लिए भारतीय वायुसेना के गुजरात स्थित नलिया एयरबेस ने जरूरी सहायता प्रदान की थी। जिसमें इजरायली विमानों में ईंधन भरने से लेकर उन्हें अन्य आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया। भारत ने बुधवार को इस तथ्य को दो टूक अंदाज में सिरे से खारिज कर दिया है। साथ ही कहा कि ऐसा कोई भी दावा पूरी तरह से गलत है। क्योंकि इसका उद्देश्य जानबूझकर भ्रम पैदा करने के साथ ही तनाव भड़काना है। सरकार ने पीआईबी फैक्ट चेक के माध्यम से 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा कर यह जानकारी दी है।




**दुश्मन के जाल में न फंसे:** फैक्ट चेक में केंद्र ने देश के लोगों से भी पड़ोसी दुश्मन देश द्वारा फैलाई जा रही ऐसी किसी भी झूठी और भ्रामक सूचनाओं के जाल में न फंसने की अपील की ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हमेशा शांति का लिया पक्ष

भारत ने हमेशा से ही युद्ध में शामिल सभी पक्षों से बातचीत और कूटनीति के जरिए संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान निकालने पर जोर दिया है। जिसमें उसका यह भी कहना रहा है कि होर्मुज सहित अन्य वैश्विक नौवहन मार्गों पर जहाजों के स्वतंत्र आवागमन को हर हाल में बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। पश्चिम-एशिया क्षेत्र में बड़े तादाद में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा और कल्याण को भारत ने अपनी शीर्ष प्राथमिकता बताया है। बीते वक्त में खाड़ी क्षेत्र में मौजूद नागरिक और ऊर्जा संसाधनों पर किए जा रहे हमलों की भी नई दिल्ली ने सख्त अंदाज में निंदा की है।

# मंगोलपुरी में महिला की हत्या बेड के बॉक्स से मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में एक 35 वर्षीय महिला की हत्या का मामला सामने आया है। महिला का शव पीजी में बेड के बॉक्स से बरामद हुआ। इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के नाम सुरेंद्र उर्फ बॉबी, जोगिंदर और दीपक बताये गये हैं। हत्या से पहले महिला के यौन उत्पीड़न का शक भी जताया जा रहा है। मृतका के गले पर घोंटे जाने व माथे पर चोट का निशान मिला हैं।

पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय महिला मंगोलपुरी की रहने वाली थी। वह शादीशुदा थी। उस पर गला घोंटे जाने के निशान हैं। सात अप्रैल को मंगोलपुरी थाने में पीजी मालिक द्वारा इस घटना की सूचना दी गई थी। पुलिस पत्थर मार्केट स्थित एक इमारत में चल रहे पीजी की तीसरी मंजिल पर पहुंची। पीजी संचालक अमरजीत (31) पुत्र भोला साहू मौके पर मिला। कमरे की तलाशी के दौरान महिला का शव बेड के बॉक्स से बरामद किया गया। गले पर घोंटे जाने के स्पष्ट निशान थे और माथे पर चोट का निशान था। घटनास्थल पर क्राइम और एफएसएल टीमों को भी बुलाया गया और आगे की जांच के लिए साक्ष्य जब्त किए गए। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि महिला के दीपक के साथ प्रेम संबंध थे। सात अप्रैल को महिला पीजी में आई थी और शाम करीब 4:30 बजे उसकी मुलाकात आरोपी दीपक से हुई, जो स्वयं भी शादीशुदा है। दोनों करीब एक घंटे तक एक कमरे में रहे। आरोपी के चले जाने के बाद पीजी मालिक को शक हुआ और उसने पुलिस को सूचना दी। जांच के आधार पर आठ अप्रैल को मंगोलपुरी थाने में भारतीय न्याय संहिता की हत्या सहित संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले में बुधवार को मंगोलपुरी निवासी तीनों आरोपियों सुरेंद्र उर्फ बॉबी, जोगिंदर और दीपक (22) को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि घटना के समय दो अन्य आरोपी सुरेंद्र और जोगिंदर भी पीजी में मौजूद थे, जिससे तीनों व्यक्तियों द्वारा महिला का कथित यौन उत्पीड़न किए जाने की भी आशंका है तथा इस दिशा में भी जांच की जा रही है। मृतका और आरोपी के बीच संबंधों की प्रकृति, किसी भी संभावित विवाद और घटना से संबंधित अन्य परिस्थितियों सहित सभी संभावित कोणों से मामले की जांच की जा रही है।

# परीक्षा में नकल कराने वाले एक संगठित रैकेट का भंडाफोड़

■ द्वारका पुलिस ने 32 छात्र हिरासत में लिये



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

द्वारका जिला पुलिस ने परीक्षा में नकल कराने वाले एक संगठित रैकेट का भंडाफोड़ किया है। आरोपी हर्ष वर्धन और उसके साथियों ने प्रवेश परीक्षाओं में बैठने के लिए उम्मीदवारों का इंतजाम किया था। मौके पर मौजूद 32 छात्रों को हिरासत में लिया गया है, जिन्हें सवालों को हल करने के लिए बुलाया गया था।

डीसीपी कुशल पाल सिंह के अनुसार द्वारका में हैप्पी होम्स नाम की एक इमारत में संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी। इस पर कार्रवाई करते हुए द्वारका सेक्टर-23 थाने के हेड कांस्टेबल शेर सिंह और हेड कांस्टेबल विक्की उक्त जगह पर पहुंचे। मौके पर पहुंचने पर पाया कि कुछ लड़के संदिग्ध परिस्थितियों में वहां मौजूद थे। पूछताछ के दौरान एक व्यक्ति ने अपना नाम हर्ष वर्धन (28) पुत्र शशि भूषण गुप्ता, निवासी नॉर्थ एसके पुरी, पटना, बिहार बताया। उसने बताया कि वह मुंबई के एक प्रतिष्ठित मैनेजमेंट संस्थान की प्रवेश परीक्षाओं में बैठने के लिए उम्मीदवारों का इंतजाम करता था। उसने आगे बताया कि उक्त परीक्षा जयपुर में एक आईटी लैब में आयोजित की जानी थी और वह AnyDesk और Ammy Admin जैसे रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिए उस लैब के कंप्यूटर सिस्टम तक पहुंच बनाता था। उसने आगे बताया कि सात अप्रैल को उम्मीदवारों को उक्त परीक्षा में शामिल होना था और उनके एडमिट कार्ड उसके पास उपलब्ध थे। उसका एक साथी जिसका नाम प्रांजल है, कॉलेज के छात्रों को पेपर सॉल्वर के तौर पर इंतजाम करता था, यह बहाना बनाकर कि उन्हें Byju's और Doubtnut जैसे प्लेटफॉर्म से सवालों को हल करना है और उन्हें प्रति प्रश्न 500 से 1000 का भुगतान किया जाता था। मौके पर मौजूद बाकी लड़के भी इसी तरह के बहाने से ऐसे सवालों को हल करने के लिए बुलाए गए पाए गए थे। मौके से 32 छात्र हिरासत में लिये गये। ये छात्र महाराजा अग्रसेन कॉलेज, डीयू, डीटीयू, जामिया, आईआईटी और एनआईटी व एमआईटी जैसे संस्थानों से संबंध रखते थे।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) ASHOK_LEY AL_4220
REG. NO. HR55AN1099 -YOM- 2022
2) EICHR_VECV 1110HDHHSD
REG. NO. HR55AE8976 -YOM -2018
3) MARUTIS MSU_CARRY
REG. NO. HR38AE9269 -YOM-2023
4) TATA MOTORS TATA_INTRA
REG. NO. DL1LAN2963 -YOM- 2024
5) TATA LPT709FB
REG. NO. DL1LAG5687 -YOM- 2022
6) TATA MOTORS TATLPT1815
REG.NO. UP16KT1443 -YOM-2023
7) TATA MOTORS T_INTRAV20
REG. NO. DL1LAN0180-YOM - NA
8) MAH BOLMAXITRK
REG. NO. UP11AT2345 -YOM-2016
9) TATA MOTORS TATA_INTRA
REG. NO. DL1LAL8803 -YOM-2023
10) TATA MOTORS TATA_INTRA
REG. NO. DL1LAN3879 -YOM - NA
11) ASHOK_LEY 1614_IL
REG. NO. UK07PA5205 -YOM- 2023
12) TATA MOTORS TATA1512
REG. NO. DL1GE1729 -YOM -2022
13) TATA MOTORS TATA_INTRA
REG. NO. DL1LAM1850 -YOM-2023
14) ASHOK_LEY AL4220
REG. NO. HR38AE1553 -YOM-2023
15) MAH BOLERO
REG. NO. UP14RT7507 -YOM 2025

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7,
SECTOR 125,NOIDA-201313
OR CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL–raman.ahuja@kotak.com

# एटीएम धोखाधड़ी गिरोह का सरगना दबोचा

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली।



क्राइम ब्रांच की आईएससी टीम ने एटीएम धोखाधड़ी गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी से दिल्ली भर के 50 से ज्यादा मामलों का खुलासा हुआ है। गिरफ्तारी के साथ ही पांच मामले सुलझे हैं। आरोपी पहले भी सात आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

पुलिस के अनुसार पश्चिम विहार निवासी अवतार सिंह से एक शिकायत मिली थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि 27 सितंबर को पश्चिम विहार मार्केट स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम पर उनके साथ 35 हजार की धोखाधड़ी हुई है। उनका एटीएम कार्ड भी ठगों ने ले लिया। शिकायत के आधार पर पश्चिम विहार ईस्ट थाने में केस दर्ज किया गया। जांच के दौरान दो आरोपियों रोशन कुमार और पिंटू कुमार निवासी नेब सराय, दिल्ली को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। उन्होंने खुलासा किया कि यह धोखाधड़ी का रैकेट उनके सरगना रवि कुमार भारती के इशारे पर चलाया जा रहा था। यह गिरोह मुख्य रूप से बुजुर्ग लोगों को निशाना बनाता था। छतरपुर स्थित राजपुर खुर्द में आरोपी की मौजूदगी के बारे में जानकारी मिली थी। इसके बाद छापा मारकर रवि कुमार भारती (36) निवासी गया, बिहार को गिरफ्तार कर लिया गया।

## 11 साल की बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में सब्जी विक्रेता गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** निहाल विहार इलाके में 11 वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में 25 वर्षीय सब्जी विक्रेता को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम मधुबनी बिहार निवासी धर्मेंद्र बताया गया है। पुलिस के अनुसार, घटना चार अप्रैल की है। थाने में एक व्यक्ति ने अपनी भतीजी के साथ हुई छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि तीन अप्रैल को उनके घर के सामने एक अज्ञात व्यक्ति ने बच्ची के साथ छेड़छाड़ की और मौके से फरार हो गया। इसके बाद पीड़िता का बयान उसके माता-पिता की उपस्थिति में दर्ज किया गया। बाहरी जिले के डीसीपी विक्रम सिंह के अनुसार पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी की पहचान के लिए एक विशेष टीम ने इलाके में लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें आरोपी को लक्ष्मी पार्क के पास देखा गया। छापेमारी कर आरोपी को पकड़ लिया गया।


## दिल्ली देहात मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने किसानों की आवाज उठाने पर यादव का किया धन्यवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली देहात मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव का पगड़ी बांधकर धन्यवाद किया। यह सम्मान यादव द्वारा किसानों की आवाज नेता विपक्ष राहुल गांधी व दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू के समक्ष उठाने के रूप में किया गया है। इस मौके पर राजीव नगर, भलस्वा एवं बादली विधानसभा सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधिमंडल शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल में राजीव यादव, दिलबाग सिंह, रोहताश राणा, रमेश यादव, देवेंद्र डागर, रामपाल यादव, शीशराम प्रधान, दयानंद यादव, लेखचंद रंगा, रामनिवास यादव, संतराम, सुरेंद्र लाकड़ा, प्रेम सिंह, सुरेश तहलान, बृजेंद्र यादव आदि शामिल थे। इस अवसर पर यादव ने प्रतिनिधिमंडल का धन्यवाद करते हुए भरोसा दिया कि कांग्रेस दिल्ली देहात की परेशानियों और समस्याओं को हमेशा मजबूती से उठाती रही है और आगे भी आवाज उठाएगें। यादव ने कहा कि दिल्ली देहात मोर्चा ने देहात के मुद्दों को लेकर गांव-गांव में एक सांझी यात्रा निकालने का प्रस्ताव भी रखा है जिस पर हम सहमत है। जल्द ही इस प्रस्ताव की रूप रेखा बनाई जाएगी और दिल्ली देहात मोर्चा के साथ मिलकर यात्रा का आयोजन हो सकता है। दिल्ली देहात मोर्चा ने यादव द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के ज्वलंत मददे उठाने और विशेष कर गांवों की कृषि भूमि के सर्किल रेट को 53 लाख से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये प्रति एकड़ करने, नए सेक्टर बसाने के साथ-साथ गांव की 36 बिरादरी के लिए नए स्मार्ट विलेज बसाने की मांग को उठाने के लिए भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण गांवों के किसानों के पास जमीन एकमात्र अजीविका का सहारा होता है, और जमीन अधिग्रहण के बाद ग्रामीण लोगों के रोजगार भी खत्म हो जाते हैं।

# पुलिस का 'साई हॉक 4.0' अभियान, 600 से अधिक पकड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी पुलिस ने 'ऑपरेशन साई-हॉक 4.0' के तहत छह और सात अप्रैल को बड़े पैमाने पर चलाए गए साइबर अपराध विरोधी अभियान के दौरान 600 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। आठ हजार से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (आईएफएसओ) रजनीश गुप्ता ने बुधवार को एक प्रैसवार्ता में बताया कि इस अभियान के लिए लगभग पांच हजार कर्मियों को तैनात किया गया था और 499 नई प्राथमिकियां दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई में संगठित डिजिटल ठगी नेटवर्क को निशाना बनाया गया, जिसमें दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में फर्जी सोशल मीडिया विज्ञापनों के माध्यम से एनआरआई पीड़ितों को ठगने वाला गिरोह भी शामिल हैं। एक अन्य मामले में इसी जिले से 'म्यूल बैंक' खाते उपलब्ध कराने में शामिल चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में जिन मामलों पर काम किया गया, वे एनसीआरबी पर दर्ज 3500 से ज्यादा शिकायतों के करीब 520 करोड़ रूपये की ठगी से जुड़े थे।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद सलमान पुत्र मोहम्मद जब्बार निवासी ई–1084, जे.जे. कॉलोनी, बवाना, दिल्ली** ने **FIR No. 248/2018 U/S 356/379/411 IPC, अन्तर्गत थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद सलमान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद सलमान** फरार हो गए है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहे हैं)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 248/2018 U/S 356/379/411 IPC, अन्तर्गत थाना बवाना, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद सलमान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती बेनीवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी– 05, उत्तर
न्यायालय कमरा नंबर 114, पहली मंजिल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
DP/4568/ON/2026(Court Matter)

## दिल्ली विधानसभा सुरक्षा चूकः पुलिस आरोपी के लापता फोन की तलाश कर रही

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पुलिस दिल्ली विधानसभा की सुरक्षा में सेंध लगाने के आरोपी द्वारा अपनाए गए पूरे मार्ग का पता लगाने की योजना बना रही है, ताकि उसकी एसयूवी कार से परिसर घुसने से पहले की गतिविधियों का पुनर्निर्माण किया जा सके। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश में पीलीभीत निवासी सरबजीत सिंह (37) को सोमवार को घटना के कुछ घंटों बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। वह अपने लापता भांजे के मामले में पुलिस अधिकारियों का कथित तौर पर ध्यान आकर्षित करने के लिए विधानसभा के द्वार संख्या दो पर अवरोधक तोड़कर परिसर के अंदर घुस गया था। सूत्रों के अनुसार, जांचकर्ताओं का इरादा सिंह को उन कई स्थानों पर ले जाने का हैं जहां वह राष्ट्रीय राजधानी आने से पहले रुका था, ताकि वारदात से पहले की घटनाओं के विस्तृत क्रम को जोड़ा जा सके। यह कदम एक गहन जांच का हिस्सा है जिसका उद्देश्य उसके दावों को सत्यापित करना और यह स्थापित करना है कि क्या उसे इस उच्च-सुरक्षा क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले कोई सहायता मिली थी या नहीं,या उसने पहले रेकी की थी या नहीं। पुलिस को यह भी पता चला है कि सिंह ने दिल्ली में प्रवेश करते समय अपना एक मोबाइल फोन कथित तौर पर नष्ट कर दिया या फेंक दिया।

# पीतमपुरा में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़,19 अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पीतमपुरा क्षेत्र में पुलिस ने एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर 12 महिलाओं समेत 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये लोगों पर आरोप है कि उन्होंने एक वित्तीय कंपनी के प्रतिनिधि बनकर देश के विभिन्न राज्यों के लोगों के साथ ठगी की है।

पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने बताया कि वे लोगों को लोन और बीमा संबंधी सेवाएं देने का झांसा देते थे और प्रक्रिया संबंधी शुल्क के नाम पर 1500-2000 हजार रुपये डिजिटल माध्यम से वसूलते थे। पैसा मिलने के बाद आरोपी कॉल का जवाब देना बंद कर देते थे और पकड़े जाने से बचने के लिए अपने सिम कार्ड और स्थान बदल देते थे। फर्जी कॉल सेंटर के बारे में विश्वसनीय सूचना मिलने के बाद सात अप्रैल को छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान 19 लोग फोन पर बात करने में लिप्त पाये गये और उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। एक महिला की पहचान टीम लीडर के रूप में हुई है और उसने खुलासा किया कि यह ठगी का सारा काम पीतमपुरा में स्थित एक मैनेजर की देखरेख में चलाया गया था, जिसने उन्हें संभावित लक्ष्यों का डाटा और अन्य विवरण उपलब्ध कराया था। पुलिस ने बताया कि कथित साजिशकर्ता का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने 36 मोबाइल फोन और अन्य समान भी कॉल सेंटर से जब्त किया है।

## रात भर बारिश के बाद तापमान में आई गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में रात भर हुई बारिश और गरज के साथ हुई बौछारों के कारण बुधवार को तापमान में काफी गिरावट आई और वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ। बुधवार की सुबह न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो अप्रैल के शुरुआती दिनों के लिए गर्मी में उल्लेखनीय गिरावट दर्शाता है। सफदरजंग में स्थित शहर के मुख्य मौसम निगरानी केंद्र ने सुबह 8:30 बजे तक, बीते 24 घंटों में 6.4 मिमी बारिश दर्ज की। चार अप्रैल 2023 को 16.3 मिमी बारिश दर्ज की गई थी जिसके बाद इस साल इतनी बारिश दर्ज की गई है। अन्य निगरानी केंद्रों में पालम में 4.4 मिमी, लोधी रोड में 5.6 मिमी और रिज में 3.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। आयानगर में 14.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो सभी निगरानी केंद्र में सबसे अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बुधवार को गरज के साथ बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया था। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से व्यापक बादल छा गए हैं और वर्षा हो रही है।

## निगमायुक्त खिरवार ने सीएसआर पहल के तहत स्वच्छता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के आयुक्त संजीव खिरवार ने बुधवार को सीएसआर पहल के तहत स्वच्छता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहल दक्षिणी जोन में स्वच्छता सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) की सीएसआर पहल के तहत प्रदान किए गए स्वच्छता वाहनों एवं उपकरणों को बेड़े में शामिल किया गया है। जानकारी अनुसार इन वाहनों में एक सीएनजी टिपर, 25 इलेक्ट्रिक रिक्शा, 15 साइकिल रिक्शा तथा 65 व्हीलबरो शामिल हैं, जिन्हें साकेत में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान शामिल किया गया। इस अवसर पर आयुक्त संजीव खिरवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दक्षिणी जोन उपायुक्त राकेश कुमार, आईजीएल के सीएसआर प्रमुख अमित दीक्षित आदि मौजूद थे। अपने संबोधन में खिरवार ने आईजीएल एवं अन्य संगठनों के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया तथा आशा जताई कि ये नए उपकरण क्षेत्र में स्वच्छता को और अधिक मजबूती देंगे। खिरवार ने सभी नागरिकों से स्वच्छता में भागीदार बनकर अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने घर-घर में कचरे के पृथक्करण के महत्व पर विशेष बल दिया। खिरवार ने आरडब्ल्यूए सोसायटियों को ज़ीरो वेस्ट कॉलोनी बनने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन के लिए दिल्ली नगर निगम दिल्ली की अधिक से अधिक सोसाइटी को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करेगी। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सामुदायिक सहभागिता विषय पर नृत्य प्रस्तुति दी गईं। कार्यक्रमों में भाग लेने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया गया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **गोविंदा, पुत्रः सीता राम, निवासीः वेगाबॉन्ड (बेघर), फतेह नगर के पास, गुरुद्वारा जेल रोड, हरि नगर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **FIR No.691/2021 U/S 25/54/59 Arms Act** के तहत एक मामला **थाना हरि नगर, पश्चिमी जिला, नई दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **गोविंदा** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **गोविंदा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा है कि **FIR No.691/2021 U/S 25/54/59 Arms Act, थाना हरि नगर, पश्चिमी जिला, नई दिल्ली** के अभियुक्त **गोविंदा** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **10.05.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, मोक्ष बैंस,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–II (पश्चिम),
कमरा नं. 31, तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली।
DP/4546/WD/2026
(अदालती मामला)

# एमसीडी ने धूल प्रदूषण को कम करने के लिए सतही पार्किंग व्यवस्था में सुधार की योजना बनाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) धूल से होने वाले प्रदूषण को कम करने पर विशेष ध्यान देते हुए सभी 12 जोन में स्थित सतही पार्किंग स्थलों के सुधार की योजना बना रहा है। इस बात की जानकारी बुधवार को अधिकारियों ने दी है। अधिकारियों ने बताया कि पुनर्विकास के लिए लगभग 130 सतही पार्किंग स्थलों की पहचान की गई है। नगर निगम का इंजीनियरिंग विभाग इस काम को अंजाम देगा, जिसमें मुख्य रूप से धूल के फैलाव को रोकने के लिए 'इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक' (पार्किंग में टाइल) बिछाना शामिल होगा। धूलकण का बिखरना एक ऐसा मुद्दा है, जो कम बारिश वाले महीनों में बढ़ जाता है और वायु प्रदूषण के स्तर को खराब करता है। एक अधिकारी ने कहा कि रामलीला मैदान और कीर्ति नगर टिम्बर मार्केट जैसे प्रमुख पार्किंग स्थल उन जगहों में शामिल हैं जिन्हें सूची में शामिल किया गया है। मानसून के दौरान ये खुले भूखंडों पर बने पार्किंग स्थल अक्सर कीचड़युक्त हो जाते हैं और उनमें बहुत धूल जमा हो जाती है जो उपयोगकर्ताओं के लिए असुविधा पैदा करती है। एक यात्री ने कहा, "एक बार मैंने अपनी कार रामलीला मैदान में खड़ी की थी और मेरे जूते बहुत गंदे हो गए। उस दिन मेरी एक महत्वपूर्ण बैठक थी और ऑफिस जाने से पहले मुझे मोची ढूंढने में लगभग डेढ़ घंटे का समय लग गया। एमसीडी ने बुनियादी ढांचे के उन्नयन के अलावा पार्किंग संचालन को सुव्यवस्थित करने के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। कई पार्किंग स्थलों पर अधिक शुल्क वसूलने की शिकायतों के बाद एक अधिकारी ने कहा कि क्षेत्रीय निरीक्षकों को यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं कि पार्किंग शुल्क वसूलने वाले सभी ठेकेदार वर्दी पहनें। अधिकारियों ने बताया कि एमसीडी द्वारा आने वाले महीनों में राष्ट्रीय राजधानी में चार लाख से अधिक स्मार्ट स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि मुख्य रूप से एलईडी आधारित ये लाइट 'दूरस्थ निगरानी प्रणाली' पर केंद्रित हैं। इन स्ट्रीट लाइट को मध्य, दक्षिणी, नजफगढ़ और पश्चिमी क्षेत्रों में लगाया जाएगा।

## दिल्ली हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने 12.9 करोड़ रुपये का गांजा किया जब्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने 12.91 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त किया है जिसके बारे में संदेह है कि वह गांजा है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि अधिकारियों ने 31 मार्च को बैंकॉक से आने वाले एक यात्री को रोका और उसके सामान की एक्स-रे जांच की, जिसमें संदिग्ध सामग्री का संकेत मिला। बयान में कहा गया है कि सामान की जांच करने पर उसमें 13 पॉलीथीन बैग मिले जिनमें हरे रंग का पदार्थ था, जिसके मारिजुआना होने का संदेह है। सीमा शुल्क विभाग के अनुसार, आरोपी से 1.2 किलोग्राम कथित प्रतिबंधित सामग्री बरामद की गई है। जब्त की गई सामग्री का अनुमानित मूल्य 12.91 करोड़ रुपये है। सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि प्रतिबंधित सामग्री और उसके पैकिंग सामग्री को जब्त कर लिया गया है और यात्री को स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी हेतु सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालभाड़ा सेवाएँ, दिल्ली–मंडल, उत्तर रेलवे, के द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी (एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022 के अनुसार, दिल्ली मंडल, हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर भोगल साइड, प्लेटफार्म संख्या 1 के समीप, ओखला एन्ड की तरफ, जिसका क्षेत्रफल 938.14 वर्ग मीटर है (अपलोड किये गए साईट मैप के अनुसार), पाँच (05) वर्ष की अवधि के लिए सभी प्रकार और श्रेणी के वाहनों की पार्किंग, सह प्रबंधन और पार्सल स्टैकिंग के प्रबंधन और संचालन हेतु, आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलिया आमंत्रित करता है। जिसका विवरण इस प्रकार है।

| क्र सं. | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | संसाधन जिनकी नीलामी की जानी |
|---|---|---|
| 1 | 21.04.26 को प्रातः 11:00 बजे | दिल्ली मंडल, हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर भोगल साइड, प्लेटफार्म संख्या 1 के समीप, ओखला एन्ड की तरफ, जिसका क्षेत्रफल 938.14 वर्ग मीटर है (अपलोड किये गए साईट मैप के अनुसार), पाँच (05) वर्ष की अवधि के लिए सभी प्रकार और श्रेणी के वाहनों की पार्किंग, सह प्रबंधन और पार्सल स्टैकिंग के प्रबंधन और संचालन हेतु, आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलिया आमंत्रित करता है। |

**महत्वपूर्ण सूचनाः 4** ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https:/www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **5 धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 10% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। **6** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन अनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने और/या स्थितियों के आधार पर संशोधित/अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों को बंद करने/जारी रखने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1160/26

# एलजी और सीएम ने वासुदेव घाट व यमुना बाजार घाट का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में यमुना और वायु प्रदूषण के समाधान पर मिशन मोड पर काम चलाया जाए। यह समझौता न करने वाली प्राथमिकता है। यह बात बुधवार को दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ यमुना के घाटों का निरीक्षण करने के दौरान कही। इस दौरान उपराज्यपाल संधू ने बताया कि यह निरीक्षण पिछले एक महीने के दौरान नागरिकों के साथ हुए औचक संवाद का परिणाम है। दिल्लीवासियों ने यमुना प्रदूषण, वायु प्रदूषण, मानसून में बाढ़ और गर्मियों में जल संकट जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया था। उपराज्यपाल ने कहा कि हमारा शासन जन-केंद्रित है। नागरिकों के फीडबैक के आधार पर ही हम पल्ला से कालिंदी कुंज तक के संपूर्ण बाढ़ क्षेत्र के समयबद्ध पुनर्जीवन की दिशा में बढ़ रहे हैं। निरीक्षण के बाद उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, दिल्ली जल बोर्ड, डीपीसीसी और एमसीडी सहित सभी संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों को एक विस्तृत प्रस्तुति तैयार करने को कहा गया है, जिसमें स्पष्ट लक्ष्य और उनके कार्यान्वयन की समय-सीमा तय होगी। उपराज्यपाल ने कहा कि यमुना पुनर्जीवन अब प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सरकार अब इन परियोजनाओं में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ सक्रिय सहयोग करेगी ताकि वैश्विक स्तर के नवाचारों और सफल मॉडलों को दिल्ली में लागू किया जा सके।




## मुख्यमंत्री ने जीएसटी दफ्तर में किया औचक निरीक्षण, अनुपस्थित मिले कई अधिकारी

# कर्मचारी हो या अधिकारी सब पर लागू होगा अनुशासनः रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को आईटीओ स्थित स्टेट जीएसटी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। वहां कई बड़े-छोटे अधिकारी अनुपस्थित मिले। मुख्यमंत्री ने सभी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार लापरवाही और अकर्मण्यता को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उनके निरीक्षण का उद्देश्य केवल व्यवस्थाओं की समीक्षा नहीं, बल्कि सरकारी कामकाज में जवाबदेही और अनुशासन सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने कई वरिष्ठ अधिकारियों तक को तय समय पर अपनी सीटों से अनुपस्थित पाया, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुशासन केवल निचले कर्मचारियों के लिए नहीं, बल्कि कमिश्नर और स्पेशल कमिश्नर स्तर तक हर अधिकारी पर समान रूप से लागू होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बायोमेट्रिक हाजिरी आवश्यक है और सभी विभाग सुनिश्चित करें कि बायोमेट्रिक सिस्टम का गंभीरता से पालन हो। मुख्यमंत्री ने मौके पर निर्देश जारी किए कि जो भी स्टाफ अनुपस्थित है, उन्हें तुरंत कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों की उपस्थिति का अपडेट मांगा और बायोमेट्रिक आधार पर पिछले एक महीने का रिकॉर्ड तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ताकि जिम्मेदारी तय की जा सके। मुख्यमंत्री ने करदाताओं और आम नागरिकों से सीधे संवाद कर फीडबैक भी लिया। इस दौरान सेवाओं में देरी और अधिकारियों की अनुपलब्धता की शिकायतें सामने आईं। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए दो टूक कहा कि जनसेवा में देरी या लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी और इसके लिए सीधे जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### सीएम ने बुनियादी ढांचे और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सख्त रुख अपनाया

कार्यालय परिसर के निरीक्षण में मुख्यमंत्री ने बुनियादी ढांचे और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी सख्त रुख अपनाया। उन्होंने परिसर में पड़ी अनुपयोगी सामग्री और स्क्रैप को तुरंत हटाने के निर्देश दिए ताकि कार्यस्थल का माहौल बेहतर हो सके। फायर सेफ्टी उपकरणों की स्थिति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने नियमित ऑडिट और मेंटेनेंस रिपोर्ट अनिवार्य करने के निर्देश भी दिए।

### जन-शिकायत निवारण व्यवस्था पर भी सीएम ने जारी किए सख्त निर्देश

जन-शिकायत निवारण व्यवस्था पर भी मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की बैठकों के कारण नागरिकों के काम लंबित रहना अस्वीकार्य है। सभी लंबित मामलों की साप्ताहिक समीक्षा की जाए, शिकायत निवारण प्रक्रिया को सरल और तेज बनाया जाए तथा सेवाओं में किसी भी प्रकार की देरी के लिए संबंधित अधिकारी की स्पष्ट जवाबदेही तय की जाए।

# लोकतांत्रिक भागीदारी का समन्वय ही भारत के भविष्य की कुंजी : विजेंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने भारती कॉलेज के विद्यार्थियों से किया संवाद

शिक्षा और लोकतांत्रिक भागीदारी का समन्वय ही भारत के भविष्य की कुंजी है। शिक्षा का उद्देश्य जागरूकता पैदा करना होना चाहिए और जागरूकता से सक्रिय भागीदारी का मार्ग प्रशस्त होना चाहिए। यह बातें बुधवार को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा भ्रमण करने आए दिल्ली विश्वविद्यालय के भारती कॉलेज के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कही।

अध्यक्ष विजेंद्र ने कहा कि शिक्षा और सार्वजनिक जीवन के बीच सेतु स्थापित करना समय की आवश्यकता है तथा विधान सभा जैसे संस्थानों को सीखने, संवाद और सहभागिता के खुले मंच के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को विधानसभा का भ्रमण कराया गया, जिसमें उन्हें सदन के इतिहास, विकास और भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में उसकी भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत वीर विठ्ठलभाई पटेल के जीवन एवं योगदान पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिससे विद्यार्थियों को भारत की संसदीय परंपरा में उनके योगदान की गहन समझ प्राप्त हुई। इसके साथ ही 'विठ्ठलभाई पटेलः शताब्दी यात्रा' शीर्षक से कॉफी टेबल बुक भी कॉलेज को भेंट की गई, जो उनकी विरासत के सौ वर्षों को चिह्नित करती है। विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए उनके प्रश्नों का उत्तर दिया और उन्हें लोकतांत्रिक संस्थाओं एवं प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक एवं सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

## रविन्द्र सिंह खुराना टीम कालका का बनें हिस्सा

नई दिल्ली। दिल्ली की सिख राजनीति में अकाली दल बादल को एक और बड़ा झटका उस समय लगा जब पार्टी के वरिष्ठ नेता रविन्द्र सिंह खुराना ने गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका का दामन पकड़ लिया। शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट में शामिल होते ही कालका ने खुराना को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए पार्टी का संरक्षक बनाने की घोषणा कर दी। इस अवसर पर कालका व खुराना के अलावा कमेटी के महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों सहित अन्य मौजूद थे। कालका ने कहा कि खुराना न केवल सिख राजनीति में वरिष्ठ हैं बल्कि इन्होंने गुरुद्वारा कमेटी में बतौर महासचिव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और संयुक्त सचिव जैसे अहम पदों पर समाज की सेवा की है। इतना ही नहीं खुराना ने गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज एवं गुरु नानक देव कॉलेज देव नगर में बतौर चेयरमैन भी अपना सेवाएं दी हैं, इसलिए निश्चित तौर पर उनके आने से पार्टी को काफी मजबूती मिली है। वहीं अपने धन्यवाद संबोधन में रविंद्र सिंह खुराना ने कहा कि दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी में सरदार हरमीत सिंह कालका और सरदार जगदीप सिंह काहलो और उनकी टीम के द्वारा की जा रही संगत की सेवाओं से प्रभावित होकर आया हुं।

# गैस सिलेंडर के लिए सरकार ने बढ़ाई दैनिक उपलब्धता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ 5 किलो वाले सिलेंडरों के लिए दिल्ली में लगेंगे विशेष कैंप : दिल्ली सरकार

दिल्ली सरकार ने प्रवासी मजदूरों को रसोई गैस की बेहतर सुविधा देने के लिए एक विशेष पहल शुरू करते हुए 5 किलो के फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडरों की उपलब्धता बढ़ा दी है ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद मजदूरों तक गैस की पहुंच सुनिश्चित की जा सके। भारत सरकार द्वारा प्रवासी मजदूर श्रेणी के तहत 5 किलो एफटीएल सिलेंडरों के आवंटन में 100 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दी गई है। इसके बाद दिल्ली सरकार ने 7 अप्रैल 2026 के आवंटन आदेश के अनुसार इन सिलेंडरों की दैनिक उपलब्धता को 684 से बढ़ाकर 1 हजार 368 कर दिया है।

इस फैसले से दिल्ली में प्रवासी मजदूरों को गैस सिलेंडर अधिक आसानी से और समान रूप से उपलब्ध हो सकेंगे। इस बढ़े हुए आवंटन का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए गए हैं कि वे उन इलाकों में विशेष कैंप लगाएं, जहां प्रवासी मजदूरों की संख्या अधिक है। जिन मजदूरों को गैस सिलेंडर प्राप्त करने में दिक्कत हो रही है, वे अपने क्षेत्र में कैंप लगवाने के लिए संबंधित डीएम कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### लाभार्थियों को पहचान के लिए दिखाना होगा आधार कार्ड

ये विशेष कैंप तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) और उनके अधिकृत एलपीजी वितरकों के साथ मिलकर आयोजित किए जाएंगे, ताकि मजदूरों को सुविधा के साथ 5 किलो एफटीएल सिलेंडर उपलब्ध हो सके। सिलेंडर प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों को भुगतान करना होगा और पहचान के लिए आधार कार्ड प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा, जिला प्रवर्तन टीमें इस पूरी प्रक्रिया में मांग का आकलन करने और वितरण की निगरानी करने का काम करेंगी, जिससे व्यवस्था पारदर्शी, व्यवस्थित और प्रभावी बनी रहे। दिल्ली सरकार की यह पहल अंतिम छोर तक सेवा पहुंचाने की व्यवस्था को मजबूत करने, गैस की उपलब्धता बढ़ाने और प्रवासी मजदूरों को समय पर आवश्यक रसोई ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# भाजपा ने तीन माह पहले ही स्थायी समिति को किया भंग : आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी ने एमसीडी की स्थायी समिति को कार्यकाल पूरा होने से पहले ही भंग करने का आरोप भाजपा पर लगाया है। एमसीडी में सह प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि भाजपा ने एमसीडी में करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार करने के लिए 3 माह पहले ही स्थायी समिति को भंग कर दिया है। 12 जून को समिति का कार्यकाल समाप्त हो रहा था, लेकिन भाजपा ने एक प्रस्ताव लाकर इसके कार्यकाल को 31 मार्च तक सीमित कर दिया। जबकि कुछ साल पहले भाजपा सरकार ने ही स्थायी समिति का कार्यकाल एक साल किया था और नियम बनाया था कि एक साल पहले या नई समिति के बनने से पहले इसे भंग नहीं किया जा सकता। बुधवार को एमसीडी सह-प्रभारी प्रीति डोगरा के साथ प्रेसवार्ता कर प्रवीण कुमार ने कहा कि एमसीडी में स्थायी समिति एक बहुत महत्वपूर्ण समिति होती है और इसकी शक्तियां सबसे ज्यादा होती हैं। काम कराने, बजट पास कराने और बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स की सारी जिम्मेदारी स्टैंडिंग कमेटी की ही होती है। लेकिन यह बहुत दुख की बात है कि भाजपा ने आनन-फानन में एक प्रस्ताव लाकर स्टैंडिंग कमेटी का कार्यकाल सीमित कर दिया है।

### स्थायी समिति के कार्यकाल को लेकर लगाए गए आरोप निराधार और भ्रामकः महापौर

नई दिल्ली। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने बुधवार को आम आदमी पार्टी द्वारा स्थायी समिति के कार्यकाल के संबंध में लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें पूरी तरह निराधार और भ्रामक बताया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी, जिसने दिल्ली नगर निगम की सत्ता में रहते हुए स्थायी समिति का गठन तक नहीं किया था, आज जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। महापौर ने कहा कि आम आदमी पार्टी के शासनकाल में स्थायी समिति का गठन न होने के कारण अनेक महत्वपूर्ण विकास कार्य बाधित हुए और निगम के कार्य प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि अब वही पार्टी स्थायी समिति के भंग होने की अफवाह फैलाकर जनता में भ्रम पैदा कर रही है, जो पूरी तरह तथ्यहीन है।महापौर ने स्पष्ट किया कि दिल्ली नगर निगम अधिनियम की धारा 45(3) के अनुसार एक वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर स्थायी समिति के 50 प्रतिशत सदस्य पद से निवृत्त हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि स्थायी समिति में कुल 18 सदस्य होते हैं, जिनमें से प्रत्येक वर्ष 9 सदस्य नियमानुसार पद से निवृत्त होते हैं।

## निगम में सफाई कर्मचारियों को ठेके पर भर्ती करने की कार्यवाही का दिल्ली कांग्रेस ने किया विरोध

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि भाजपा द्वारा दिल्ली नगर निगम में अनुबंध पर सफाई कर्मचारियों को रखने का जो फैसला किया है उसका हम पुरजोर विरोध करते है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अस्थाई रूप से काम कर रहे सफाई कर्मचारियों और सीधी नई भर्ती न करने की बजाए कांट्रैक्ट के आधार पर भर्ती का रास्ता खोलकर अपना दलित विरोधी, गरीब विरोधी चेहरा उजागर कर दिया है। ऐसे में कांग्रेस उन सफाई कर्मचारी संगठनों के साथ खड़े है जो ठेका भर्ती का विरोध कर रहे है। उन्होंने कहा कि अस्थाई रूप से काम कर रहे सफाई कर्मचारियों और सीधी नई भर्ती नहीं करके सभी 12 जोनों में 50-50 कर्मचारियों की अनुबंध के आधार भर्ती का रास्ता खोल दिया है। जबकि इसी भाजपा ने निगम चुनाव 2022 से पहले सभी 12 जोनों में 16349 अस्थाई कर्मचारियों को पक्का करने का वादा किया था। लेकिन आम आदमी पार्टी से निगम की सत्ता हथियाने के बाद पिछले एक वर्ष में भाजपा ने एक भी सफाई कर्मचारी को पक्का नहीं किया है। अब अस्थाई कर्मचारियों को पक्का करने की बजाय हर जोन में 50-50 सफाई कर्मचारी ठेके पर भर्ती करेंगे। पिछले 12 वर्षों में दिल्ली नगर निगम में सफाई कर्मचारियों की सीधी भर्ती नहीं हुई है।

# दिल्ली के 'सीएम श्री' स्कूलों में 13 अप्रैल से शुरू होंगे दाखिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दिल्ली के 'सीएम श्री' स्कूलों में कक्षा छह और नौ के लिए प्रवेश प्रक्रिया 13 अप्रैल से और कक्षा 11 के लिए सात मई से शुरू होगी।

दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने यह जानकारी दी। निदेशालय द्वारा जारी एक सार्वजनिक नोटिस में बताया गया कि प्रवेश परीक्षाओं के लिए बुधवार को एडमिट कार्ड वितरित कर दिए गए। कक्षा छह और नौ के लिए प्रवेश परीक्षाएं मार्च के अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाएंगी और इसके परिणाम 30 अप्रैल को घोषित किए जाएंगे। वहीं, 11वीं की परीक्षा मई में होगी और इसके परिणाम 25 मई को जारी किए जाएंगे। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में दिल्ली के किसी मान्यता प्राप्त स्कूल में पढ़ाई करने वाले केवल दिल्ली निवासी छात्र ही आवेदन करने के पात्र होंगे।

दिल्ली के सरकारी स्कूलों से पांचवीं, आठवीं और 10वीं उत्तीर्ण करने वाले छात्रों के लिए 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित रहेंगी। शेष सीटें अन्य पात्र आवेदकों के लिए उपलब्ध होंगी, ताकि सभी योग्य छात्रों को अवसर मिल सके। प्रवेश परीक्षा वस्तुनिष्ठ होगी।

कक्षा 6 का प्रश्न पत्र द्विभाषी होगा, जबकि कक्षा 9 और 11 का प्रश्न पत्र अंग्रेजी में होगा। परीक्षा में नकारात्मक अंकन भी लागू किया जाएगा। इसके अलावा, विभाग की वेबसाइट पर कक्षावार पाठ्यक्रम का विवरण और वस्तुनिष्ठ का नमूना उपलब्ध कराया गया है, ताकि छात्र परीक्षा की तैयारी कर सकें और परीक्षा पैटर्न समझ सकें।

## बंद पड़ी है दर्जनों खंभों पर लगी लाइटें

# शाम होते ही घुप्प अंधेरे में डूब जाता है बुराड़ी पुस्ता हो चुकी है कई गंभीर दुर्घटनाएं

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली स्थित बुराड़ी गांव का पुस्ता शाम होते ही घुप्प अंधेरे में डूब जाता है। इस पुस्ते के एक तरफ बुराड़ी गांव, प्रधान इंकलेव, ईस्ट संत नगर, दूसरी तरफ जगतपुर का कुछ हिस्सा व अन्य कॉलोनी स्थित है। वहीं प्रधान इंकलेव से लेकर आगे पुस्ते के दोनों तरफ बुराड़ी गांव के खेत जिसके चलते यह पूरा रास्ता अंधकार में डूबा रहता है। ऐसा नहीं है कि पुस्ते पर बिजली के खंबे या लाइट न हो। खंबे भी है और उसमें लाइटें भी लगी है, लेकिन लंबे अरसे से दर्जनों खंभों पर लगी लाइटें बंद पड़ी है। इस पुस्ते से रोजाना हजारों छोटे बड़े वाहन गुजरते है जो बुराड़ी होते हुए बख्तावरपुर, नरेला, सिंधु व सोनीपत आवागमन करते है।

ऐसे में शाम होते ही घुप्प अंधेरा होने के चलते अकसर वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते है, जिसमें कई बार लोगों को अपनी जान से भी हाथ धोना पड़ता है। इसके अलावा रात के समय अंधेरा होने का फायदा असामाजिक तत्व जमकर उठाते है। लोगों से छीना छपटी करना व गुजरने वाली महिलाओं से छेड़छाड़ करना आम बात है। अंधेरे में पुस्ते की दीवार पर जगह जगह खुलेआम जाम छलकाती महफिल पुलिस व्यवस्था का मजाक बनाती देखी जा सकती है। कई बार अंधेरे का फायदा उठाकर यहां हत्या जैसे व कई बार लाश फैंकने की घटनाएं होने के बाद भी शासन प्रशासन की आंखे बंद है। ऐसा नहीं है कि स्थानीय लोगों ने आप पार्टी के विधायक संजीव झा से इस बारे में कभी शिकायत नहीं कि, लेकिन लोगों का कहना है कि कोई सुनवाई नहीं हुई। लोगों का यहां तक कहना है कि पहले दो बार यहां बिजली की केबल भी बदली गई लेकिन चंद दिनों बाद ही फिर अंधेरा कायम हो गया। अब तो महीनों हो गए हे पुस्ता रोड़ को अंधेरे में डूबे हुए। स्थानीय विधायक के स्थानीय प्रतिनिधि भी प्रधान इंकलेव में ही रहते है, आरडब्लूए में पदाधिकारी भी है। आए दिन उनके सामने यह मुद्दा उठता भी है, लेकिन समस्या का हल क्यों नहीं हो रहा यह किसी की समझ में नहीं आ रहा। शायद शासन प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधियों को पुस्ता रोड पर किसी बड़े हादसे का इंतजार है।



# भाजपा ने दिल्लीवालों को पानी के लिए तरसायाः सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने हरियाणा से दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी लेने की कवायद कर रही भाजपा पर तीखा हम बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा और उनकी केंद्र सरकार ने आम आदमी पार्टी से दिल्ली की सत्ता छीनने के लिए अनेकों साजिशें रची थी, उनमें एक बड़ी साजिश दिल्ली की जनता को गर्मियों में पानी के लिए तरसाना और तड़पाना भी था। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा ने सिर्फ दिल्ली की सत्ता पर काबिज होने के लिए अरविंद केजरीवाल की सरकार को हिमाचल से पानी नहीं खरीदने दिया। जब भी अरविंद केजरीवाल की सरकार ने हिमाचल से पानी लेना चाहा, तो हर बार भाजपा की हरियाणा सरकार ने अड़चनें पैदा की। चूंकि अब दिल्ली में भाजपा की सरकार है तो वही भाजपा की हरियाणा सरकार दिल्ली को पानी देने के लिए तैयार है। सौरभ ने कहा कि भाजपा और उसकी केंद्र सरकार इतिहास में सबसे खराब और जनविरोधी संगठन के रूप में जानी जाएगी। वर्षों तक, जब अरविंद केजरीवाल की दिल्ली सरकार हिमाचल प्रदेश से पानी खरीदना चाहती थी, तब भाजपा की हरियाणा और केंद्र सरकार ने हर बार पानी खरीदने अड़चनें पैदा की। हिमाचल-दिल्ली समझौता ज्ञापन के बावजूद, भाजपा ने दिल्ली के लोगों को जानबूझ कर पानी के लिए तड़पाया और उन्हें तड़पता देख कर जश्न मनाया।

## मांगों की अनदेखी व शहीदों को सम्मान न देने का कर्मचारियों ने लगाया आरोप

# शहीदों के सम्मान में मांगों का समाधान न करने पर, फायर एवं पालिका कर्मचारी विफरे, प्रदेश भर में झाड़ू प्रदर्शनों का दौर शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

फायर कर्मी भवी चंद शर्मा व रणवीर को शहीद का दर्जा दिलवाने आश्रितों को एक-एक करोड़ रूपये आर्थिक सहायता राशि व सरकारी नौकरी देने तथा 22 सूत्रीय मांगों का समाधान करवाने के लिए हरियाणा फायर कर्मचारी यूनियन ने आज से दो दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी है। फायर ब्रिगेड कर्मियों के समर्थन में हाथों में झाड़ू लेकर प्रदर्शन करते हुए नगर निगम कार्यालय से फायर स्टेशन पहुंचे सैकड़ों निगम कर्मचारी जिला उपायुक्त की प्रतिनिधि बडख़ल की तहसीलदार नेहा साहरण को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि फायर कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा 11 अप्रैल को कर्मचारी भवन रोहतक में राज्यस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर राज्य कन्वेंशन में पालिकाओं, परिषदों और नगर निगमों के 50 हजार कर्मचारियों की हड़ताल करने का ले सकता हैं फैसला। यह चेतावनी सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री जो शहरी स्थानीय निकाय विभाग



एवं आबकारी कराधान विभाग के मंत्री हैं और उनके अधीन स्थानीय निकाय एवं फायर विभाग आता है, नगरपालिका कर्मचारी संघ ने उनको दर्जनों पत्र लिखकर एवं मुलाकात कर पालिका कर्मचारियों एवं फायर कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने की बार-बार अपील की है, लेकिन कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा अनसुना कर रहे हैं। मंत्री के इस रवैया से कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द फायर कर्मचारियों सहित पालिका, परिषद, नगर निगमों के कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया गया तो प्रदेश में बड़ा कर्मचारी आंदोलन शुरू हो जाएगा।

गौरतलब है कि 16 फरवरी को कालकाजी स्टील कंपनी में भयानक आग लगी थी और आग बाहर रखे केमिकल के ड्रामों तक पहुंच गई और भारी विस्फोट हुआ अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की सूझ-बूझ और कार्य कर्मठता के कारण आग पर काबू तो पा लिया लेकिन इस आग और विस्फोट में 35 लोग घायल हो गए घायल लोगों में से उपचार के दौरान 6 लोगों की मौत हो गई। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा दुर्घटना के समय से ही घायलों का इलाज करवाने उनको 10-10 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग उठा रहा था लेकिन सरकार ने घायलों के प्रति कोई हमदर्दी नहीं दिखाई उपचार के दौरान फायर विभाग के भवी शर्मा व रणवीर सिंह को शहीद का दर्जा देने एक करोड़ रूपया आर्थिक सहायता राशि व परिवार की एक सदस्य को नियमित नौकरी देने की मांग उठाता रहा है, लेकिन सरकार कर्मचारियों की मांग को अन देखा अनसुना कर रही है। इसलिए मजबूर होकर फायर के कर्मचारियों ने आज 8 अप्रैल से हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल पूर्ण रूप से सफल रही और कल 9 अप्रैल को भी जारी रहेगी।

हडताली कर्मचारियों ने फायर स्टेशन पर विशाल आक्रोश सभा आयोजित की सभा की अध्यक्षता हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के नेता मेघश्याम व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर ने संयुक्त रूप से की। सभा का संचालन नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव अनिल चांडाल ने किया।

## खबर संक्षेप

### चावल बने टेंट व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष



**गाजियाबाद।** उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री अशोक चावल छटी बार उत्तर प्रदेश टेंट व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए हैं। सर्वसम्मति से चुने गए। यानी उनके खिलाफ एक भी व्यापारी नहीं खड़ा हो सका। वर्तमान काल में उनका सर्वसम्मति से चुनाव होने उनके चरित्र को दर्शाता है। यह उनके लिए बड़ी उपलब्धि है। गिरीश मित्तल की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ।

### 18 बीघे में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी



**गाजियाबाद।** जीडीए ने बुधवार को भीखनपुर गांव में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया और वहां पर 18 बीघा में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में श्रीमती हेमलता पत एवं योगेश शर्मा, दिनेश शर्मा आदि द्वारा खसरा सं0-475 राजस्व ग्राम भिक्कनपुर में अवैध रूप से प्लॉटिंग कर विकास कार्य करते हुये कालोनी काटी जा रही है।

### डॉग कैचिंग वैन का किया शुभारंभ



**गाजियाबाद।** नगर निगम लगातार श्वान बाध्यकरण के अभियान को गति देने का कार्य कर रहा है, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की योजनाओं को सफलता मिल रही है । जिसके क्रम में प्रत्येक जोन में डॉग कैचिंग वैन की व्यवस्था कराई गई है। निगम मुख्यालय में एक ओर डॉग कैचिंग वैन का शुभारंभ किया।

## पुराने बोर्ड हटाकर नए बोर्ड लगवाने की मांग

# मेयर ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण अवंती बाई लोधी चौक की समस्याओं का होगा

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

फरीदाबाद की मेयर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी ने अपने निरीक्षण के दौरान कई वार्डों का दौरा किया। जिसमें वह सबसे पहले बडख़ल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दो-तीन नंबर चौक पर स्थित अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी चौक स्थित पार्क में पहुंची। और वह पार्क का निरीक्षण किया।

इस मौके पर पार्क की केयरटेकर संस्था लोधी राजपूत जनकल्याण समिति के पदाधिकारियों ने मेयर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी का बुक्के देकर स्वागत किया। इस दौरान पार्क में समस्याओं को लेकर लोधी राजपूत जनकल्याण समिति के संस्थापक महासचिव लाखन सिंह लोधी, रूप सिंह लोधी व सदस्यों ने मेयर जोशी के सामने समस्याएं रखी ओर बताया की यहां पर लगाए गए अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी चौक के बोर्ड पुराने और खराब हो चुके है। इन



बोर्ड को हटवाकर स्टील के नए बोर्ड लगवाने के अलावा उनका स्थान ऐसी जगह लगाने की मांग की है।

जहां से आने जाने वाले लोगों को अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी चौक के बोर्ड साफ -साफ दिखाई दे ताकि सभी को यह पता चल सके की। इस चौक का नाम दो तीन का चौक नहीं बल्कि अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी चौक है। वहीं मेयर साहिब को आगे समस्याओं को बताते हुए उन्होंने कहा कि इस चौक पर न तो लाइट है और जिसके कारण आसाजिक तत्व अंधेरे का फायदा उठाकर यह शराब पीते है और पार्क में लोहे का सामान आदि भी चोरी करते हैं जिसके लिए लाइट लगवाने की मांग की गई।

वहीं उन्होंने कहा की पार्क के चारों तरफ बारिश के कारण जलभराव हो जाता है, इस जल भराव की निकासी की सुविधा की जाए। वहीं लंबे समय से अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी जी की प्रतिमा का अनावरण लंबे लंबित पड़ा है। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी से समय दिलवाया जाए। इसके अलावा पार्क में नगर निगम द्वारा पेड़ों की छटाई के अलावा साफ सुथरा रखने एवं सुरक्षा व्यवस्था की मांग भी की गई। वहीं मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा की आज वह यहां पहली बार जरूर पहुंची है लेकिन यहां की समस्याओं के बारे में उन्हें पता है और जो भी यहां मूलभूत समस्याएं है।

उन्हें जल्द पूरा किया जायेगा और अमर शहीद महारानी वीरांगना अवंतीबाई लोधी जी की मूर्ति के अनावरण के लिए भी सीएम नायब सिंह सैनी जी से वह निजी तौर पर बात कर समय दिलवाएगी। साथ ही सभी समस्याओं को जल्द से जल्द निराकरण करवाया जाएगा। इसके बाद वह 60 फुट रोड़ पर भी पहुंची और विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया।

इस मौके पर लाखन सिंह लोधी, रूपसिंह लोधी, धर्मपाल सिंह लोधी, शीशपाल शास्त्री, राजेश शर्मा, लक्ष्मेन्द्र सिंह लोधी, बलराम लोधी, ओमकार सिंह राजपूत, जागेश्वर राजपूत, रामगोपाल लोधी सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे।

## भीख मांगने वाले 24 बच्चों को किया गया

# ऑपरेशन स्माइलः एक सप्ताह में 17 बच्चे व 17 वयस्क ट्रेस किए



हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

हरियाणा पुलिस द्वारा गुमशुदा बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों की तलाश तथा बच्चों के पुनर्वास के उद्देश्य से 1 से 30 अप्रैल 2026 तक ऑपरेशन स्माइल के नाम से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत फरीदाबाद पुलिस द्वारा भी सक्रिय व सराहनीय भूमिका निभाई जा रही है। फरीदाबाद पुलिस ने एक सप्ताह में 34 गुमशुदा को तलाश कर परिजनों से मिलाया है तथा भीख मांगने वाले 24 बच्चों को रेस्क्यू किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा ऑपरेशन स्माइल के अंतर्गत थाना स्तर पर कार्रवाई की जारी है। अभियान के दौरान 1 से 7 अप्रैल तक फरीदाबाद पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए 17 गुमशुदा बच्चों व 17 वयस्क को तलाश कर उनके परिजनों से मिलवाया है। इसके साथ ही भीख मांगने वाले 24 बच्चों को रेस्क्यू कर उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत उनके पुनर्वास की प्रक्रिया सुनिश्चित की गई है। इस अभियान के दौरान फरीदाबाद पुलिस की किडनैपिंग एबडक्शन टीम द्वारा सक्रिय भूमिका निभाई गई है। टीम ने 3 बच्चों व 3 वयस्क को तलाश किया है तथा भीख मांगने वाले 24 बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के सम्मुख पेश किया है, इसके साथ ही थाना सूरजकुंड क्षेत्र स्थित एक शेल्टर, चिल्ड्रन होम का टीम द्वारा दौरा किया गया है। फरीदाबाद पुलिस द्वारा ऑपरेशन स्माइल के तहत लगातार अभियान चलाकर गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश व बच्चों के बेहतर भविष्य के लिये प्रयास जारी रहेगा।

## पहले मजाक मजाक में बहस हो गई, फिर विवाद बढ़ा

# एयर गन से हवा भरकर सहकर्मी की हत्या करने का आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏩ गुरुग्राम

खेडक़ीदौला एरिया में लड़ाई-झगड़े के दौरान एयर गन से हवा भरकर सहकर्मी की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की मजाक के दौरान सहकर्मी से कहासुनी हुई थी। जिसके बाद एयरगन से प्राईवेट पार्ट में सहकर्मी के हवा भर दी। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और कार्रवाई शुरु कर दी। जानकारी अनुसार, यूपी के अलीगढ़ निवासी हरविंद्र (38) गुडग़ांव के सेक्टर-82 स्थित एक वर्कशॉप पर काम करता था। उसी के साथ राजस्थान के डीग निवासी नरेश कुमार (40) भी काम करता था। वर्कशॉप में काम करने के दौरान मंगलवार को नरेश कुमार व हरविंद्र की मजाक-मजाक में किसी बात पर कहासुनी हो गई। जिसके बाद नरेश कुमार ने एयरगन से हरविंद्र के प्राईवेट पार्ट में हवा भर दी। हरविंदर को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम अस्पताल पहुंची। जहां पर पुलिस टीम ने शव का निरीक्षण कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया। पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम व फिंगरप्रिंट टीमों से घटनास्थल का निरीक्षण करवाया गया। वहीं हरविंद्र के भाई की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। खेडक़ीदौला थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी को रामपुरा से काबू कर लिया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी असलम उर्फ जुम्मा, पुत्र** मोहम्मद जरीफ, **पताः** ए-1/432 नंद नगरी, दिल्ली **FIR No. 322/2021, U/S: 25/54/59 A. Act, पुलिस थानाः नन्द नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **असलम उर्फ जुम्मा,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **असलम उर्फ जुम्मा,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **असलम उर्फ जुम्मा, FIR No. 322/2021, U/S: 25/54/59 A. Act, पुलिस थानाः नन्द नगरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.05.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03**
**कमरा नंबर 19, प्रथम तल शाहदरा जिला,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/4363/NE/2026**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सागर कोहाली पुत्र** नंदकिशोर **निवासी** मकान नं. 2155, घाट नं0-29, जमना बाजार, कश्मीरी गेट, दिल्ली, ने **FIR No. 47/2022, U/S 323/341/34 IPC, पुलिस स्टेशन कश्मीरी गेट, उत्तर जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सागर कोहाली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सागर कोहाली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 47/2022, U/S 323/341/34 IPC, पुलिस स्टेशन कश्मीरी गेट, उत्तर जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सागर कोहाली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.06.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री वैभव गर्ग**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-11,**
**केंद्रीय जिला कोर्ट नं0-138, प्रथम तल,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/4422/N/2026**
**(Court Matter)**

## मोबाइल, स्मार्ट वॉच एवं इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पर पूर्ण प्रतिबंध

# 26 अप्रैल को जिला फरीदाबाद में 80 केन्द्रों पर 2 शिफ्टों में आयोजित की

## हरियाणा लोक सेवा आयोग की सदस्य डॉ सोनिया की अध्यक्षता में एचसीएस

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद




एचपीएससी सदस्य डॉ सोनिया त्रिखा ने कहा कि फरीदाबाद जिला में आयोजित होने वाली हरियाणा लोक सेवा आयोग की एचसीएस (एक्स बीआर) एण्ड एलाइड सर्विस पार्लियामेंट परीक्षा-2025 के सफल संचालन के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को मुस्तैदी से कार्य करना सुनिश्चित करें। हरियाणा लोक सेवा आयोग की एचसीएस (एक्स बीआर) एण्ड एलाइड सर्विस पार्लियामेंट परीक्षा. 2025 को लेकर आज एचपीएससी सदस्य डॉ सोनिया त्रिखा ने समीक्षा बैठक आयोजित की। उनके साथ उपायुक्त आयुष सिन्हा भी मौजूद रहे। एचपीएससी सदस्य डॉ सोनिया त्रिखा ने बताया कि परीक्षा 26 अप्रैल 2026 को दो सत्रों में होगी। प्रथम सत्र सुबह 10 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय सत्र शाम 3 बजे से 5 बजे तक। निर्धारित समय के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

बैठक में परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए गए कि सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी रखी जाए और बायोमेट्रिक सत्यापन के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की जाए। मोबाइल जैमर के जरिए नेटवर्क नियंत्रित रखने, फ्रिस्किंग और बैगेज प्रबंधन को सख्ती से लागू करने तथा केंद्रों के आसपास भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 163 लागू कर भीड़ एकत्र होने से रोकने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में पार्किंग और अनावश्यक गतिविधियों पर रोक लगाने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश भी दिए गए। डॉ सोनिया त्रिखा ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखना प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की नकल या अनुचित गतिविधि को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील क्षेत्रों और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाए तथा परीक्षा के दौरान लगातार निरीक्षण किया जाए। बैठक में एडीसी अंजलि श्रोत्रिया, जिला परिषद सीईओ शिखा, बडख़ल एसडीएम त्रिलोक चंद, डीसीपी कुंडू, सीटीएम अंकित कुमार, डीपीआरओ मूर्ति दलाल, जिला शिक्षा अधिकारी अंशु सिंगला, सीएमओ डॉ जयंत आहूजा सहित अन्य संबधित अधिकारी मौजूद रहे।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | वाई.डब्ल्यू.एस. (मेक) डिवीजन, फरीदाबाद के तहत बनारसी पम्प हाउस और कोटला पम्प हाउस में 05 टन क्षमता की 02 अदद छह डायरेक्शनल ईओटी (इलैक्ट्रिक ओवरहैड ट्रेवलिंग) की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 08.04.2026 22.04.2026 | रु. 14,00,000/- | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 0172-2582542 XENPROC@GMAIL.COM |
| 2 | विकास एवं पंचायत विभाग | गांव धाबी कलां से धाबी खुर्द (रोड आईडी एच-943) और धाबी खुर्द से रूपाना जाट्टान (रोड आईडी 946) तक रोड की शिफ्टिंग। | 7.04.2026 13.04.2026 | रु. 41,15,018/- | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 9416071464 ZPFTB@HRY.NIC.IN |
| 3 | लोनिवि (भ व प) | यमुनानगर जिले में गांव गुमथला राव में हैल्थ वेलनेस सेंटर की विशेष मरम्मत + 3 कार्य। | 07.04.2026 14.04.2026 | रु. 27,45,991 | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 732237834 PWD-EEPD-YAMUNANAGAR@HRY.NIC.IN |
| 4 | आपूर्ति एवं निपटान | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 437 मदों तक मदें निहित सूची (437 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 0172-2570123 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 5 | लोनिवि (भ व प) | हांसी जिले में (हांसी निर्वाचन क्षेत्र) 3 अदद रोड की विशेष मरम्मत (I) देपाल धनधेरी रोड से मामनपुरा रोड तक कि.मी. 2.40 से 2.49 में आईपीबी और कि.मी. 0.00 से 2.40 में मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा (रोड आईडी 5296), (II) कि.मी. 0.00 से 0.284 में इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक के प्रावधान द्वारा गांव अमरा में देवी मंदिर से रातेरा रोड और कि.मी. 0.284 से 1.15 में सीसीबी को पुनः बिछाना (रोड आईडी 5295) (हांसी निर्वाचन क्षेत्र) (III) कि.मी. 0.00 से 0.45 में इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक के प्रावधान द्वारा डीएचएस (एनएच-10) रोड से ढाणी पीरवाली तक रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 5269) (जीएसटी के बिना)। | 07.04.2026 16.04.2026 | रु. 1,86,28,749 | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 01663-259688 PWD-EEPD-HANSI@HRY.NIC.IN |
| 6 | लोनिवि (भ व प) | पुराना नागरिक हस्पताल जिला फतेहाबाद में विद्युत सेवाओं की विशेष मरम्मत (ईएलवी कार्य का प्रावधान केवल)। | 07.04.2026 13.04.2026 | रु. 2865858 | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 1662225651 PWD-EEED-HISSAR@HRY.NIC.IN |
| 7 | लोनिवि (भ व प) | पं. भ.द. शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक में माइक्रोबायोलॉजी और बायो-कैमिस्ट्री विभाग में एक अदद 8 पैसेंजर लिफ्ट का एसआईटीसी + 1 कार्य। | 07.04.2026 14.04.2026 | रु. 3330849 | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 0184-2265696 PWD-EEED-ROHTAK@HRY.NIC.IN |
| 8 | आपूर्ति एवं निपटान | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 01 मदों तक अर्थात स्पेक्ट्रोमीटर मदें निहित सूची (01 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 9 | आपूर्ति एवं निपटान | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 34 मदों तक मदें निहित सूची (34 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 10 | सिंचाई | जेएलएन फीडर के आरडी 156014 पर एस्केप और दुल्हेड़ा डिस्ट्रीब्यूटरी तथा झज्जर सब ब्रांच के हैड रेगुलेटर का पुनर्निर्माण/निर्माण + 2 कार्य। | 22.04.2026 | रु. 319926576 | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 9464040970 XENSAMPLA@GMAIL.COM |
| 11 | आपूर्ति एवं निपटान | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 01 मदों तक अर्थात फुटओवर ब्रिज मदें निहित सूची (01 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 12 | आपूर्ति एवं निपटान | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 04 मदों तक मदें निहित सूची (04 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 13 | आपूर्ति एवं निपटान | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 13 मदों तक मदें निहित सूची (13 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 14 | आपूर्ति एवं निपटान | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 23 मदों तक मदें निहित सूची (23 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 15 | सिंचाई | आरडी 0 से 64800 तक जसिया लिंक ड्रेन की आंतरिक सफाई + 14 कार्य। | 13.04.2026 | 7711964 | HTTPS://ETENDERS. HRY.NIC.IN | 9812111077 XENWSDNRTK@GMAIL.COM |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in    पीआरडीएच-11/2027/300/44532/I/88/7 दि. 08.04.26

## पेज एक का शेष

### ये अनोखा ...

यह है कि हम अपने सभी सैन्य लक्ष्यों को पहले ही पूरा कर चुके हैं और उनसे भी आगे बढ़ चुके हैं। साथ ही हम ईरान के साथ लंबे समय की शांति और पूरे मध्य पूर्व में शांति के लिए एक पक्का समझौता करने के बहुत करीब हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि वॉशिंगटन को तेहरान से 10 बिंदुओं का प्रस्ताव मिला है और इसे बातचीत शुरू करने के लिए अच्छा आधार माना जा रहा है।

### तनाव के बीच ईरान ...

मछुआरे शामिल हैं। जल्द ही इनकी वतन वापसी होगी।

**हवाई उड़ान सेवाएं चल रही हैं** : उन्होंने कहा कि युद्ध प्रभावित जिस देश में भी एयरस्पेस खुला हुआ है। वहां हवाई उड़ान सेवाएं जारी हैं और इनके जरिए ही हम अपने देश के लोगों को सकुशल वापस लेकर आ रहे हैं। इजरायल, इराक, कुवैत और बहरीन में एयरस्पेस फिलहाल बंद होने के चलते हम भारत के लोगों को लगातार बाहर निकालने के लिए अन्य देशों की मदद ले रहे हैं। उदाहरण के तौर पर भारत ने ईरान में अपने लोगों को सड़क मार्ग से सुरक्षित आर्मेनिया, अजरबैजान पहुंचाया है। इजरायल में भारतीयों की वापसी के लिए जॉर्डन, मिस्र की मदद ली जा रही है। जबकि इराक से जॉर्डन और सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन से सऊदी अरब के रास्ते देश के लोग सुरक्षित वतन वापसी कर रहे हैं। ईरान में हमारे दूतावास ने एक नई एडवाइजरी भी जारी की है। जिसमें भारतीयों को जल्द ईरान छोड़ने के लिए कहा गया है।

### अमेरिका-ईरान के ...

कहा कि हम शांति और स्थिरता के लिए उठाए जाने वाले सभी कदमों का स्वागत करते हैं। वहीं, तेहरान में भारतीय दूतावास ने 8 अप्रैल को एक नई एडवाइजरी जारी करते हुए अपने नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने की सलाह दी है।

**समझौते के लिए निर्णायक होंगे 15 दिन** : उल्लेखनीय है कि इस संघर्षविराम की कुल अवधि फिलहाल दो सप्ताह यानी लगभग 15 दिन की है। यह मूलरूप से अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच हुआ है। जिसमें पाकिस्तान की मध्यस्थता और चीन के हस्तक्षेप की अहम भूमिका है। ईरान की तरफ से संघर्षविराम के लिए दस सूत्रीय प्रस्ताव दिया गया है। जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच सभी मतभेदों पर सहमति बन गई है। समझौते को अंतिम रूप देने के लिए आगामी एक पखवाड़े की अवधि अहम साबित होगी। जिसे हम कूटनीति के लिए एक अच्छा समय मान सकते हैं। संघर्षविराम की सबसे जरूरी बात यह है कि इसमें दोनों पक्षों ने अगले 15 दिनों तक एक-दूसरे पर कोई सैन्य हमला न करने पर सहमति जताई है। साथ ही ईरान होर्मुज को सुरक्षित ढंग से खोलने को तैयार है। जिससे वैश्विक व्यापार खासकर ऊर्जा आपूर्ति की राह खुलेगी।

**क्षेत्र में लौटेगी स्थायी शांति** : मंत्रालय ने कहा कि इस संघर्षविराम के जरिए पश्चिम-एशिया क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित होगी। भारत ने पूर्व में भी लगातार इस बात पर जोर दिया है कि मौजूदा संघर्ष के साथ ही तनाव को जल्द से जल्द खत्म करने के लिए बातचीत और कूटनीति जैसे दो अहम उपायों को अपनाया जाना नितांत आवश्यक है।

**युद्ध से तार-तार हुई ऊर्जा सप्लाई, व्यापार** : भारत का मानना है कि इस युद्ध से पहले ही लोगों पर गंभीर रूप से प्रभाव पड़ा है। इसने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सप्लाई और व्यापार नेटवर्क को भी बाधित किया है। जिसे देखते हुए भारत को उम्मीद है कि होर्मुज के माध्यम से होने वाली जहाजों की वैश्विक आवाजाही और उसके साथ ही व्यापारिक प्रवाह को सुचारू रूप से बनाए रखा जाएगा।

**भारत की एडवाइजरी में काम की बातें**

-7 अप्रैल को जारी की गई एडवाइजरी के क्रम को आगे बढ़ाते हुए 8 अप्रैल को भारतीयों को जल्द ईरान छोड़ने की सख्त सलाह दी गई है।

-हालिया घटनाक्रमों के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है।

-ईरान छोड़ते वक्त दूतावास के साथ समन्वय बनाए रखने और उसकी हिदायत वाले मार्गों का इस्तेमाल करने पर जोर दिया गया है।

-ईरान से बाहर निकलते वक्त दूतावास से बिना विचार-विमर्श किए किसी भी अंतरराष्ट्रीय जमीनी सीमा का रुख न करें।

-किसी भी तरह की सहायता के लिए दूतावास के आपातकालीन मोबाइल नंबरों, ईमेल पर संपर्क करें।

- मोबाइल नंबरों में +989128109115, +989128109109, +989128109102, +989932179359 शामिल हैं।

-ईमेल का पता- **cons.tehran<\@>mea.gov.in** है।

-7 अप्रैल की एडवाइजरी में दूतावास ने राष्ट्रपति ट्रंप की मंगलवार को दी गई ईरानी सभ्यता को पूरी तरह से खत्म कर देने की धमकी के मध्य अगले 48 घंटे तक भारतीयों को ईरान के अंदर हर हाल में अपने घरों, आवासीय परिसरों में सुरक्षित बने रहने, किसी भी स्थान की यात्रा करने से बचने की सलाह दी गई थी।

**देश को होगा यह फायदा** : जानकारों की राय में भारत के लिए यह संघर्षविराम राहत की एक बड़ी खबर बनकर आया है। क्योंकि देश का कुल करीब 70 फीसदी से अधिक कच्चे तेल और द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का व्यापार खाड़ी क्षेत्र के देशों के साथ ही किया जाता है। होर्मुज के बंद होने से भारत की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने के लिए जरूरी इन पेट्रोलियम उत्पादों की स्वतंत्र आवाजाही प्रभावित हो रही थी। इसके अलावा युद्ध से जूझ रहे समूचे क्षेत्र में रह रहे लगभग 1 करोड़ भारतीयों की सुरक्षा और कल्याण की भी गंभीर समस्या खड़ी हो गई थी। लेकिन अब इन सभी मामलों को लेकर बनी हुई चिंताएं दूर होंगी। यहां ध्यान देने वाली एक बात ये भी है कि क्या इस संघर्षविराम का दोनों पक्ष पूरी ईमानदारी के साथ पालन करेंगे? या फिर मौजूदा नाजुक हालात में एक छोटी से चिंगारी एक बार फिर से युद्ध को भड़काने के लिए काफी होगी।

### आज से मॉरीशस और ...

करने के साथ ही दोनों देशों के बीच बनी हुई व्यापक सामरिक साझेदारी को और अधिक गहराई प्रदान करना है।

**क्षेत्र में रह रहे हैं 1 करोड़ भारतीय** : बताते चलें कि इसी साल 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच हुई युद्ध की शुरुआत और हालिया हुए संघर्षविराम के बाद यह पहला मौका होगा। जब विदेश मंत्री खाड़ी के किसी देश की प्रत्यक्ष रूप से यात्रा करेंगे। पूर्व में वह क्षेत्र में पसरे गंभीर तनाव, होर्मुज जलडमरूमध्य को ईरान द्वारा बंद किए जाने के बाद कतर, कुवैत और यूएई के अपने तमाम समकक्षों के साथ टेलीफोन के माध्यम से संपर्क में बने हुए थे। पश्चिम-एशिया से लेकर खाड़ी क्षेत्र में रह रहे भारतीयों की कुल आबादी लगभग 1 करोड़ है। विदेश मंत्री की यह यूएई यात्रा इस संदर्भ में भी खासी महत्वपूर्ण रहेगी। प्रधानमंत्री से लेकर विदेश मंत्री तक अपनी तमाम उच्च-स्तरीय वार्ताओं में प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा और कल्याण को प्राथमिकता के रूप में शुमार करते रहे हैं।

### हरियाणा में पूर्व ...

गार्ड, वार्डर और माइनिंग गार्ड शामिल हैं, में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया हुआ था। इसके पश्चात, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विभिन्न सेवाओं/पदों की भर्ती में, जहां उनके विशेष सैन्य प्रशिक्षण, शारीरिक क्षमता, अनुशासन और फील्ड अनुभव का प्रभावी उपयोग किया जा सकता है, पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षण को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने की सलाह दी थी। मंत्रिमंडल के इस निर्णय को सभी चालू तथा भविष्य की भर्ती प्रक्रियाओं में लागू करने के लिए संबंधित प्रशासनिक विभागों को आवश्यक संशोधन करने तथा संशोधित निर्देश जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पीडीएस सुधारों और ...

दुकानों (एफपीएस) के आवंटन और संचालन में पारदर्शिता बढ़ाने, दक्षता में सुधार करने और अधिक जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू किए गए हैं। इनका उद्देश्य विशेष रूप से महिलाओं को इस प्रणाली में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करके समावेशिता और व्यापक भागीदारी को बढ़ावा देना भी है। संशोधित प्रावधानों के तहत, उचित मूल्य की दुकान का लाइसेंस प्राप्त करने के लिए पात्रता मानदंडों को स्पष्ट रूप से परिभाषित और युक्तिसंगत बनाया गया है। आवेदकों के लिए अब न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10+2 (बारहवीं पास) होना, साथ ही कंप्यूटर का बेसिक ज्ञान होना आवश्यक होगा। आवेदकों के लिए आयु सीमा 21 से 45 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है, और आवेदकों के पास एक वैध 'परिवार पहचान पत्र' (पीपीपी) होना तथा संबंधित क्षेत्र का निवासी होना अनिवार्य होगा। आवंटन प्रक्रिया में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए, सरकारी कर्मचारियों, मौजूदा लाइसेंस धारकों और उनके निकटतम परिवार के सदस्यों, साथ ही स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों को इस प्रक्रिया से अयोग्य घोषित किया गया है। इसमें कड़े प्रावधान शामिल किए गए हैं, जिनके तहत यदि कोई लाइसेंस धारक बाद में किसी स्थानीय निकाय में निर्वाचित पद ग्रहण करता है या सरकारी सेवा में शामिल होता है, तो उसे अपना लाइसेंस वापस (सरेंडर) करना होगा, ऐसा न करने पर उसका लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। इसे 'रोस्टर प्रणाली' के आधार पर लागू किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि हर तीसरा लाइसेंस महिलाओं के लिए आरक्षित हो।

### भारत की मदद ...

है। इसके अलावा यह भी हिदायत दी है कि किसी भी असत्यापित सामग्री को तुरंत सोशल मीडिया पर साझा न करें। भारतीय वायुसेना से जुड़ी हुई किसी भी जानकारी के लिए **<\@>IAF_MCC** 'एक्स' हैंडल को ही फॉलो करें।


**गलत सूचना की रिपोर्ट करें** : जनसंचार के किसी भी माध्यम पर कोई गलत जानकारी दिखाई पड़ने पर तुरंत उसके संबंध में शिकायत करने के लिए व्हाट्सएप नंबर-+91 8799711259 और ईमेल के पते- **factcheck<\@>pib.gov.in** पर संपर्क करने के लिए कहा गया है।

**नहीं हुआ भारत की जमीन का इस्तेमाल**: गौरतलब है कि 28 फरवरी 2026 से हुई इस युद्ध की शुरुआत के बाद से लेकर संघर्षविराम तक भारत ने अमेरिका या इजरायल में से किसी भी देश को अपनी जमीन का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी है। भविष्य में भी ऐसी कोई संभावना नहीं है। ऐसे में इजरायली लड़ाकू विमानों का नलिया एयरबेस से ईंधन इत्यादि लेकर चाबहार बंदरगाह पर हमला करने का कोई औचित्य ही नहीं बनता है। हां, यह बात भी 100% सच है कि बीते दिनों पाकिस्तान ने अमेरिका को अपनी भूमि का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ हमला करने के लिए देने की हामी भरी थी। जिसका उसके देश के अंदर रह रही शिया मुस्लिम आबादी ने कड़ा विरोध किया था।

## किसानों की हर मुश्किल में साथ खड़ी है यूपी सरकार

# किसानों को हुए नुकसान का आकलन कर राहत पहुंचाएं: मुख्यमंत्री योगी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



असमय वर्षा, ओलावृष्टि तथा कुछ स्थानों पर आगजनी की घटनाओं से रबी फसलों को हुए नुकसान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बुधवार प्रातः इस संबंध में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विपरीत परिस्थिति में अन्नदाता का चिंतित होना स्वाभाविक है और राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ किसानों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रभावित किसान एवं बटाईदार के नुकसान का सटीक, निष्पक्ष एवं समयबद्ध आकलन कर तत्काल क्षतिपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर राजस्व, कृषि एवं अन्य संबंधित विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए शीघ्र सर्वेक्षण कर रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाए, ताकि राहत वितरण में किसी प्रकार का विलंब न हो। मुख्यमंत्री ने बीमा कंपनियों के साथ सक्रिय समन्वय स्थापित कर फसल बीमा दावों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं किसानों से संपर्क कर उन्हें बीमा योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें, जिससे अधिकतम राहत उपलब्ध हो सके। राजस्व विभाग को निर्देशित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपदा राहत कोष से प्रत्येक जनपद को पर्याप्त धनराशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रभावित किसानों को त्वरित एवं पारदर्शी ढंग से सहायता प्रदान की जाए। जहां आवश्यकता हो, वहां राहत शिविर स्थापित किए जाएं तथा मंडी समितियों के माध्यम से भी किसानों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाए।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे

अग्निकांड की घटनाओं पर विशेष संवेदनशीलता बरतते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जनहानि एवं पशुहानि की स्थिति में 24 घंटे के भीतर राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, पात्र लाभार्थियों को कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत शीघ्र लाभान्वित किया जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देशित किया कि जिन परिवारों के घर क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कहा कि राहत एवं पुनर्वास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी और इसके लिए संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार इस आपदा की घड़ी में प्रत्येक किसान, कृषक परिवार एवं बटाईदार के साथ पूरी संवेदनशीलता, तत्परता एवं प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## केंद्रीय मंत्री ने सौंपे मुआवजे के चेक

# झारखंड के मृत मजदूरों के परिजनों को 40 लाख की दी गई सहाता राशि



एजेंसी ▶▶ रांची

गुरुग्राम हादसे में मारे गए मजदूरों के परिजनों को झारखंड में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने 40 लाख रुपये मुआवजा दिया। दो परिवारों को नौकरी भी मिली, सरकार ने हर संभव सहायता का भरोसा जताया। हरियाणा के गुरुग्राम में मजदूरी के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले मजदूरों के परिजनों को राहत देने के लिए केंद्र सरकार ने पहल की है।

झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले के कांड्रा स्थित एक निजी होटल में आयोजित संवेदना बैठक में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की। मंत्री ने मृतक मजदूरों के परिजनों को मुआवजे के चेक सौंपे। जानकारी के अनुसार, प्रत्येक परिवार को लगभग 40 लाख रुपये की सहायता राशि दी गई है, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना से पूरा समाज आहत है और सरकार पीड़ितों के साथ मजबूती से खड़ी है। संजय सेठ ने कहा कि मजदूरों के परिवारों के सामने अब जीवनयापन, बच्चों की शिक्षा और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना बड़ी चुनौती है।

इसे ध्यान में रखते हुए सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध करा रही है। मानवीय पहल के तहत मंत्री ने दो मृतकों के परिजनों को नियुक्ति पत्र भी सौंपा, जिससे उन्हें स्थायी रोजगार मिल सके और परिवार को नियमित आय का सहारा मिल सके।कार्यक्रम के अंत में पीड़ित परिवारों ने मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और केंद्र सरकार पर भरोसा जताया।

### एएनएम को मिला नियुक्ति पत्र, सीएम नीतीश बोले- मिलकर ईमानदारी के साथ काम करें



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 10 अप्रैल को राज्यसभा की शपथ लेंगे। इसके लिए नौ अप्रैल को दिल्ली रवाना होंगे। इससे पहले वह सारी कामों को निपटा लेना चाहते हैं। आज उन्होंने पटना में नियुक्त पत्र बांटा। बिहार को 4954 सहायक नर्स मिडवाइफ (एएनएम) मिल चुके हैं। आज पटना के शास्त्रीनगर स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एएनएम को नियुक्ति पत्र दिया। मुख्यमंत्री ने एएनएम विनीता कुमारी, स्वाति कुमारी और रौशनी कुमारी को नियुक्ति पत्र दिया और उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि सभी नवनियुक्त कर्मी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगी। स्वास्थ्य मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिन बिहार के स्वास्थ्य विभाग के लिए ऐतिहासिक और अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और डबल इंजन की सरकार के सतत प्रयासों से आज स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार गांव-गांव तक प्रभावी रूप से हो रहा है।





सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'हुई गुम यादें - एक डॉक्टर, दो जिंदगियां' में डॉक्टर देव का किरदार इकबाल खान निभा रहे हैं। सीरियल में वे काफी फिट दिखते हैं। यहां शेयर कर रहे हैं अपना फिटनेस फंडा अपनी ही जुबानी।

## कितना भी बिजी क्यों न रहूं वर्कआउट जरूर करता हूं

**फिटनेस फंडा**

**इकबाल खान**



एक्टर इकबाल खान अपनी एक्टिंग के साथ फिटनेस पर भी पूरा ध्यान देते हैं। जिस तरह सीरियल 'हुई गुम यादें - एक डॉक्टर, दो जिंदगियां' में अपने रोल को परफेक्ट बनाने के लिए वे कोई कसर नहीं छोड़ते, उसी तरह अपनी फिटनेस को भी मेंटेन करने के लिए सभी एफर्ट करते हैं। यहां जानिए उनका फिटनेस फंडा।

**डाइट प्लान:** मेरा बेसिकली कोई तय डाइट प्लान नहीं होता है। मुझे जिस किस्म की आवश्यकता होती है, मैं वैसे डाइट प्लान कर लेता हूं। मैं अपने आप को किसी चीज या काम से महरूम नहीं करता। थोड़ा-थोड़ा सब कर लेता हूं। उसी तरह थोड़ा-थोड़ा खा लेता हूं सब कुछ। जैसी आवश्यकता होती है, वैसी ही डाइट लेता हूं।

**वर्कआउट रुटीन:** मैं स्कूल के दिनों से ही वर्कआउट करता आ रहा हूं। मैं सिर्फ इसलिए डेली वर्कआउट नहीं करता कि मैं एक एक्टर हूं, ये आदत तो बचपन से ही मेरे अंदर बसी हुई है। मैं बेसिकली वेट ट्रेनिंग करता हूं और हफ्ते में पांच से छह दिन जिम जाता हूं। हालांकि रमजान के दौरान मैं वर्कआउट नहीं करता। बाकी दिनों में ज्यादातर फोकस वेट्स पर ही रहता है। जहां तक कार्डियो एक्सरसाइज की बात है तो सच कहूं तो मुझे उसे करने में बिल्कुल मजा नहीं आता है। मुझे पता है कि कार्डियो बहुत अच्छी एक्सरसाइज होती है, लेकिन वो मुझसे हो नहीं पाता है।

**जरूर निकालता हूं टाइम:** एक्टिंग की वजह से या पर्सनल वर्क से चाहे मैं कितना भी बिजी रहूं, लेकिन वर्कआउट के लिए वक्त तो निकालना ही पड़ता है। मुझे सुबह उठना ज्यादा ठीक लगता है, इसलिए मैं सुबह-सुबह ही अपना वर्कआउट खत्म कर लेता हूं। इससे पूरा दिन भी अच्छा गुजरता है, मैं फ्रेश और एनर्जेटिक फील करता हूं। इसलिए काम पर निकलने से पहले ही मैं अपना वर्कआउट कंप्लीट कर लेता हूं।

**रीडर्स को मैसेज:** हरिभूमि के रीडर्स और अपने फैंस को मैं यही फिटनेस फंडा देना चाहूंगा कि जो लोग अपनी ट्वेंटीज में हैं, वो अच्छा खाना खाएं और थोड़ा-थोड़ा सब कुछ खाएं। कभी-कभी थोड़ा ज्यादा भी हो जाए तो चलेगा। जो लोग थर्टीज में हैं, उन्हें मीठा थोड़ा कम खाना चाहिए और तला हुआ भी कम करना चाहिए। बाकी अच्छा और बैलेंस्ड खाना खाते रहें। और जो 40 के ऊपर हैं, उन्हें कोशिश करनी चाहिए कि मीठा बहुत कम खाएं, और अगर खाना ही है तो नेचुरल सोर्स से लें। तला हुआ खाना बिल्कुल अवॉइड करें और हफ्ते में कम से कम तीन बार वर्कआउट जरूर करें। ये बहुत जरूरी है, इससे आपका हार्ट, मसल्स और जॉइंट्स सब अच्छे रहते हैं। ये भी जरूरी नहीं है कि बहुत भारी वेट्स ही उठाएं। नॉर्मल वेट्स में, जहां आपका मसल्स सही से काम करें, वही काफी है। सबसे जरूरी है कि आप नियमित रूप से वर्कआउट करें। और खाने के मामले में सबसे जरूरी बात यह है कि सीमित मात्रा में खाना चाहिए, ऐसा नहीं सोचना चाहिए कि जैसे पता नहीं कल खाना मिलेगा या नहीं, इसलिए आज ही अधिक से अधिक खा लो।

**मेंटल हेल्थ ऐसे रहती है सही:** जब हम छोटे थे, तब मानसिक स्वास्थ्य जैसी बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता था। लेकिन अब इसके प्रति काफी जागरुकता बढ़ गई है। मेरे शो 'हुई गुम यादें' में मेरा किरदार डॉ. देव भी इसी पहलू को दर्शाता है, जहां उसकी जिंदगी के उतार-चढ़ाव उसके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं और वह इन भावनाओं से जूझते हुए खुद को संभालने की कोशिश करता है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक ही बात जो मेरे दिमाग में आती है कि वो ऊपर वाला है, जिसने पूरी कायनात बनाई है, जो चला रहा है उसके संपर्क में हमेशा रहिए। उसके संपर्क में रहने से जादुई असर होता है। जब हम ऊपर वाले को अपने साथ महसूस करते हैं तो कभी मन निराश, हताश नहीं होता। जिंदगी बहुत अच्छी गुजरती है। चूंकि हम सब वहीं से आए हैं और वहीं जाएंगे तो उसके टच में रहना सबसे अच्छा है। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

**डॉक्टर्स एडवाइस**

**डॉ. सुषमा शर्मा**
प्रोग्राम क्लिनिकल डायरेक्टर-न्यूरोलॉजी
मैरेंगो एशिया अस्पताल, फरीदाबाद

स्पेशल: वर्ल्ड पार्किंसंस-डे, 11 अप्रैल

पूरी दुनिया में लगभग एक करोड़ से अधिक लोग पार्किंसंस डिजीज से ग्रस्त हैं। यह ओल्ड एज में होने वाला एक सीरियस न्यूरोलॉजिकल रोग है। इसमें पेशेंट का मूवमेंट और बॉडी फंक्शनिंग प्रभावित होती है। लेकिन सही ट्रीटमेंट और सपोर्टिव डाइट हैबिट, लाइफस्टाइल से इसे मैनेज किया जा सकता है। इस बारे में जानिए।

## बुजुर्गों को होने वाला सीरियस न्यूरोलॉजिकल डिजीज है पार्किंसंस

पार्किंसंस रोग एक न्यूरोलॉजिकल (नर्वस सिस्टम) डिजीज है। यह मस्तिष्क के उन हिस्सों को प्रभावित करता है, जो शारीरिक गतिविधियों को नियंत्रित करते हैं।

### क्या है पार्किंसंस रोग

इस रोग का कारण मस्तिष्क के एक खास हिस्से (सबस्टेंटिया निग्रा) में डोपामिन उत्पादक न्यूरॉन्स या सेल्स का धीरे-धीरे कमजोर या नष्ट हो जाना है। जो मुख्य रूप से डोपामिन नामक केमिकल का उत्पादन और स्राव करते हैं। जिसकी वजह से शरीर में डोपामिन नामक न्यूरोट्रांसमीटर की कमी हो जाती है।

डोपामिन एक प्रकार का केमिकल है, जो दिमाग से पूरे शरीर और शरीर से दिमाग तक सिग्नल लेकर जाता है। शरीर के अन्य अंगों को कंट्रोल में रखता है और शरीर की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने में मदद करता है। डोपामिन केमिकल का स्तर कम होने पर दिमाग के सिग्नल शरीर के विभिन्न हिस्सों तक नहीं पहुंच पाते और व्यक्ति पार्किंसन डिजीज की चपेट में आ जाता है।

पार्किंसंस, डिजनरेटिड प्रोग्रेसिव डिसऑर्डर के साथ कंट्रोल की जा सकने वाली बीमारी है। एक बार पार्किंसंस रोग होने पर समस्या लंबे समय तक परेशान कर सकती है या जिंदगी भर चलती है। शरीर के विभिन्न अंगों पर नियंत्रण कम होने लगता है। धीरे-धीरे उसकी गति, पॉश्चर और भाषा प्रभावित होने लगती है। जिससे मरीज को रोजमर्रा के काम करने में भी परेशानी होने लगती है। ध्यान न दिए जाने पर पार्किंसंस, गंभीर रूप ले सकता है। लेकिन अगर इसका समुचित उपचार, स्वस्थ जीवनशैली और सही देखभाल शुरुआती अवस्था पर शुरू हो जाए, तो मरीज सामान्य जिंदगी जी सकता है।



### क्या कहते हैं आंकड़े

डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया भर में पिछले 25 वर्ष में पार्किंसंस के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज द्वारा की गई स्टडी के हिसाब से 2019 तक तकरीबन 8.5 मिलियन से अधिक लोग पार्किंसंस रोग से प्रभावित थे। वर्तमान में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर तकरीबन 10 मिलियन (1 करोड़) से अधिक मरीज के होने तक पहुंच गया है। भारत में भी लगभग 5.76 लाख लोग पार्किंसंस बीमारी के साथ जी रहे हैं। 2050 तक पार्किंसंस के मरीजों की संख्या 25 मिलियन (2.5 करोड़) से अधिक होने की आशंका है।

### बुजुर्ग होते हैं अधिक प्रभावित

पार्किंसंस डिजीज आमतौर पर 55-65 साल की उम्र के बीच शुरू होती है। लेकिन 10-15 प्रतिशत मामलों में यह 50 साल से पहले भी हो सकता है, जिसे यंग ऑनसेट पार्किंसंस डिजीज कहा जाता है। आंकड़ों के मुताबिक पुरुषों में यह बीमारी महिलाओं की तुलना में 1.5 गुना अधिक देखी जाती है। फैमिली हिस्ट्री के कारण 40 साल से कम उम्र के लोगों में भी पार्किंसंस डिजीज बढ़ने की आशंका रहती है। आनुवांशिक या जीन म्यूटेशंस के कारण कई बच्चों में भी देखी जाती है, जिसे जुबेनाइल पार्किंसंस डिजीज कहते हैं। सिर में चोट लगने, दिमाग में सूजन, ब्रेन हैमरेज, ब्लड क्लॉटिंग, ब्रेन ट्यूमर से नर्वस सिस्टम में हुई क्षति से भी एक्वायर पार्किंसन होने की संभावना रहती है। कई बार कुछ दवाइयों के साइड-इफेक्ट की वजह से भी मरीज में किसी भी उम्र में आ सकती है। विषाक्त पदार्थों, कीटनाशकों और रसायनों के संपर्क में आना पार्किंसंस के जोखिम को बढ़ाता है।



**रोग के प्रमुख लक्षण:** शुरुआती अवस्था में मरीज के हाथों में झनझनाहट होना, हाथ-पैरों में अनियंत्रित कंपकपी होना खासकर आराम करते हुए भी एक हाथ में कंपन होना, विभिन्न अंगों की मांसपेशियों में अकड़न आना और दर्द महसूस होना जिससे चलने-फिरने में दिक्कत आना, बैलेंस न बना पाने और गिरने का डर रहना, आवाज धीमी हो जाना, सुनने की शक्ति कम होना, कमर आगे की तरफ झुकना, स्लोनेस आना यानी काम करने और चाल में धीमापन आना, बच्चे जैसे छोटे कदम लेकर चलना। समुचित उपचार न मिलने पर मरीज की स्थिति गंभीर हो जाती है- मरीज के बोलने, लिखने की क्षमता में कमी आना, खाना खाने के लिए भी दूसरों पर निर्भर होना, मनोभ्रम रहना, तनाव, घबराहट रहने के कारण दिनचर्या के काम ठीक तरह न कर पाना। एंग्जाइटी या डिप्रेशन के भी शिकार हो सकते हैं।



### कैसे होता है डायग्नोज

व्यक्ति में ऐसे लक्षण दिखें, तो यथाशीघ्र न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए। पार्किंसंस की पुष्टि के लिए क्लीनिकल डायग्नोज किया जाता है। मरीज की केस हिस्ट्री, लक्षण, जांच से पता लगाया जाता है कि मरीज पार्किंसंस की किस अवस्था में है? बीमारी से उसकी दिनचर्या और गतिविधियां कितनी प्रभावित हैं? एमआरआई, सिटी स्कैन भी कराया जाता है।

### उपचार के तरीके

मरीज की स्थिति के हिसाब से मेडिकल मैनेजमेंट यानी दवाइयों के जरिए बीमारी मैनेज की जाती है। कोशिश होती है कि मरीज स्वाबलंबी बने, अपने दैनिक कार्य करने योग्य हो और जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार हों। प्रारंभिक अवस्था में ब्रेन में डोपामाइन को बढ़ाने वाली और पार्किंसंस के लक्षणों को नियंत्रित करने वाली दवाइयां दी जाती हैं। मरीज की फिजियोथेरेपी भी कराई जाती है ताकि उसकी मांसपेशियों की ताकत, बैलेंस और कॉर्डिनेशन में सुधार हो। ऑक्यूपेशनल थेरेपी भी दी जाती है। 8-10 साल बाद दवाइयों का असर कम होने या पार्किंसंस की एडवांस स्टेज में न्यूरोसर्जिकल प्रक्रिया भी अपनाई जाती है। मरीज की स्थिति के आधार पर डीप ब्रेन स्टीमुलेशन नामक प्रक्रिया में मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड लगाए जाते हैं, जो पार्किंसंस के लक्षणों को कम करने में मदद करते हैं। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

### इन बातों का भी रखें ध्यान



**समुचित उपचार** के साथ पार्किंसंस के मरीज को स्थिति से उबरने के लिए परिवार और नजदीकी लोगों के पूरे सपोर्ट और देखभाल की जरूरत होती है। जरूरी है कि न्यूरोलॉजिस्ट द्वारा दी गई मेडिसिन को समय पर देनी चाहिए। मरीज के लक्षणों पर नजर रखनी चाहिए और समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेते रहना चाहिए। सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। एक्सरसाइज पार्किंसंस में सबसे बेस्ट डिजीज मॉडीफाइंग ट्रीटमेंट मानी जाती है। नियमित व्यायाम, शारीरिक गतिविधियों, डांस, योग और स्ट्रेचिंग से लचीलापन और बैलेंस कायम करने में मदद मिलती है। मरीज को पोषक और संतुलित आहार देना चाहिए। यथासंभव वसायुक्त आहार कम, फाइबर से भरपूर आहार देना चाहिए। यह पाचन तंत्र को सही रखने और वजन नियंत्रित रखने में मददगार है। ताजे फल-सब्जियों को ज्यादा से ज्यादा आहार में शामिल करना चाहिए। स्वस्थ वसा (जैसे- ओमेगा-3 फैटी एसिड) और प्रोटीन से भरपूर आहार जैसे मछली, अंडे, दालें और नट्स भी फायदेमंद होते हैं। रोगी के हाइड्रेशन का ध्यान रखना चाहिए। पाचन संबंधी समस्याओं से बचने के लिए रोजाना 6-8 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। तनाव प्रबंधन के लिए मेडिटेशन, योग और अन्य तनाव प्रबंधन तकनीकों को अपनाना सहायक होता है।

**डाइट सजेशन**

**राजकुमार 'दिनकर'**

यह तो हम सभी जानते हैं कि ड्राई फ्रूट्स हेल्थ के लिए यूजफुल होते हैं। लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि इनको भोजन के ऑप्शन के तौर पर सेवन किया जाए। ड्राई फ्रूट्स का सेवन कब अधिक फायदेमंद होता है, आपको जरूर जानना चाहिए।

## तभी होगा फायदेमंद ड्राई फ्रूट्स का सेवन



एक समय ऐसा था जब व्रत, त्योहार में ही लोग ड्राई फ्रूट्स खाया करते थे और इनके पोषण के स्तर को देखते हुए इन्हें ताकत से भरपूर माना जाता था। इसीलिए हमारे पारंपरिक भोजन में बादाम, अखरोट, खजूर, छुहारे, काजू, किशमिश, पिस्ता, अंजीर का भरपूर इस्तेमाल होता था। आजकल ड्राई फ्रूट्स का भोजन में काफी इस्तेमाल होने लगा है।

### वेट लॉस में सहायक

आजकल ड्राई फ्रूट्स डाइट का इस्तेमाल शरीर को स्वस्थ रखने और वजन घटाने के लिए भी किया जाता है। फाइबर, प्रोटीन और हेल्दी फैट से भरे ड्राई फ्रूट्स भूख को नियंत्रित तो करते ही हैं, हमारे मेटाबॉलिज्म को भी बढ़ाते हैं। वजन घटाने में इनका काफी इस्तेमाल हो रहा है। इसलिए लोग बादाम, अखरोट और पिस्ते को फाइबर और प्रोटीन के लिए खाते हैं। इससे पेट लंबे समय तक भरा रहता है। ये मेवे हमारे मेटाबॉलिज्म को तीव्र करते हैं। खजूर, किशमिश और अंजीर प्राकृतिक रूप से काफी मीठे होते हैं, उनको खाने के बाद मीठा खाने की इच्छा कम हो जाती है। ये विटामिन और मिनरल का स्रोत हैं जो हमारे शरीर की कमजोरी को दूर करके उसे मजबूत बनाते हैं।

### भोजन का विकल्प नहीं

जो लोग इसे खाने के तौर पर खाते हैं, तो उनके लिए यह सुझाव है कि इसको पूर्ण संतुलित आहार नहीं माना जा सकता। हालांकि ड्राई फ्रूट्स हमारी हृदय की सेहत के लिए अच्छे होने के साथ-साथ सुपाच्य भी होते हैं। इसके बावजूद इनमें उतने पोषक तत्व नहीं होते, जो हमारे भोजन में होते हैं। हां, इनका इस्तेमाल हम कंप्लीट मील के विकल्प के तौर पर कभी-कभी कर सकते हैं। ड्राई फ्रूट्स का अगर ज्यादा मात्रा में सेवन किया जाए तो शरीर में ज्यादा फाइबर और शुगर के कारण अपच या पेट में गैस हो सकती है। क्योंकि इनमें मौजूद वसा, प्रोटीन, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स इन्हें पोषण से भरपूर बनाते हैं, लेकिन इनका कम मात्रा में सेवन करना चाहिए, क्योंकि इनमें कैलोरीज ज्यादा होती है। किसी भी कंडीशन में ड्राई फ्रूट्स को दिन में खाए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं माना जा सकता। दरअसल, भोजन हमारे शरीर में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और वसा की आपूर्ति करते हैं और हमारे मेटाबॉलिज्म को स्थिर रखते हैं। ड्राई फ्रूट्स खाने भर से हमारे शरीर में इन तत्वों की आपूर्ति नहीं हो सकती। विभिन्न अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि बादाम में मौजूद अनसैचुरेटेड फैटी एसिड और विटामिंस हमारे मस्तिष्क की कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं। ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस घटाकर हमारी स्मरणशक्ति को बढ़ाते हैं। सीमित मात्रा में अगर ड्राई फ्रूट्स का सेवन किया जाए तो ये हमारे लिए फायदेमंद हैं। लेकिन चीनी से भरे ड्राई फ्रूट्स जैसे किशमिश और खजूर की मात्रा सीमित रखनी चाहिए। वैसे भी ये दोनों ड्राई फ्रूट्स नेचुरल शुगर का भंडार होते हैं। इनको खाने के बाद हमारे दांतों से ये चिपक जाते हैं और उनमें बैक्टीरिया की वृद्धि होती है। इसलिए इनको लेने के बाद पानी, पीना चाहिए और दांतों को अच्छी तरह साफ रखना चाहिए।

### कितनी मात्रा है सही

हमें प्रतिदिन लगभग 20 से 30 ग्राम मिक्स ड्राई फ्रूट्स का सेवन करना चाहिए। बच्चों को इससे कम मात्रा देनी चाहिए। वयस्कों के लिए पानी में भीगे 5 से 7 बादाम और 2 अखरोट के टुकड़े सुबह के समय लेने चाहिए, जो हमारे दिल और दिमाग की सेहत के लिए अच्छे होते हैं। महिलाओं को आयरन और कैल्शियम में लिए खजूर और अंजीर खाने चाहिए। स्टेमिना के लिए पुरुष पिस्ता और अखरोट ले सकते हैं। बादाम, अखरोट और अंजीर को अगर रात में पानी में भिगो दिया जाए तो ये सुपाच्य होते हैं और इनमें मौजूद पौष्टिकता भी बढ़ जाती है। ड्राई फ्रूट्स को सुबह खाली पेट या दोपहर के भोजन के बाद लेना चाहिए।



### कैसे और किस समय खाएं ड्राई फ्रूट्स

- ड्राई फ्रूट्स की मात्रा पर ध्यान देना सबसे जरूरी है। वयस्कों के लिए इनकी मात्रा 20 से 30 ग्राम से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।
- बादाम, अखरोट और अंजीर को सुपाच्य बनाने के लिए पूरी रात पानी में भिगोकर रखना चाहिए।
- इसे सुबह के समय या दोपहर के भोजन के बाद लेना चाहिए। ध्यान रखें ड्राई फ्रूट्स मुख्य भोजन की जगह पर ऑप्शन के तौर पर नहीं लेने चाहिए।
- सूखे मेवों को योगर्ट, फ्रूट, सलाद, दालों के साथ लेना चाहिए ताकि शरीर में फाइबर और माइक्रो न्यूट्रिएंट्स का संतुलन बना रहे।
- तले, नमकीन या मीठे ड्राई फ्रूट्स लेने से बचें, क्योंकि इनमें शुगर और सोडियम का स्तर ज्यादा होता है।

**अगर अधिक मात्रा में करें सेवन**

- ड्राई फ्रूट्स में कैलोरी ज्यादा होती हैं। इससे वजन बढ़ता है और यदि इसकी मात्रा पर ध्यान न दिया जाए तो ब्लड शुगर भी बढ़ता है।
- इनके साथ प्रोटीन, कॉम्प्लैक्स कार्बोहाइड्रेट और पानी की जरूरत होती है, ताकि यह शरीर की मसल्स को रिपेयर कर सकें।
- इनकी ज्यादा मात्रा भोजन को असंतुलित बनाती है। इसलिए ड्राई फ्रूट्स के साथ मोटे अनाज, दालें और सब्जियां ही लेनी चाहिए, लेकिन सीमित मात्रा में।
- कई ड्राई फ्रूट्स में ओमेगा-3 और ओमेगा-6 कम मात्रा में होता है। अगर इनकी ज्यादा मात्रा ली जाती है तो अपच और पेट में गैस जैसी समस्या हो सकती है।
- डायबिटीज, मेटाबॉलिक सिंड्रोम, किडनी संबंधी गंभीर बीमारियां और पाचन संबंधी रोगों से ग्रस्त व्यक्ति या जिन्हें ड्राई फ्रूट्स से एलर्जी हो, ऐसे लोगों को ड्राई फ्रूट्स नहीं खाने चाहिए। *



# सशक्त और परिपक्व हो रहा है भारतीय लोकतंत्रः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारा लोकतंत्र निरंतर परिपक्व हो रहा है। लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा अभिव्यक्ति के प्रमुख मंच हैं। विपक्ष की सकारात्मक आलोचना का भी इन सदनों के सत्रों में स्वागत किया जाता है। कई बार सदस्यों की अभिव्यक्ति और दिए गए सुझावों से सही दिशा में कार्य करना संभव हो जाता है। मध्यप्रदेश सरकार, मध्यप्रदेश विधानसभा की विभिन्न समितियों के सुझावों पर कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मप्र विधानसभा की ओर से वर्ष 2026-27 के लिए नवगठित सभा समितियों की संयुक्त बैठक को विधानसभा में संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर को विधानसभा समितियों की संयुक्त बैठक आहूत करने के लिए बधाई दी। उन्होंने सभी नवगठित समितयों के सभापतियों और सदस्यों को मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य के साथ ही अन्य राज्यों में भी इन समितियों के भ्रमण होते हैं। विधानसभा का पिछले दिसंबर माह में विशेष सत्र हुआ था, जो एक श्रेष्ठ परम्परा के रूप में हमारे सामने उदाहरण है। विभिन्न समितियां अपनी सक्रिय भूमिका से योजनाओं के आंकलन और विश्लेषण का दायित्व निभाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की कि मप्र विधानसभा के वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल स्वर्णिम होगा।

**खास बातें**

- विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा- विधानसभा का ही लघु स्वरूप है विधानसभा समितियां
- विधानसभा में हुई नव गठित सभा समितियों की पहली बैठक



बैठक को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।



### मंत्री विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने भी किया संबोधित

संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि विधानसभा सदस्यों पर यह दारोमदार है कि वे गठित समितियों का महत्व स्थापित करें। आचरण समिति की रिपोर्ट का भी अध्ययन करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि विधानसभा की समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। समितियों के माध्यम से जनहित के अनेक कार्य पूर्ण होते हैं। प्रारंभ में विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने संयुक्त बैठक में उपस्थित अतिथियों और सदस्यगण का स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और सभा समितियों के सभापति और सदस्यगण उपस्थित थे। संयुक्त बैठक के समापन पर प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष अजय विश्नोई ने आभार व्यक्त किया।

### बहनों की भागीदारी को महत्वपूर्ण बनाने की पहलः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लोकतंत्र में बहनों की भागीदारी को महत्वपूर्ण बनाने की पहल की है। पूरे देश में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के नेतृत्व में महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं। आने वाले समय में संसद में एक तिहाई स्थानों पर महिलाओं की भूमिका होगी। इसके लिए अप्रैल माह में ही संसद का विशेष सत्र हो रहा है। महिलाओं के लिए प्रस्तावित 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने की दिशा में जो पहल हुई है वह हमारे लोकतंत्र के परिपक्व और सशक्त होने का ही प्रमाण है।

### हमें पूर्वजों के बलिदान के कारण स्वतंत्रता मिली

*विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि हमें पूर्वजों के बलिदान के कारण स्वतंत्रता मिली है। लोकतांत्रिक व्यवस्था हमारे लिए गर्व का विषय है। लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना है। विधानसभा की भूमिका मां की तरह होती है। सभी सदस्य ऐसा ही भाव रखकर कार्य कर रहे हैं। विधानसभा की समितियां विधानसभा का ही लघु स्वरूप हैं।*

**खबर संक्षेप**

### सिस्टर ट्यूटर नियुक्ति रिजल्ट घोषणा पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश में सीधी भर्ती प्रक्रिया से सिस्टर ट्यूटर के पद पर होने वाली नियुक्तियों का परिणाम घोषित करने पर अंतरिम रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले पर अगली सुनवाई 23 अप्रैल को निर्धारित की है। जबलपुर निवासी रानू हरिनखेडे सहित 30 नर्सिंग ऑफिसर्स की ओर से दलील दी गई कि सरकार ने चिकित्सा शिक्षा (गैर-राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम, 2023 में संशोधन किया है। इसके तहत सिस्टर ट्यूटर पद पर पदोन्नति से भर्ती नियमों को कुल पदों के 10 फीसदी तक सीमित किया है। सीधी भर्ती को कुल पदों के 90 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है।

### मुलताई नपा निर्वाचित अध्यक्ष नीतू को राहत

**जबलपुर।** बैतूल की मुल्ताई नगर पालिका की निर्वाचित अध्यक्ष नीतू परमार को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने अधीनस्थ अदालत मुल्ताई के उस फैसले को अनुचित करार देते हुए निरस्त कर दिया, जिसमें अध्यक्ष के चुनाव को रद्द कर पुनः चुनाव कराने कहा गया था। नीतू परमार की ओर से हाईकोर्ट में अधीनस्थ अदालत के फैसले को चुनौती दी गई थी।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा, मंडियों में सुधारों से किसानों को फायदा

# तीन-स्तरीय सत्यापन, बायोमेट्रिक और जियो-फेंसिंग से मजबूत हुई खरीद व्यवस्था

### गेहूं खरीदारी पर बेवजह दुष्प्रचार से किसानों को गुमराह कर रहा विपक्ष

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की फसल के एक-एक दाने की खरीद के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष खरीद व्यवस्था को लेकर बेवजह दुष्प्रचार कर किसानों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन-स्तरीय सत्यापन, बायोमेट्रिक और जियो-फेंसिंग से खरीद व्यवस्था मजबूत हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि खरीद प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को जिलों की मंडियों की नियमित निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि उपायुक्तों (डीसी) को जिला स्तर पर प्रभारी बनाया गया है। मंत्री और विधायक भी लगातार मंडियों का दौरा कर रहे हैं ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सरकार ने खरीद प्रणाली में पारदर्शिता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए कई तकनीकी सुधार लागू किए हैं। तीन-स्तरीय फसल सत्यापन प्रणाली को अनिवार्य किया गया है, जिससे मंडियों में लाई गई फसल का पंजीकृत विवरण से मिलान सुनिश्चित होगा।



### गेहूं खरीद का 75 प्रतिशत सत्यापन पूरा : नायब

उन्होंने कहा कि आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन भी लागू किया गया है, जिसके तहत 8 अप्रैल तक 75 प्रतिशत गेहूं की खरीद का सत्यापन पूरा किया जा चुका है। किसानों की सुविधा के लिए तीन नामांकित व्यक्तियों को भी सत्यापन की अनुमति दी गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी मंडियों और गोदामों को जियो-फेंसिंग के दायरे में लाया गया है। अब तक 416 गेहूं मंडियों, 112 सरसों मंडियों और 179 अतिरिक्त स्थलों सहित 1,344 भंडारण केंद्रों की जियो-फेंसिंग पूरी हो चुकी है।



### यूपीएससी का सफर होगा आसान, प्री पास छात्रों को कोचिंग के लिए वित्तीय मदद मिलेगी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की कि यूपीएससी, एचपीएससी और न्यायिक सेवाओं की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले युवाओं को आगे की कोचिंग फीस के लिए सरकार वित्तीय सहायता देगी। यह सहायता मुख्यमंत्री युवा प्रतिभा प्रोत्साहन योजना के तहत दी जाएगी। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को 25 हजार से 70 हजार रुपये तक की मदद प्रदान की जाएगी। जिन परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख रुपये तक है, उनके बच्चों को 70 हजार रुपये, 1.80 लाख तक आय वाले परिवारों को 60 हजार रुपये, 3 लाख तक आय वालों को 50 हजार रुपये और 5 लाख तक आय वाले परिवारों को 25 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी।

**विश्वविद्यालयों मिलेगी कोचिंग सांयकालीन कक्षाएं शुरू होगी**

उन्होंने कहा कि राज्य के सभी सरकारी विश्वविद्यालयों में यूपीएससी और एचपीएससी की कोचिंग के लिए सांयकालीन कक्षाएं भी शुरू की जाएंगी, ताकि अधिक से अधिक युवा इन परीक्षाओं में सफल हो सकें। मुख्यमंत्री ने नव-चयनित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और जनसेवा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के निर्णय लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करते हैं।

## शिवपुरी में प्रशिक्षण वर्ग में हुए शामिल

# अनुशासन व समय की पाबंदी ही पार्टी को करती है मजबूती प्रदान : जामवाल



बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने मंगलवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत शिवपुरी जिले के दिनारा, करैरा एवं सिरसौद मंडल में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित किया।

इस दौरान क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का अनुशासन और समय की पाबंदी ही पार्टी को मजबूती प्रदान करती है।

### कार्यकर्ता पार्टी के मिशन को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाएं

जामवाल ने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने कर्तव्यों के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहना चाहिए। भाजपा का कार्यकर्ता हमेशा अपने सिद्धांतों के प्रति दृढ़ होता है और किसी भी परिस्थिति में इनसे समझौता नहीं करता। यही कारण है कि पार्टी हर चुनाव में सफलता प्राप्त करती है और निरंतर

### चावड़ा ने गेहूं उपार्जन फैसले पर सीएम का माना आभार

**भोपाल।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने मंगलवार को मप्र मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया है। चावड़ा ने कहा कि सरकार ने 9 अप्रैल से किसानों के हित में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का जो फैसला लिया है, वह स्वागत योग्य है।

## घमतरी में कोसरिया परिवार ने पेश की अनूठी मिसाल

# बेटी हुई है! कार पर बैनर लगाकर अस्पताल से घर तक मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

वंश में 24 साल बाद बेटी हुई है। स्वजन की खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। अस्पताल से घर तक धूमाल व ढोल-नगाड़े के साथ करीब दो किलोमीटर तक स्वजन व लोग पूरी सड़क भर थिरकते हुए उसे घर ले गए।

बकायदा जिस कार में बेटी सवार हुई थी, उसे सजाकर बड़े अक्षरों में लिखा हुआ था कि बेटी हुई है। इस परिवार में सालों बाद बेटी पैदा हुई, तो उनके स्वागत का जश्न देखने पूरा शहर मजबूर हो गया, क्योंकि इससे पहले बेटी के जन्म पर इस तरह का स्वागत किसी ने नहीं देखा था, जो पहली बार हुआ है।

### डेढ़ किलोमीटर तक हुई आतिशबाजी और नृत्य

*धमतरी शहर के मकेश्वर वार्ड निवासी रूपेश कोसरिया व उनकी पत्नी किरण कोसरिया को प्रथम संतान के रूप में एक अप्रैल को बेटी हुई है। उनके कोसरिया परिवार के वंश में 24 साल बाद पहली बेटी ने जन्म लिया है, तो पूरा परिवार खुशी से झूम उठा। खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। छह अप्रैल को जब धमतरी-रायपुर रोड स्थित निजी अस्पताल से मां व बेटी को स्वजन लाने गए, तो उनके स्वजन ने नन्हीं बेटी के स्वागत में रास्तेभर ऐसा जश्न मनाया कि पूरा शहर देखता रहा। धूमाल, ढोल-नगाड़ा और आतिशबाजी के साथ करीब डेढ़ से दो किलोमीटर सड़क में नाचते हुए उसे लाया गया। लोग इसे किसी शादी या अन्य जश्न समझ रहे थे, लेकिन हकीकत पता चली तो सब आश्चर्यचकित रह गए। जिस कार में बेटी को बिठाया गया, उस पर बकायदा एक बड़ा बैनर लगाया गया था जिसमें लिखा था- बेटी हुई है।*

### परिवार ने समाज को दिया बड़ा संदेश

*बच्ची के ताऊ (बड़े पिताजी) दीपक कोसरिया ने बताया कि उनके परिवार में 24 साल बाद बेटी का जन्म हुआ है। उनके घर में बहन के बाद पहली बार बेटी आई है, इसलिए यह खुशी खास है। बेटी कोई बोझ नहीं होती, उसे अच्छी शिक्षा और बेहतर भविष्य देना ही परिवार की जिम्मेदारी है। घर में बेटी होना गर्व की बात है और यह भगवान का आशीर्वाद है। परिवार के इस कदम की पूरे शहर में सराहना हो रही है।*

## जिसे डब्ल्यूएचओ ने 'असंभव' कहकर छोड़ा, पतंजलि ने उसे किया साकार



**हरिद्वार।** कभी दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य संस्था ने जिस काम को 'असंभव' मानकर बीच रास्ते में छोड़ दिया था, उसी कार्य को भारत में एक संकल्प ने न केवल आगे बढ़ाया बल्कि उसे इतिहास में दर्ज कर दिया। यह कहानी है उस अद्भुत पुरुषार्थ की, जहां तप, शोध और दूरदर्शिता ने मिलकर 'विश्व भेषज संहिता' जैसा महाग्रंथ रच दिया और आज हालात यह है कि डिजिटल युग की दिग्गज कंपनी गूगल भी उसी ज्ञान को प्राप्त करने के लिए पतंजलि के दरवाजे पर दस्तक दे रही है। वर्ष 1999 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू की। लक्ष्य था, दुनिया भर की वनस्पति आधारित चिकित्सा पद्धतियों, औषधीय पौधों और पारंपरिक ज्ञान को एकत्रित कर एक वैश्विक दस्तावेज तैयार करना। 11 वर्षों की मेहनत के बाद 2010 में डब्ल्यूएचओ ने इस परियोजना को रोक दिया। कारण साफ था, यह कार्य अत्यधिक व्यापक, जटिल एवं लगभग असंभव सा प्रतीत हो रहा था। अंततः डब्ल्यूएचओ केवल तीन सीमित वॉल्यूम तक ही सिमट गया। उसी समय, बिना किसी वैश्विक शोर-शराबे के पतंजलि योगपीठ ने 2003-04 से इसी दिशा में काम शुरू कर दिया था। संस्थान को यह भी ज्ञात नहीं था कि डब्ल्यूएचओ इस पर पहले से कार्य कर चुका है। लेकिन अंतर था, दृष्टिकोण, धैर्य और तपस्या का। जहां वैश्विक संस्थान रुक गया, वहीं से पतंजलि की यात्रा तेज होती चली गई।तपस्या से तैयार हुआ वैश्विक ज्ञानकोष- करीब दो दशकों की निरंतर शोध और संकलन के बाद 2022 में यह कार्य अपने पूर्ण स्वरूप में सामने आया। इस दौरान -3.60 लाख पौधों में से 50 हजार औषधीय पौधों की पहचान, -2000+ जनजातियों के पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण, 964 हीलिंग प्रैक्टिसेस का संकलन, 9+ चिकित्सा पद्धतियों का समावेश -12 लाख से अधिक स्थानीय (वर्नाक्युलर) नामों का संग्रह, -2200 से अधिक स्त्रोतों पर आधारित शोध, इन सबको समेटकर तैयार हुआ लगभग 1.25 लाख पृष्ठों का 'विश्व भेषज संहिता'।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने रायसेन-विदिशा जिले में की बैठकें

# भाजपा का उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना नहीं सशक्त और समृद्ध राष्ट्र बनाना हैः हेमंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने मंगलवार को रायसेन एवं विदिशा जिले में आयोजित मंडल प्रशिक्षण वर्ग, जिला पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि बैठक एवं छोटी टोली बैठक को संबोधित किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल ही नहीं, एक ऐसी विचारधारा और मिशन है, जो देश के हर नागरिक की प्रगति और समृद्धि के लिए काम करता है। भाजपा का उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना नहीं, हर समाज वर्ग के उत्थान के लिए काम करना है, ताकि हम एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र बना सकें।

हमारी विचारधारा और संगठनात्मक शक्ति के कारण ही आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। यह कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और हमारे सिद्धांतों के प्रति अडिग विश्वास का परिणाम है। हम सब मिलकर एक महान राष्ट्र के निर्माण के लिए काम कर रहे हैं। खण्डेलवाल ने कहा कि हमारी सफलता केवल एक क्षणिक उपलब्धि नहीं होती, बल्कि यह निरंतर मेहनत और सीखने की प्रक्रिया का परिणाम होती है। हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि हम पहले से ही सफलता के शिखर पर हैं, क्योंकि सफलता एक निरंतर चलने वाली यात्रा है, जो सीखने और आगे बढ़ने से ही संभव हो सकती है।



खंडेलवाल ने विदिशा प्रवास के दौरान कार्यकर्ता निर्मला बब्लू वर्मा के निवास पर भेंट कर भोजन किया।

बैठक के बाद खण्डेलवाल ने विदिशा प्रवास के दौरान बूथ कार्यकर्ता निर्मला बब्लू वर्मा के निवास पर उनके परिवारजनों से आत्मीय भेंट कर भोजन किया।

## निटर के 62वें स्थापना दिवस कार्यक्रम के दूसरे दिन उच्च शिक्षा मंत्री ने किया संबोधित

# शिक्षकों को सशक्त बनाना भारत की शैक्षिक प्रगति की कुंजी : परमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर) में संस्थान का 62 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि इंदर सिंह परमार मंत्री (उच्च शिक्षा, आयुष और तकनीकी शिक्षा), मध्यप्रदेश सरकार, ने निटर द्वारा तैयार किए गए 11 इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (मूक्स) का औपचारिक शुभारंभ किया।

परमार ने कहा कि निटर भोपाल ने लगातार प्रयासों और समर्पित कार्य के माध्यम से भारत में एक विशिष्ट स्थान बनाया है। मध्यप्रदेश में कई राष्ट्रीय संस्थान मौजूद हैं और उच्च शिक्षा विभाग उन्हें निटर भोपाल के मॉडल के अनुरूप सहयोग करने के लिए तैयार है। विभाग शिक्षक प्रशिक्षण को सशक्त बनाने और राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षक ही एनईपी के वाहक हैं। इस अवसर पर निटर भोपाल का ट्रेनिंग कैलेंडर भी विमोचित किया गया, जिसमें मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के लिए सर्वाधिक प्रशिक्षण शामिल है।



स्थापना दिवस कार्यक्रम में संबोधित करते मंत्री इंदर सिंह परमार।

### मुख्य विषयों और प्रयोगशाला कौशल दोनों में सशक्त बनेंगे

अनुपम राजन, आईएएस, एसीएस, उच्च शिक्षा विभाग ने निटर भोपाल के प्रशिक्षण कार्यक्रमों और प्रयोगशाला सुविधाओं की सराहना की। उच्च शिक्षा विभाग की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि निटर के साथ सहयोग करके विभाग शिक्षक प्रशिक्षण को मुख्य विषयों और प्रयोगशाला कौशल दोनों में सशक्त बनाया जाएगा। प्रो. गोबर्धन दास, निदेशक, आइसर भोपाल ने भारत की ऐतिहासिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत केवल एक विकासशील राष्ट्र नहीं है, बल्कि पुनर्विकासशील राष्ट्र है। कभी विश्व गुरु रहे भारत की युवा पीढ़ी, वरिष्ठ पीढ़ी के मार्गदर्शन और सहयोग से इसे फिर से वैश्विक मान्यता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रो.खेमसिंह डेहरिया, अध्यक्ष, प्राइवेट यूनिवर्सिटीज रेगुलेटरी कमीशन ने निटर भोपाल द्वारा लॉन्च किए गए मूक्स की सराहना की। कहा कि यह पाठ्यक्रम देश भर के अनेक विश्वविद्यालयों को लाभान्वित करेंगे।

### कौशल बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए

प्रो. चंद्र चारु त्रिपाठी ने कहा कि संस्थानों के छात्रों को मूक्स में भाग लेकर अपने कौशल बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। संस्थान प्रमुख का यह दायित्व है कि वे छात्रों को विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञ शिक्षकों से लाभ प्राप्त करने का अवसर दें। संस्थान आगामी वर्ष से भारतीय ज्ञान परंपरा में बीएस-एमएस प्रोग्राम भी शुरू करने जा रहा है। आज करीब 85 प्रतिशत नौकरियां कौशल पर आधारित हैं। इसलिए निटर भोपाल अनुभवात्मक शिक्षा और व्यावहारिक कौशल विकास पर केंद्रित है। प्रो. संजय अग्रवाल ने निटर भोपाल के विकास यात्रा और भविष्य की योजनाओं का वर्णन किया।

## युवक गले में सांप लपेटकर गलियों में घुमा, लोग हैरान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर



सरगुजा जिले के ग्राम पंचायत रेवापुर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक गांव की गलियों में अपने गले में विशालकाय सांप लटकाए बेखौफ घूमता नजर आया। इस घटना का वीडियो अब इंटरनेट मीडिया में तेजी से प्रसारित हो रहा है। बताया जा रहा है कि हाबील नामक युवक सुबह के समय सांप को गले में डालकर पूरे गांव में घूमता रहा। उसे इस हालत में देखकर गांववाले दंग रह गए। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक के गले में लटका सांप जहरीला नहीं था, लेकिन हैरानी की बात यह है कि हाबील जहरीले सांपों को भी पकड़ने में माहिर बताया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार हाबील पिछले कई वर्षों से बिना किसी सुरक्षा उपकरण के सांप पकड़ने का काम करता है और कई बार जहरीले सांपों को भी अपने हाथों में काबू कर चुका है। यही वजह है कि गांव में उसकी अलग पहचान बन चुकी है।

## महतारी वंदन योजना की 26वीं किस्त जारी, खातों में पहुंची राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ की लाखों महिलाओं के लिए मंगलवार का दिन खुशियों भरा रहा। प्रदेश सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी 'महतारी वंदन योजना' के तहत 26वीं किस्त की राशि जारी कर दी है। मुख्यमंत्री की इस पहल से राज्य की लगभग 68.48 लाख विवाहित महिलाओं के बैंक खातों में कुल 641.62 करोड़ की राशि सीधे ट्रांसफर की गई है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचा लाभ इस बार की किस्त की सबसे खास बात बस्तर संभाग का डेटा रहा। सरकार की 'नियद नेल्ला नार' (आपका अच्छा गांव) योजना के तहत आने वाले सुदूर और नक्सल प्रभावित इलाकों की 7,773 महिलाओं के खातों में भी सफलता पूर्वक राशि भेजी गई है। यह दर्शाता है कि योजना का लाभ अब प्रदेश के अंतिम छोर पर बैठी महिला तक भी सुलभता से पहुंच रहा है।

चिंतन

# मध्यपूर्व में युद्धविराम दुनिया को देगा राहत

मध्यपूर्व की बारूदी जमीन पर 40 दिन तक चले संघर्ष के बाद अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच घोषित दो सप्ताह का युद्धविराम निस्संदेह दुनिया के लिए राहत की सांस लेकर आया है। यह विराम केवल गोलियों और मिसाइलों की खामोशी भर नहीं है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा बाजार और आम आदमी की रसोई तक फैले संकट से अस्थायी निजात का संकेत भी है। सवाल यह है कि क्या यह युद्धविराम स्थायी शांति की प्रस्तावना है या सिर्फ एक खतरनाक संघर्ष का छोटा सा 'पॉज'? हालांकि उम्मीद की जा सकती है कि अब दुनिया को कुछ राहत मिलेगी। इससे तेल, गैस, उर्वरकों और खाद्य पदार्थों की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। ईरान और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जिद्द ने पूरी दुनिया को संकट में धकेल दिया था। होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से इस लड़ाई की आंच लोगों की रसोई तक पहुंच गई थी। श्रमिकों, व्यापारियों और आमजन समेत हर वर्ग पर इसका व्यापक असर साफ देखा गया था। तेल, रसोई गैस और उर्वरक तक महंगे हो गए थे। होर्मुज खुलने से तेल, गैस और खाद्य पदार्थ आसानी से लोगों तक पहुंच सकेंगे। उम्मीद की जा सकती है कि अमेरिका, इजराइल और ईरान दोबारा ऐसा कदम नहीं उठाएंगे। होर्मुज जलडमरूमध्य पर मंडराते खतरे ने वैश्विक तेल आपूर्ति को हिला दिया था। तेल, गैस और उर्वरकों की कीमतों में उछाल ने विकासशील देशों की कमर तोड़ दी। भारत जैसे कृषि-प्रधान देश में इसका सीधा असर खेत और रसोई दोनों पर दिखा। महंगे उर्वरकों ने किसानों की लागत बढ़ाई तो रसोई गैस और खाद्य पदार्थों की कीमतों ने आम आदमी की थाली को प्रभावित किया। ऐसे में यह युद्धविराम आर्थिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण है। इससे तेल और गैस की आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद जगी है, जिससे महंगाई पर कुछ अंकुश लग सकता है। भारत, चीन और ब्राजील जैसे बड़े कृषि उत्पादक देशों के लिए यह राहत इसलिए भी अहम है, क्योंकि उनकी उर्वरक जरूरतें खाड़ी क्षेत्र पर निर्भर हैं। यदि आपूर्ति बहाल रहती है, तो आगामी कृषि सत्र अपेक्षाकृत स्थिर रह सकता है, लेकिन इस राहत के पीछे छिपी कड़वी सच्चाई को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह युद्धविराम किसी स्थायी समाधान का परिणाम नहीं, बल्कि परिस्थितियों की मजबूरी का उत्पाद है। अमेरिका में चुनावी दबाव, इज़राइल की सैन्य रणनीति और ईरान की क्षेत्रीय पकड़ इन सबके बीच यह समझौता हुआ है। यह शांति की इच्छा से ज्यादा, थकान और दबाव का समझौता प्रतीत होता है।सबसे बड़ी चिंता यह है कि यह युद्धविराम केवल दो सप्ताह के लिए है। इतने कम समय में दशकों पुराने अविश्वास, वैचारिक टकराव और सामरिक प्रतिस्पर्धा को खत्म करना लगभग असंभव है। पूरे घटनाक्रम में एक और महत्वपूर्ण पहलू है क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की भूमिका। पाकिस्तान के जरिए हुई मध्यस्थता ने भले ही अस्थायी राहत दिलाई हो, लेकिन यह भी साफ है कि बिना व्यापक और ईमानदार कूटनीतिक प्रयासों के स्थायी समाधान संभव नहीं है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक शक्तियों को इस अवसर को गंवाना नहीं चाहिए। कहा जा सकता है कि अगर इस अवसर को गंभीर कूटनीतिक पहल, आपसी विश्वास निर्माण और दीर्घकालिक रणनीति से नहीं जोड़ा गया, तो यह केवल एक विराम बनकर रह जाएगा, जिसके बाद संघर्ष और अधिक तीव्रता के साथ लौट सकता है। दुनिया को अब युद्धविराम से आगे बढ़कर शांति की स्थायी इबारत लिखनी होगी। इसके लिए सभी शक्तिशाली देश प्रयास करें।



# नारी शक्ति का सशक्तिकरण जरूरी

महिला आरक्षण बिल
नरेंद्र मोदी

16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारतवर्ष की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। हमारी नारी शक्ति देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारी शक्ति मिसाल बन रही है। हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब माताओं-बहनों को आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलते हैं।

इक्कीसवीं सदी की विकास यात्रा में हमारा भारत एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण की ओर आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में हम अपने लोकतंत्र को और मजबूत करने वाली एक बड़ी पहल के साक्षी बनने वाले हैं। यह ऐसा अवसर है, जब समानता, समावेशन और जनभागीदारी के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता एक नए रूप में सामने आएगी। यह ऐसा समय है, जब हमारे देश की संसद को एक महत्वपूर्ण दायित्व निभाना है। उसे ऐसा कदम आगे बढ़ाना है, जो हमारे लोकतंत्र को अधिक व्यापक एवं और अधिक प्रतिनिधिक बनाए। संसद का यह निर्णय महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई शक्ति देगा और लोकसभा और विधानसभाओं संस्थाओं में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करेगा। आने वाले दिनों में भारत के अलग-अलग हिस्सों में अनेक पर्व मनाए जाएंगे। असम के लोग रोंगाली बिहू मनाने वाले हैं और ओडिशा में महा बिशुबा पणा संक्रांति का उत्सव मनाया जाएगा। पश्चिम बंगाल में पोइला बैशाख के साथ बंगाली नववर्ष की शुरुआत होगी। केरलम में विषु पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। तमिलनाडु के लोग उत्सुकता से पुथांडु की प्रतीक्षा कर रहे हैं, तो पंजाब और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में लोगों को बैसाखी के पर्व का इंतजार है।

हमारे ये पावन पर्व हर किसी में एक नई आशा का संचार करने वाले हैं। भारत के साथ-साथ दुनियाभर में इन त्योहारों को मनाने वाले सभी लोगों को मैं हृदय से शुभकामनाएं देता हूं। मैं ये कामना करता हूं कि ये दिव्य और पावन अवसर हम सभी के जीवन में सुख-समृद्धि लेकर आएं। इसी दौरान 11 अप्रैल से महात्मा फुले की 200वीं जयंती के समारोह भी शुरू होंगे। 14 अप्रैल को हम भारतवासी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती मनाएंगे। ये दोनों तिथियां हमें सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा के उन मूल्यों की भी याद दिलाती हैं, जिन्होंने आधुनिक होते भारत की दिशा तय की हैं। इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच, 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारतवर्ष की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। हमारी नारी शक्ति देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारी शक्ति मिसाल बन रही है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी से लेकर एंटरप्रेन्योरशिप तक, खेल के मैदान से लेकर सशस्त्र बलों तक और संगीत से लेकर कला के क्षेत्र में महिलाएं अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। हमारी माताएं-बहनें और बेटियां देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब माताओं-बहनों को आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलते हैं। इसी सोच के साथ बीते 11 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करने पर जोर दिया गया है, इसके लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। शिक्षा तक बढ़ती पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, वित्तीय समावेशन में बढ़ोतरी और बुनियादी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच ने आर्थिक और सामाजिक जीवन में महिलाओं की



भागीदारी को मजबूती दी है। ये भी सच्चाई है कि इन सारे प्रयासों के बावजूद राजनीति और विधायी संस्थाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व समाज में उनकी भूमिका के अनुरूप नहीं रहा है। इस कमी को अब दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि जब महिलाएं प्रशासन चलाने और प्रशासनिक निर्णयों में हिस्सा लेती हैं, तो उनका अनुभव और विजन बहुत काम आता है। इससे चर्चा तो समृद्ध होती ही है, क्वालिटी ऑफ गवर्नेंस में सुधार भी होता है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल प्रतिनिधित्व का विषय नहीं है, ये हमारे लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, अधिक संतुलित और अधिक उत्तरदायी बनाने का प्रयास है। पिछले कई दशकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के लिए बार-बार प्रयास हुए हैं। समितियां गठित की गईं, विधेयकों के मसौदे प्रस्तुत किए गए, लेकिन वे कभी पारित नहीं हो सके। फिर भी, इस बात पर व्यापक सहमति रही है कि विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। सितंबर 2023 में संसद ने सर्वसम्मति से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। यह मेरे जीवन के सबसे विशेष अवसरों में से एक रहा है। अब जरूरत है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और आने वाले समय में राज्यों के विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ कराए जाएं। महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने का यह अवसर हमारे संविधान की मूल भावना के साथ गहराई से जुड़ा है। हमारे संविधान निर्माताओं ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां समानता न केवल संविधान में निहित हो, बल्कि उसे व्यवहार में भी लाया जाए। विधायी संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना, उस परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है। यह एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें राष्ट्र का भविष्य तय करने में प्रत्येक नागरिक की समान भूमिका हो। अब इस निर्णय को और टाला नहीं जा सकता। दशकों से इसकी आवश्यकता को स्वीकार किया गया है। इस पर चर्चा हुई है, इसे बार बार दोहराया गया है। अगर अब भी हम इसे आगे टालते हैं, तो उसका अर्थ यही होगा कि हम उस असंतुलन को और लंबा खींच रहे हैं, जिसे हम पहचानते भी हैं और सुधारने की क्षमता भी रखते हैं। आज भारत पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसलिए ये जरूरी है कि हमारी संस्थाएं सभी नागरिकों, विशेष रूप से हमारी आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की आकांक्षाओं का सम्मान करें। इससे न सिर्फ दशकों पुराना संकल्प पूरा होगा, बल्कि विकास की गति को बनाए रखने में भी बहुत मदद मिलेगी। यह हमारे लोकतंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाने और भविष्य के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम होगा। यह किसी एक सरकार, एक दल या एक व्यक्ति का विषय नहीं है। यह पूरे राष्ट्र का विषय है। हमें मिलकर इस कदम के महत्व को समझना है और मिलकर ही इसे साकार करना है। यही हमारी नारी शक्ति के प्रति हमारा दायित्व भी है, इसलिए महिला आरक्षण बिल को पारित कराने के लिए सहमति बहुत जरूरी है। इसे बड़े राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर देखा जाना चाहिए। ऐसे अवसर हमें यह याद दिलाते हैं कि कुछ फैसले अपने समय से बड़े होते हैं। वे आने वाली पीढ़ियों की दिशा तय करते हैं। संसद का यह ऐतिहासिक सत्र करीब आ चुका है। मैं सभी दलों के सांसदों से हमारी नारी शक्ति के लिए इस महत्वपूर्ण कदम का समर्थन करने का आग्रह करता हूं। हम जिम्मेदारी और दृढ़ संकल्प के साथ इस दायित्व को पूरा करें। आइए, हम अपने लोकतंत्र की सर्वोच्च परंपराओं के अनुरूप इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

( लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आर्थिकी
अनिरुद्ध प्रताप सिंह



# बाजार की चाल, अस्थिर रुपया और आरबीआई की सीमाएं

पिछले कुछ समय से वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव, विशेषकर ईरान-अमेरिका–इजराइल के बीच जारी संघर्ष ने भारत की अर्थव्यवस्था को सीधे प्रभावित किया है और इसका सबसे स्पष्ट असर रुपये पर देखने को मिला है। पिछले दो हफ्तों में रुपये का व्यवहार लगभग वैसा ही रहा है जैसा आर्थिक सिद्धांत बताते हैं, यानी जैसे-जैसे जोखिम बढ़ा, पूंजी बाहर निकली, तेल महंगा हुआ और घरेलू मुद्रा दबाव में आ गई। रुपये में आई तेज गिरावट केवल एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह उस गहरे असंतुलन का संकेत है, जो वैश्विक और घरेलू कारकों के मिलन से पैदा हुआ है। यह स्थिति इस बात को भी उजागर करती है कि जब बड़ी मात्रा में विदेशी पूंजी तेजी से बाहर निकलती है, तो भारत का भुगतान संतुलन उतना मजबूत सुरक्षा कवच नहीं रह जाता, जितना सामान्य परिस्थितियों में माना जाता है। इस घटनाक्रम की शुरुआत ऊर्जा बाजार से हुई। युद्ध के कारण तेल की आपूर्ति पर खतरा बढ़ा और कीमतों में तेजी आई। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर हैं, उन्हें अधिक डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। इससे डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपया कमजोर होता है। इसी के साथ विदेशी निवेशकों का भरोसा भी डगमगाया और उन्होंने भारतीय बाजारों से पैसा निकालना शुरू कर दिया। परिणामस्वरूप डॉलर की उपलब्धता और कम हो गई, जिससे रुपये पर दोहरा दबाव पड़ा। यह वही स्थिति है, जिसे अर्थशास्त्र में मांग और आपूर्ति के सरल सिद्धांत से समझाया जाता है-जब डॉलर की मांग बढ़ती है और आपूर्ति घटती है, तो उसकी कीमत बढ़ती है और रुपया गिरता है। 30 मार्च आते-आते यह स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि रुपया अपने इतिहास के सबसे कमजोर स्तर के करीब पहुंच गया, दिन के दौरान लगभग 95 प्रति डॉलर तक फिसल गया। पूरे वित्तीय वर्ष में रुपये में लगभग 11 प्रतिशत की गिरावट यह दिखाती है कि यह केवल अल्पकालिक उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि एक संरचनात्मक दबाव है। असली कहानी केवल स्पॉट रेट की नहीं है, बल्कि उस व्यापक वित्तीय अस्थिरता की है जो इसके पीछे काम कर रही थी। जैसा कि हम जानते हैं कि जब भूराजनीतिक तनाव बढ़ता है, तो उसका असर केवल शेयर बाजार या मुद्रा तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरी वित्तीय प्रणाली में फैल जाता है। विदेशी मुद्रा बाजार में यह अस्थिरता सबसे पहले दिखाई देती है, जहां रुपये और डॉलर की कीमतें तेजी से बदलने लगती हैं। बैंक और डीलर इस जोखिम को संभालने की कोशिश करते हैं, लेकिन वे इसे स्प्रेड यानी खरीद और बिक्री के दाम के अंतर के रूप में ग्राहकों पर डाल देते हैं। सामान्य समय में यह अंतर बहुत कम होता है, लेकिन जब बाजार में घबराहट बढ़ती है, तो यही स्प्रेड बढ़ जाता है और हर लेन-देन महंगा हो जाता है। इस बार स्थिति और जटिल इसलिए हो गई है, क्योंकि बाजार में असंतुलन बहुत बढ़ गया है। सामान्यतः भारत के अंदर और विदेशों में रुपये की कीमत लगभग समान रहती है, लेकिन जब इन दोनों के बीच अंतर बढ़ने लगे, तो यह बाजार में गड़बड़ी और अनिश्चितता का संकेत होता है। इसी अंतर का फायदा उठाने के लिए ट्रेडर्स सक्रिय हो गए और आर्बिट्राज के जरिए लाभ कमाने लगे। 30 मार्च को डॉलर-रुपया बाजार में कुल लेन-देन लगभग 302 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो असामान्य रूप से अधिक था। इस पूरे तंत्र के केंद्र में एक असहज सच्चाई भी है-विदेशी मुद्रा बाजार केवल अस्थिरता को झेलता ही नहीं, बल्कि उससे लाभ भी कमाता है। बैंक और वित्तीय संस्थाएं बढ़ते स्प्रेड के जरिए ज्यादा मुनाफा कमाती हैं। इसके अलावा, उनके ट्रेजरी डेस्क भी बाजार की दिशा पर दांव लगाते हैं, जिसे तकनीकी रूप से जोखिम प्रबंधन कहा जाता है, लेकिन वास्तविकता में यह भी एक प्रकार की सट्टेबाजी होती है। ऑनशोर बाजार और ऑफशोर नॉन-डिलीवेरेबल फॉरवर्ड (एनडीएफ) के बीच का अंतर इस खेल को और बढ़ाता है। युद्ध, पूंजी का तेज बहिर्वाह, डॉलर की मजबूती और वैश्विक बाजारों की अस्थिरता जैसी स्थितियों से मुकाबले के लिए आरबीआई के पास सीमित उपकरण हैं, जैसे ब्याज दरों में बदलाव या विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग। जब बाहरी दबाव बहुत अधिक होता है, तो ये उपाय पूरी तरह प्रभावी नहीं हो पाते। यही कारण है कि आज का संकट केवल नीति की विफलता नहीं, बल्कि एक ऐसी वैश्विक व्यवस्था का परिणाम है, जिसमें राष्ट्रीय संस्थाओं की सीमाएं स्पष्ट हो जाती हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए केवल अल्पकालिक हस्तक्षेप पर्याप्त नहीं, बल्कि एक मजबूत, पारदर्शी और गहरे घरेलू विदेशी मुद्रा बाजार का निर्माण करना होगा, ताकि बाहरी झटकों का असर प्रभावी ढंग से कम किया जा सके।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## श्वास जीवन की पहली और आखिरी क्रिया



संकलित
दर्शन

क्या आपने कभी गिना है कि एक मिनट में आप कितनी बार श्वास लेते हैं? श्वास जीवन की पहली और अंतिम क्रिया है। पूरे जीवन भर हम श्वास लेते रहते हैं, पर उस पर ध्यान नहीं देते। शरीर की लगभग 90 प्रतिशत अशुद्धियाँ श्वास से बाहर निकलती हैं, क्योंकि हम 24 घंटे श्वास लेते हैं, पर अपनी फेफड़ों की क्षमता का केवल 30 प्रतिशत ही उपयोग करते हैं। एक मिनट में हम लगभग सोलह-सत्रह बार श्वास लेते हैं। यदि आप चिंतित हैं तो यह बीस तक बढ़ सकती है, यदि आप क्रोध या अत्यधिक तनाव में हैं तो यह पच्चीस तक जा सकती है। शांत और प्रसन्न होने पर यह लगभग 10 रहती है और ध्यानावस्था में केवल दो-तीन श्वास प्रति मिनट। गहरा ध्यान श्वास की गति को अत्यंत धीमा कर देता है। मन पतंग के समान है और श्वास उसकी डोर। पतंग जितनी ऊंची उड़ानी हो, डोर उतनी लंबी चाहिए। यदि आप श्वास पर ध्यान देना सीख लें, तो किसी औषधि की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। श्वास अपार ऊर्जा प्रदान करती है और प्राणशक्ति को बढ़ाती है। ऊर्जा के चार स्रोत बताए गए हैं- भोजन, नींद, प्राणायाम (सुदर्शन क्रिया) और ध्यान में बिताए गए क्षण। इन सबका संतुलन समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। सुदर्शन क्रिया के लयबद्ध श्वास-प्रवाह से शरीर की विषाक्तता घटती है और मन में शांति बढ़ती है। शोध से यह प्रमाणित हुआ है कि सुदर्शन क्रिया रोग प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाती है।


## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहा- महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा है- आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाई- महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहा- ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोला- हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहा- तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहा- मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहा- क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ।

## अंतर्मन




### आज की पाती

### पौधे रोपना कितना जरूरी?

आज हमें जो पेड़ों से फल और जीने के लिए मुफ्त की ऑक्सीजन मिल रही है, और इन पेड़ों को हमारे पूर्वजों और बुजुर्गों ने लगाया था। सोचो! अगर उन्होंने अपने समय में पौधे न लगाए होते तो आज हमें बहुत से पेड़ न नजर आते। और उन्होंने भी अगर आज की तरह पेड़ धड़ाधड़ काटे होते तो आज हमारा देश, जोकि प्राकृतिक सौंदर्य का खजाना माना जाता है, यहां रेगिस्तान ही रेगिस्तान नजर आते। अगर हमें अपनी भावी पीढ़ी को पेड़ों से मिलने वाली मुफ्त ऑक्सीजन का तोहफा देना है तो हमें भी जहां भी जगह मिले, वहां पौधे लगाने चाहिए और जब भी कोई घर, फैक्टरी या अन्य किसी भी प्रकार का निर्माण करें तो अपने यहां एक-दो पौधे लगाने की जगह जरूर छोड़नी चाहिए।

*- मुकेश देवांगन, बलौदाबाजार*

करंट अफेयर

## ग्रामीण भारत में 46% लोग भूमिहीन : रिपोर्ट


देश के ग्रामीण इलाकों में शीर्ष 10 प्रतिशत परिवारों के पास 44 प्रतिशत जमीन है, जबकि 46 प्रतिशत भूमिहीन हैं। 'वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब' के एक अध्ययन में यह बात कही गई है। 'भारत में भूमि असमानता : प्रकृति, इतिहास एवं बाजार' शीर्षक वाले इस कार्य-पत्र में कहा गया है कि ग्रामीण भारत में शीर्ष पांच प्रतिशत परिवार 32 प्रतिशत जमीन के मालिक हैं, जबकि शीर्ष एक प्रतिशत परिवारों के पास 18 प्रतिशत कृषि भूमि है। यह अध्ययन नितिन कुमार भारती, डेविड ब्लेकस्ली और समरीन मलिक ने संयुक्त रूप से किया है। अध्ययन में करीब 65 करोड़ लोगों और 2.7 लाख गांवों के भूमि आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रामीण स्तर पर भूमि असमानता का औसत गिनी सूचकांक (0 से 100 के पैमाने पर) भूमिहीन परिवारों को शामिल करने पर 71 तक पहुंच जाता है जबकि 46 प्रतिशत ग्रामीण परिवार पूरी तरह भूमिहीन हैं। अध्ययन रिपोर्ट कहती है कि औसतन किसी गांव में सबसे बड़ा जमींदार लगभग 12 प्रतिशत जमीन नियंत्रित करता है, जबकि कुछ गांवों में एक ही व्यक्ति के पास आधे से अधिक कृषि भूमि है। राज्यों के बीच असमानता के स्तर में भी बड़ा अंतर देखा गया है, जो वैश्विक स्तर पर देशों के बीच पाए जाने वाले अंतर के लगभग बराबर है।



ऑफ बीट

## ब्यूटी पार्लर में बाल धुलवाने से बीपीएसएस का खतरा

थकान मिटाने, 'फील गुड' करने और बालों की चमक बढ़ाने के लिए लोग अक्सर हेयर स्पा का सहारा लेते हैं। हालांकि, ब्यूटी पार्लर या सैलून में हेयर स्पा की प्रक्रिया के बाद बालों की धुलाई 'ब्यूटी पार्लर स्ट्रोक सिंड्रोम' (बीपीएसएस) नाम की एक गंभीर दुर्लभ स्वास्थ्य जटिलता का कारण बन सकती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि ब्यूटी पार्लर या सैलून में बालों की धुलाई के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 'बैकवॉश बेसिन' पर एक विशेष कोण पर सिर टिकाकर बैठने या लेटने से न सिर्फ गर्दन में दर्द और चोट की समस्या उभर सकती है, बल्कि कुछ मामलों में व्यक्ति के स्ट्रोक का भी शिकार होने का खतरा रहता है। अमेरिकी न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. माइकल वेनट्रॉब ने 1993 में पहली बार बीपीएसएस की पहचान की थी। उन्होंने पाया था कि स्ट्रोक से जुड़े गंभीर लक्षणों से जूझ रहे उनके कुछ मरीजों में ब्यूटी पार्लर या सैलून में बालों में शैंपू कराने के बाद ये समस्याएं उभरी थीं। स्ट्रोक एक तरह का मस्तिष्काघात है, जो मस्तिष्क में खून का प्रवाह घटने पर होता है। यह आमतौर पर मस्तिष्क में प्रमुख रक्त वाहिका में खून का थक्का जमने या उसके फटने के कारण होता है, जिससे कोशिकाओं को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन, ग्लूकोज व अन्य पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं और वे दम तोड़ देती हैं।



## ट्रेंड

### बिना गारंटी के ऋण



मोदी सरकार के नेतृत्व में, छोटे व्यापारियों और स्टार्टअप्स को बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराकर, स्वरोजगार और लघु उद्योगों को नई शक्ति प्रदान की गई है। इस कल्याणकारी योजना के तहत 40 लाख करोड़ से अधिक मूल्य के 58 करोड़ से अधिक ऋण वितरित किए गए हैं।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### किसानों का दर्द



किसानों का दर्द वही लोग सही मायने में समझ सकते हैं जिन्होंने स्वयं खेतों में पसीना बहाया हो। हमारा संकल्प है कि 2027 तक राजस्थान के हर जिले के किसानों को दिन के समय बिजली मिलेगी।

-भजनलाल, सीएम, राजस्थान

### चुनाव आयोग



अब यह कहने की भी जरूरत नहीं है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारों पर काम कर रहा है और भाजपा से सीधे निर्देश ले रहा है। यह बात अब सबके सामने आ चुकी है और बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### युद्धविराम का स्वागत



अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम स्वागत योग्य कदम है। आशा है कि इन दिनों में समझदारी से काम लिया जाएगा और हम स्थायी शांति की ओर बढ़ेंगे। बच्चों को संभावनाओं से भरा भविष्य मिलना चाहिए, न कि विनाश से।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबल पुरस्कार विजेता

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# अब ममता बनर्जी की सरकार को पूरी तरह से उखाड़ फेंकने का समय आ गया: नवीन

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में आयोजित चुनावी जनसभा में टीएमसी, कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों पर साधा निशाना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया और पश्चिम बंगाल से टीएमसी को जड़ से हटाकर, राज्य में भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर भाजपा सांसद मनोज तिग्गा, अलीपुरद्वार से भाजपा प्रत्याशी परितोष दास सहित अन्य पदाधिकारी व नेतागण उपस्थित रहे।

नवीन ने कहा कि आज पश्चिम बंगाल के घर-घर से एक ही आवाज आ रही है कि इस बार हमको भाजपा का कमल निशान चाहिए और राज्य तथा देश की सुरक्षा चाहिए। पश्चिम बंगाल के लोगों के प्रति माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन में एक विशेष स्थान है। पश्चिम बंगाल एक समय भारत का गर्व था, जहां विकास, व्यापार, उद्योग, कला और संस्कृति की समृद्ध परंपरा थी। लेकिन इन सभी क्षेत्रों पर लंबे समय तक यहां की सत्ता में बैठे लोगों ने ग्रहण लगाने का कार्य किया है। पहले पश्चिम बंगाल पर कांग्रेस का ग्रहण लगा, फिर लेफ्ट का ग्रहण लगा और अब टीएमसी के लोगों ने भी बंगाल की विरासत और संस्कृति पर ग्रहण लगाने का कार्य किया। ममता बनर्जी की सरकार में लगा ग्रहण, सबसे बड़ा ग्रहण है। पश्चिम बंगाल की आत्मा, पहचान और जनसांख्यिकी को तृणमूल सरकार ने गंभीर रूप से प्रभावित किया है और अब ममता बनर्जी की सरकार को पूरी तरह से उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि एक समय था जब, ममता बनर्जी मां, माटी और मानुष की बात करती थीं, लेकिन उनके सत्ता में आने के बाद बंगाल में मां और बेटी कितनी असुरक्षित हैं, यह संदेशखाली से लेकर आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले तक और पार्क स्ट्रीट से कामटूनी तक पूरे देश ने देखा है। पश्चिम बंगाल की माटी और जनसांख्यिकी को किस प्रकार बिगाड़ने का काम किया गया है, पश्चिम बंगाल के लोगों का हक बांग्लादेशी घुसपैठियों को देने का जो कार्य ममता बनर्जी की सरकार ने किया है, वो भी देश देख रहा है।

आज बंगाल के लोगों का हक छीनकर जिन बांग्लादेशी घुसपैठियों को दिया गया है, उसे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में बनने वाली डबल इंजन की सरकार जनसांख्यिकी को सुधारने का काम करेगी और इन घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर निकालेगी। आज पश्चिम बंगाल में मां, माटी और मानुष तीनों असुरक्षित हैं। नवीन ने कहा कि आज पश्चिम बंगाल में श्रमिक भाई बेहद कठिन परिस्थितियों में काम करने को मजबूर हैं। ममता बनर्जी की सरकार स्थानीय लोगों को पलायन के लिए मजबूर कर रही है और बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए रास्ते खोलकर उन्हें बसाने का कार्य कर रही है। आने वाले समय में पलायन को रोका जाएगा और जिस प्रकार अन्य राज्यों में 500 रूपये से अधिक दैनिक वेतन मिलता है, उसी प्रकार पश्चिम बंगाल के श्रमिकों को भी सम्मानजनक रोजगार और उचित पारिश्रमिक सुनिश्चित किया जाएगा। पश्चिम बंगाल में चल रही टीएमसी सरकार के 'टी' का अर्थ तोलाबाजी और तुष्टीकरण, 'एम' का अर्थ माफिया राज और महिलाओं पर अत्याचार, और 'सी' का अर्थ करप्शन और कट मनी है, और यही टीएमसी का वास्तविक स्वरूप है।

## भाजपा ने खरगे के बयान को लेकर चुनाव आयोग में दी शिकायत, एफआईआर दर्ज कराने की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नई खबर

भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को चुनाव आयोग से मुलाकात असम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान को लेकर शिकायत दर्ज कराई। सात पन्नों की शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष ने चुनावी रैली में धार्मिक और राजनीतिक तनाव भड़काने वाले बयान दिए। भाजपा की मांग है कि खड़गे के भड़काऊ बयानों को लेकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए, इसके साथ ही उन्हें भाषण देने से रोका जाए। भाजपा ने अपनी शिकायत में कहा कि खड़गे ने नीलांबजार, असम की रैली में मुस्लिम समुदाय के लोगों के सामने कहा, "अगर नमाज़ के दौरान जहरीला सांप आए, तो उसे मारना चाहिए। आरएसएस और भाजपा ऐसे जहरीले सांप हैं, अगर आप उन्हें नहीं मारेंगे तो बच नहीं पाएंगे।" ये बयान मुस्लिम वोटरों के धार्मिक भावनाओं का चुनावी लाभ के लिए इस्तेमाल है। क़ुरआन का हवाला देकर राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ हिंसा को सही ठहराने की कोशिश है। धार्मिक समुदायों के बीच सीधी और खतरनाक दूरी पैदा करता है। सीधे तौर पर हिंसा भड़काने वाला बयान है। भाजपा ने कहा कि यह पूरी तरह से चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। यह बयान भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत गंभीर अपराधों के अंतर्गत आता है। भाजपा ने निर्वाचन आयोग से मांग की है कि खड़गे और कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जांच की जाए और उचित कार्रवाई की जाए।

खड़गे के इस बयान पर अमित शाह ने मंगलवार को ही पलटवार किया था। शाह ने कहा था कि जनता इस बयान का जवाब वोट से देगी और 9 अप्रैल के बाद कांग्रेस दूरबीन से भी नजर नहीं आएगी।

कर्नाटक सरकार में मंत्री और मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक खड़गे ने बुधवार को अपने पिता के कमेंट का समर्थन किया। प्रियांक ने कहा कि उन्होंने (मल्लिकार्जुन खड़गे ने) क्या कहा है? उन्होंने कहा कि अगर किसी को जहरीला सांप दिखे तो उसे मार दें। अगर आपको कोई जहरीला सांप दिखे, तो क्या आप उसे दूध पिलाकर पालेंगे-पोसेंगे, या उसे भगा देंगे?

### बंगाल के लिए चुनाव आयोग की बैठक

## चिल्लाए ब्रायन, सीईसी बोले- बाहर निकलिए





पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए दिल्ली में चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ और टीएमसी के बीच 7 मिनट की मुलाकात एक बड़े विवाद के साथ समाप्त हुई। टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने वहां चिल्लना लगे, माहैल गरम हो गया और ईसी ने उन्हें बाहर निकलने का आदेश दे दिया। दावा किया कि जब प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के अधिकारियों के तबादलों और भाजपा के साथ उनके कथित संबंधों के सबूत सौंपे तो सीईसी ज्ञानेश कुमार ने उनसे कहा कि 'दफा हो जाओ'।

### टीएमसी नेताओं ने चिल्लाकर बात की

आयोग ने कहा ब्रायन चुनाव आयुक्तों पर चिल्ला रहे थे और बोलने तक नहीं दिया। सीईसी ने कथित तौर पर ब्रायन से मर्यादा बनाए रखने का अनुरोध किया और कहा कि चीखना-चिल्लाना और अभद्र व्यवहार आयोग के कक्ष में उचित नहीं है।

### नॉमिनेशन के बाद बोलीं ममता

## हम बड़े जनादेश के साथ जीतेंगे



भवानीपुर सीट से नॉमिनेशन करने के बाद सीएम ममता बेनर्जी ने टीएमसी के लिए समर्थन मांगते हुए लोगों से अपील की कि हमारे उम्मीदवारों की जीत तय करें। हम बड़े जनादेश के साथ जीतेंगे। ममता ने कहा कि मेरा मानना है कि 27 लाख लोगों को वोट देने के अधिकार पर हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

### भाजपा ने जारी की छठी लिस्ट

## कोलकाता पोर्ट से राकेश सिंह पर लगाया दांव

बंगाल चुनाव के लिए भाजपा ने छठी सूची जारी कर दी है। कोलकाता पोर्ट से राकेश सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है।

## बंगाल में कांग्रेस ने 7 उम्मीदवार बदले

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सात सीटों पर अपने उम्मीदवार बदल दिए हैं। पार्टी की तरफ से बुधवार को नई लिस्ट जारी की गई। सूची जारी कर दी है।

## बाबा के दरबार में पहुंचे सीएम सरमा



असम में चुनाव प्रचार थामने के बाद असम के सीएम बैजनाथ धाम पहुंचे और धार्मिक स्थल का दर्शन किया। सांसद डॉ. निशिकांत दुबे के साथ आश्रम गए। पुरोहित विनोद झा ने विधिवत संकल्प करा बाबा का पंचोपचार विधि से पूजा कराया।

### खबर संक्षेप

## रामपाल को 11 साल 4 महीने बाद मिली बेल



**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने बुधवार को देशद्रोह के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे सतलोक आश्रम के प्रमुख रामपाल को जमानत दे दी। 11 साल, 4 महीने और 20 दिन जेल में बिताने के बाद कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद रामपाल को हिसार सेंट्रल जेल-2 से रिहा कर दिया जाएगा।

## गोवा कोर्ट ने लूथरा बंधुओं को दी जमानत



**पणजी।** गोवा के मजिस्ट्रेट कोर्ट ने नाइटक्लब लाइसेंस से जुड़े कथित एनओसी फर्जीवाड़ा मामले में सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को जमानत दी। यह मामला उत्तरी गोवा के अर्पोरा स्थित चर्चित नाइटक्लब बर्च बाय रोमियो लेन से जुड़ा है, जहां शराब परोसने एक्साइज लाइसेंस हासिल करने में कथित रूप से अधिकारी के हस्ताक्षर फर्जी बनाए गए।

## कांग्रेस नेता मोहसिना का 94 उम्र में निधन



**नई दिल्ली।** देश की वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का बुधवार तड़के अस्पताल में निधन हो गया। उनके परिवार ने पुष्टि की है। किदवई काफी समय से बीमारियों से जूझ रही थीं। उन्होंने नोएडा के मेट्रो अस्पताल में अंतिम सांस ली। परिवार ने कहा उनका अंतिम संस्कार निजामुद्दीन स्थित कब्रिस्तान में किया गया।

## अग्रिम जमानत को खेड़ा पहुंचे हाईकोर्ट



**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने बुधवार को तेलंगाना हाईकोर्ट रुख किया है। वे सीएम हिमंत बिस्व सरमा और उनकी पत्नी रिनिकी पर आरोप लगाने के बाद अग्रिम जमानत के लिए हाई कोर्ट पहुंचे। आरोप है कि खेड़ा ने सीएम के परिवार की छवि को नुकसान पहुंचाने जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया।


### महिला आरक्षण विधेयक: लोकसभा की सीटें 543 से बढ़कर 816 हो जाएंगी

# राज्यों के लिए 'दोहरी चुनौती', संसद और विधानसभाओं में हिस्सेदारी बढ़ाने की तैयारी

बढ़ती सीटों के गुणाभाग को ध्यान में रखकर हो नए संसद में सीटों की पहले ही इजाफा कर दिया गया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा लाए गए महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने की प्रक्रिया अब राज्यों के लिए एक 'दोहरी चुनौती' बनती दिख रही है। इस विधेयक के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित करने का प्रावधान है, लेकिन इसके प्रभावी क्रियान्वयन से पहले जनगणना और परिसीमन जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं को पूरा करना आवश्यक होगा। समूचे शीर्षासन में चाहे जो वक्त लगे मोदी सरकार ने ये तय कर लिया है कि महिला आरक्षण अब लागू होकर रहेगा। सरकारी सूत्रों के अनुसार, यह संशोधन केवल संसद तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि राज्य विधानसभाओं में भी महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। वर्तमान में राज्य विधानसभाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी औसतन करीब 9 फीसदी है, जबकि संसद में महिला सांसदों की संख्या लगभग 13 फीसदी के आसपास है। ऐसे में यह विधेयक राजनीतिक प्रतिनिधित्व में लैंगिक संतुलन स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।



### परिसीमन और जनगणना से जुड़ी चुनौती

*विधेयक के लागू होने से पहले देश में नई जनगणना और उसके आधार पर परिसीमन आयोग का गठन किया जाएगा। परिसीमन के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं की सीटों की संख्या और सीमाओं का पुनर्निर्धारण होगा। इसके बाद ही महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों का निर्धारण संभव होगा। सूत्रों का कहना है कि लोकसभा की कुल सीटें बढ़ाकर लगभग 543 से 816 तक की जा सकती हैं। इसी तरह राज्यों में भी सीटों की संख्या में वृद्धि संभावित है। यह वृद्धि जनसंख्या के अनुपात में होगी, जिससे विभिन्न राज्यों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर नई राजनीतिक बहस भी छिड़ सकती है।*

### राज्यों के सामने 'दोहरी चुनौती' क्यों?

समाजशास्त्री डॉ. मधु लिमये अतुल्य कहती हैं, इस विधेयक के लागू होने से राज्यों को दो प्रमुख स्तरों पर काम करना होगा।

सीटों का पुनर्विन्यास, परिसीमन के बाद नए सिरे से सीटों का निर्धारण और आरक्षण लागू करना। राजनीतिक संतुलन, आरक्षण के चलते मौजूदा राजनीतिक समीकरणों में बदलाव को संभालना और दलों के भीतर महिला उम्मीदवारों की हिस्सेदारी बढ़ाना। विशेषज्ञों का मानना है कि यह प्रक्रिया कई राज्यों में राजनीतिक असंतुलन भी पैदा कर सकती है, खासकर उन राज्यों में जहां पहले से ही प्रतिनिधित्व को लेकर संवेदनशीलता अधिक है।

### महिलाओं की भागीदारी में बड़ा बदलाव

*वर्तमान स्थिति में कई बड़े राज्यों में महिला विधायकों की संख्या बेहद कम है। उदाहरण के तौर पर कुछ राज्यों में यह आंकड़ा 10 फीसदी से भी नीचे है। इस विधेयक के लागू होने के बाद यह संख्या सीधे 33 फीसदी तक पहुंच जाएगी, जिससे नीति-निर्माण में महिलाओं की भूमिका मजबूत होगी।*

### राजनीतिक दलों के लिए नई रणनीति

महिला आरक्षण लागू होने के बाद राजनीतिक दलों को अपने संगठनात्मक ढांचे और टिकट वितरण में व्यापक बदलाव करने होंगे। अधिक संख्या में महिला उम्मीदवारों को तैयार करना, उन्हें नेतृत्व में आगे लाना और जमीनी स्तर पर मजबूत करना दलों के लिए अनिवार्य हो जाएगा।

### समयसीमा पर असमंजस

हालांकि विधेयक पारित हो चुका है, लेकिन इसके लागू होने की सटीक समयसीमा अभी स्पष्ट नहीं है। जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही इसे लागू किया जा सकेगा। ऐसे में माना जा रहा है कि 2029 या उसके बाद के आम चुनावों में इसका प्रभाव देखने को मिल सकता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि महिला आरक्षण विधेयक भारतीय लोकतंत्र में एक ऐतिहासिक पहल है, जो महिलाओं को राजनीतिक मुख्यधारा में मजबूत स्थान दिलाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। हालांकि, इसके कार्यान्वयन की जटिल प्रक्रियाएं और राज्यों के सामने खड़ी 'दोहरी चुनौती' यह स्पष्ट करती हैं कि इस बदलाव को जमीन पर उतारना आसान नहीं होगा। इसके बावजूद, यह कदम देश में समावेशी और संतुलित लोकतंत्र की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है।

### बेमौसम बरसात से रबी फसलों को नुकसान

# बेमौसम बरसात भले ही गर्मी के लिए राहत, मगर मॉनसून में कम बारिश के आसार, 'सुपर एल नीनो' का बढ़ा खतरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गर्मी के मौसम में बरसात का आनंद देश के कई राज्यों में भले ही मिल रहा हो लेकिन रबी फसलों को बड़ा नुकसान भी हों रहा है। एकतरफ बेमौसम बरसात से फसलों की हानि है तो दूसरी ओर मॉनसून के समय जब रोपनी का समय होगा उस वक्त कम बारिश का अनुमान विशेषज्ञ लगा रहे हैं। मतलब साफ है, फसलों को दो तरफा मौसम का प्रहार झेलना होगा। जाहिर है कृषि कार्य में लगे लोगों के लिए, हमारे किसानों के लिए अच्छी खबर नहीं है। देश में इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य से कम रहने की आशंका जताई गई है। निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट वेदर के अनुसार, 2026 में मानसून वर्षा दीर्घकालिक औस के लगभग 94 प्रतिशत के आसपास रह सकती है। विशेषज्ञों ने मानसून सीजन (जून–सितंबर) के दौरान एल नीनो की वापसी को बारिश कम होने की सम्भावना का एक प्रमुख कारण बताया है।

### 40 फीसदी संभावना कम वर्षा की

स्काइमेट के अनुसार, इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा की संभावना लगभग 40 फीसदी है। वहीं 30 फीसदी संभावना सूखे जैसी स्थिति बनने की भी जताई गई है, जब वर्षा 90 फीसदी से नीचे जा सकती है। सामान्य मानसून की संभावना 20 फीसदी और सामान्य से अधिक वर्षा की संभावना केवल 10 फीसदी आंकी गई है।

### सुपर एल नीनो का बढ़ता खतरा

रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि इस वर्ष के अंत तक 'सुपर एल नीनो' विकसित होने की संभावना तेजी से बढ़ रही है। यूरोपियन सेंटर फॉर मीडियम रेंज वेदर फोरकास्ट के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, भूमध्य रेखीय प्रशांत महासागर के तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस से अधिक वृद्धि हो सकती है, जो एक शक्तिशाली एल नीनो का संकेत है। इसका प्रभाव दिसंबर या जनवरी में चरम पर पहुंच सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह स्थिति बनती है, तो यह पिछले 140 वर्षों में सबसे शक्तिशाली एल नीनो घटनाओं में से एक हो सकती है।

### भारत पर संभावित प्रभाव

एल नीनो के कारण भारत में मानसून कमजोर पड़ने की आशंका रहती है। इससे खासकर उत्तर और मध्य भारत के हिस्सों में सूखे जैसी स्थिति बन सकती है, जिससे कृषि उत्पादन प्रभावित होगा। देश की लगभग 51 फीसदी कृषि भूमि वर्षा पर निर्भर है, इसलिए मानसून में कमी का सीधा असर खाद्यान्न उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

### मौसम पैटर्न में बदलाव

रिपोर्ट के अनुसार, जून में वर्षा सामान्य रह सकती है, लेकिन जुलाई से सितंबर के बीच बारिश कमजोर पड़ सकती है। इससे मानसून के दूसरे चरण में वर्षा की कमी की आशंका है।

### आयोडी का सीमित प्रभाव

विशेषज्ञों के अनुसार, इंडियन ओशीन डिपॉल,आयोडी, इस वर्ष तटस्थ या हल्का सकारात्मक रह सकता है, जो मानसून की शुरुआत को थोड़ा सहारा दे सकता है। हालांकि, यह एल नीनो के नकारात्मक प्रभाव को पूरी तरह संतुलित करने में सक्षम नहीं होगा।

### पूर्वी भारत को मिल सकता है फायदा

स्काइमेट के उपाध्यक्ष महेश पलावत के अनुसार, इस बार वर्षा का वितरण थोड़ा पूर्व की ओर शिफ्ट हो सकता है। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में सामान्य से अधिक वर्षा हो सकती है, जबकि उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में कमी देखने को मिल सकती है। कुल मिलाकर, मौजूदा वर्ष 2026 का मानसून सामान्य से कमजोर रहने की संभावना है, जिसमें एल नीनो प्रमुख भूमिका निभा सकता है। हालांकि, शुरुआती महीनों में स्थिति संतुलित रह सकती है, लेकिन सीजन के दूसरे हिस्से में बारिश की कमी चिंता का विषय बन सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार और किसानों को संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए पहले से तैयारी करने की आवश्यकता होगी।

### आईसीएआर-आईआईडब्ल्यूबीआर, करनाल में चल रही अनुसंधान एवं विकास पहलों की समीक्षा की

# इस वर्ष उच्च उत्पादन की संभावना, घरेलू खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी: डॉ. जाट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई) के सचिव और आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एमएल जाट ने बुधवार को आईसीएआर-भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान (आईआईडब्ल्यूबीआर) और आईसीएआर-केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान (सीएसएसआरआई), करनाल का दौरा किया और वर्तमान में जारी अनुसंधान एवं विकास पहलों की समीक्षा की। डॉ. जाट ने इस दौरान, भारत-गंगा के मैदानों में उत्पादकता बढ़ाने, निवेश लागत कम करने और जलवायु परिवर्तनशीलता के प्रति अनुकूलन सुधारने के उद्देश्य से किए जा रहे प्रमुख अनुसंधान कार्यों की समीक्षा की और जलवायु-अनुकूल तथा संसाधन-कुशल कृषि प्रणालियों को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया। डॉ. जाट ने भारत की गेहूं उत्पादन संबंधी तैयारियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश अच्छी तरह से तैयार है और इस वर्ष अधिक उत्पादन की संभावना है, जिससे घरेलू खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी और वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में अन्य देशों को सहायता प्रदान करने की क्षमता भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि आईसीएआर का ध्यान जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जलवायु-प्रतिरोधी और पोषक तत्वों से भरपूर फसल किस्मों के विकास पर केंद्रित है, ताकि किसानों की



आय और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार हो सके। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि जैविक नाइट्रिफिकेशन अवरोधन (बीएनआई) जैसी नवाचार तकनीकों से उत्पादकता में कमी किए बिना उर्वरक के उपयोग में 25 प्रतिशत तक की कमी संभव हो रही है, जिससे किसानों और पर्यावरण दोनों को लाभ हो रहा है।

भारत का कृषि क्षेत्र, हरित क्रांति के बाद खाद्य असुरक्षा से अधिशेष उत्पादन की ओर अग्रसर हुआ और यह अब भूजल की कमी, फसल अवशेषों को जलाने, मृदा क्षरण, जैव विविधता हानि और जलवायु जनित जोखिमों जैसी उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए पुनर्गठित किया जा रहा है। इनमें से कुछ परियोजनाएं सीआईएमएमवाईटी, बीआईएसए और जेआईआरसीएएस के सहयोग से कार्यान्वित की जा रही हैं। इन प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए, आईसीएआर ने अंतर्राष्ट्रीय मक्का और गेहूं सुधार केंद्र (सीआईएमएमवाईटी) के सहयोग से, वर्ष 2009 से करनाल स्थित सीएसएसआरआई में एक दीर्घकालिक, प्रणाली-आधारित अनुसंधान मंच का नेतृत्व किया है, जो स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप, जलवायु-अनुकूल और संसाधन-कुशल फसल प्रणालियों, विशेष रूप से मक्का-गेहूं उत्पादन प्रणाली पर केंद्रित है। डॉ. जाट ने इस यात्रा के दौरान,भारतीय गेहूं रस्ट अनुसंधान एवं निगरानी कार्यक्रम की भी समीक्षा की, जो समन्वित निगरानी, त्वरित निदान और समय पर सलाह के माध्यम से गेहूं की फसलों को स्ट्राइप, लीफ और स्टेम रस्ट रोगों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

दीर्घकालिक निगरानी ने रोपड़ (पंजाब) और यमुनानगर (हरियाणा) जैसे क्षेत्रों में पीली रस्ट की घटना के पूर्वानुमानित पैटर्न स्थापित किए हैं, जिससे प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को मजबूती मिली है। 30 से अधिक संस्थानों और कृषि विज्ञान केंद्रों का एक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क लगभग 1 करोड़ हेक्टेयर में निगरानी का समर्थन करता है, जिसमें प्रतिरोध क्षमता के लिए प्रतिवर्ष 1,000 से अधिक उन्नत गेहूं किस्मों का मूल्यांकन किया जाता है।

# दिव्या ने ड्रा को जीत में बदला, हासिल की बढ़त

**कैंडिडेट्स टूर्नामेंट : वैशाली ने असौबायेवा के साथ खेला ड्रॉ**

एजेंसी ▶▶| पाफोस

भारतीय शतरंज की युवा सनसनी दिव्या देशमुख ने शानदार वापसी करते हुए ड्रॉ की तरफ बढ़ रही बाजी को जीत में बदलकर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में महिला वर्ग में संयुक्त बढ़त हासिल कर ली। महिला वर्ग में विश्व कप विजेता देशमुख ने काले मोहरों से खेलते हुए यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को हराया और 4.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त बना ली। अब कुल चार खिलाड़ी संयुक्त रूप से आगे चल रही हैं।

एक समय लग रहा था कि बाजी ड्रॉ पर समाप्त हो जाएगी लेकिन दिव्या देशमुख ने उम्मीद नहीं छोड़ी और अंतिम समय में



अपनी प्रतिद्वंदी की एक अनचाही गलती का फायदा उठाते हुए महत्वपूर्ण जीत हासिल की। महिला वर्ग में भाग ले रही दूसरी भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली ने कजाकिस्तान की बिबिसारा असौबायेवा के साथ ड्रॉ खेला। वह आठ बाजियों के बाद 4.5 अंकों के साथ देशमुख, यूक्रेन की कटेरीना लागनो, चीन की झू जिनर और मुजिचुक के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं। ओपन वर्ग में खेल रहे आर प्रज्ञाननंदा आठवें दौर में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी से हार के बाद खिताब हासिल करने की दौड़ से लगभग बाहर हो गए हैं।

# आयुष ने 51 मिनट में चीन के फेंग को हराया

**बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप**

एजेंसी ▶▶| निंगबो

भारत के आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप में चीन के विश्व में सातवें नंबर के खिलाड़ी लिन शी फेंग को सीधे गेम में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले साल यूएस ओपन सुपर 300 का खिताब जीतने वाले विश्व के 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष ने 51 मिनट में 21-13 21-16 से जीत दर्ज की। लिन ने शुरुआत में ही 4-1 की बढ़त बना ली, लेकिन आयुष ने शानदार वापसी करते हुए स्कोर 7-7 से बराबर कर दिया। इसके बाद उन्होंने धीरे-धीरे खेल पर नियंत्रण बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया।

दूसरे गेम में चीन के खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत करके 4-1 से बढ़त हासिल कर दी और फिर इसे 12-9 तक बढ़ा दिया, लेकिन आयुष ने लगातार छह अंक बनाकर मैच का




रुख पलट दिया और स्कोर 18-13 कर दिया। लिन ने अंतर कम करते हुए स्कोर 16-18 कर दिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपना संयम बनाए रखा और खिताब के दावेदार माने जा रहे लिन को बाहर का रास्ता दिखा दिया।

## खबर संक्षेप



### पी सेफ ने स्मृति को बनाया कंफर्ट रेंज का चेहरा

**नई दिल्ली।** स्टार क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने एक प्रमुख महिला हाइजीन (स्वच्छता) ब्रांड की ब्रांड दूत बनने के बाद स्वास्थ्य और महिलाओं की हाइजीन को प्राथमिकता देने की अहमियत पर जोर दिया। 'पी सेफ' ने अपने स्थापना दिवस पर भारतीय महिला टीम की उप कप्तान को अपनी 'कंफर्ट रेंज' का चेहरा बनाया है और इस दिग्गज खिलाड़ी के साथ इस साझेदारी का मकसद महिलाओं की हाइजीन के संदेश को फैलाना है। स्मृति मंधाना ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि कंफर्ट कभी ऐसी चीज होनी चाहिए, जिसके बारे में आपको दो बार सोचना पड़े या कोई समझौता करना पड़े। यह बस आपको मिलनी चाहिए। पी सेफ के बारे में यही बात मुझे सबसे अलग लगी क्योंकि वे कंफर्ट को प्राथमिकता देने की कोशिश कर रहे हैं।'

### कॉमनवेल्थ स्पोर्ट का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा अहमदाबाद




**अहमदाबाद।** राष्ट्रमंडल खेलों की सर्वोच्च वैश्विक संस्था कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के एक प्रतिनिधिमंडल ने अहमदाबाद में 2030 में होने वाले इन खेलों की तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को गुजरात का अपना चार दिवसीय दौरा शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के अध्यक्ष डोनाल्ड रुकारे के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल आठ से 11 अप्रैल तक राज्य में रहेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अधिकारी भी शामिल हैं। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट की आम सभा की पिछले साल नवंबर में हुई बैठक में अहमदाबाद को 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का अधिकार दिया गया था। भारत ने इससे पहले 2010 में नई दिल्ली में इन खेलों की मेजबानी की थी।

### भारतीय खिलाड़ियों ने किया जीत से आगाज



**शिमला।** भारतीय लड़कियों (अंडर-19) और लड़कों (अंडर-15) की टीमों ने आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में क्रमशः श्रीलंका और मालदीव पर एक समान 3-0 से जीत हासिल करके अपना दबदबा कायम किया। बेहतर रैंकिंग वाली जेनिफर वर्गीज, अनन्या मुरलीधरन और प्रिशा गोयल की तिकड़ी ने सीधे या चार गेम में जीत दर्ज कर श्रीलंका के खिलाड़ियों को कोई मौका नहीं दिया। अंडर-19 लड़कियों की टीम एकमात्र ऐसी टीम है, जो एशियाई युवा चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में है।


**आईपीएल 2026 : दिल्ली कैपिटल्स को हराकर आईपीएल के इस सत्र में पहली जीत दर्ज**

# रोमांचक मुकाबले में आखिरी गेंद पर गुजरात ने दिल्ली को 1 रन से हराया

**राहुल और डेविड की पारी बेकार, नहीं दिला पाए जीत**

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

रोमांच की पराकाष्ठा पर पहुंचे मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने आखिरी गेंद पर दिल्ली कैपिटल्स को एक रन से हराकर आईपीएल के इस सत्र में पहली जीत दर्ज की जबकि केएल राहुल और डेविड मिलर की साहसिक पारियां भी दिल्ली को इस नाटकीय हार से बचा नहीं सकी। जीत के लिये 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली के लिये केएल राहुल ने 52 गेंद में 11 चौकों और चार छक्कों की मदद से 92 रन बनाये। दिल्ली को आखिरी दो ओवर में 36 रन चाहिये थे और मोहम्मद सिराज ने 19वें ओवर में 23 रन दे डाले। डेविड मिलर (20 गेंद में नाबाद 40) ने उन्हें दो छक्के और दो चौके लगाकर दिल्ली को मैच में बनाये रखा। आखिरी ओवर में दिल्ली को 13 रन की जरूरत थी और प्रसिद्ध कृष्णा की पहली गेंद पर विपराज निगम ने चौका जड़ दिया।अगली गेंद पर निगम आउट हो गए जबकि चौथी गेंद पर मिलर ने छक्का लगाया। आखिरी गेंद पर दो रन की जरूरत थी लेकिन कुलदीप यादव रन आउट हो गए। दिल्ली ने वाइड गेंद के लिये रिव्यू भी लिया जो नाकाम रहा। गुजरात के लिये अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद ने चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर तीन विकेट लिये। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर गिल और वॉशिंगटन सुंदर के बीच तीसरे विकेट के लिये शतकीय साझेदारी की मदद से गुजरात टाइटंस ने चार विकेट पर 210 रन बनाये थे। मांसपेशी में ऐंठन से उबरकर




- अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद ने चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर तीन विकेट लिये

वापसी करने वाले गिल ने 45 गेंद में चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 70 रन बनाये जबकि बटलर ने 27 गेंद में 52 और सुंदर ने 32 गेंद में 55 रन बनाये। दिल्ली के लिये लुंगी एनगिडि ने चार ओवर में 32 रन देकर एक विकेट लिया। तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को दो विकेट मिले लेकिन उन्होंने चार ओवर में 55 रन दे डाले। भारतीय टीम के स्पिनर कुलदीप यादव ने चार ओवर में 42 रन देकर एक विकेट लिया।

### केकेआर और एलएसजी के बीच मुकाबला आज, छा सकते हैं कैमरून ग्रीन

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज कैमरुन ग्रीन लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ गेंदबाजी करते नजर आ सकते हैं। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्रीन आईपीएल नीलामी में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बने थे, उन्हें केकेआर ने 25.20 करोड़ रुपए में खरीदा था, उन्होंने टीम के शुरुआती मुकाबलों में एक विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में खेला है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने केकेआर को सूचित किया था कि आईपीएल 2026 की शुरुआत में कैमरुन ग्रीन एक बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे। सीए ने 30 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ केकेआर के पहले मैच के बाद जारी एक बयान में कहा, कैमरून को पीठ के निचले हिस्से में चोट है, जिसका इलाज चल रहा है, लेकिन इसके लिए उन्हें कुछ समय तक गेंदबाजी से दूर रहने की जरूरत है।

**टीमें इस प्रकार**

**केकेआर:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, सुनील नारायण, रमनदीप सिंह, अनुकूल रॉय, वरुण चक्रवर्ती, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, कैमरुन ग्रीन, फिन एलन, मथीशा पथिराना, तेजस्वी सिंह, कार्तिक त्यागी, प्रशांत सोलंकी, राहुल त्रिपाठी, टिम सीफर्ट, सार्थक रंजन, दक्ष कामरा, रचिन रवींद्र, ब्लेसिंग मुजाराबानी, सौरभ दुबे और नवदीप सैनी।

**एलएसजी:** ऋषभ पंत (कप्तान), मिचेल मार्श, एडेन मारक्रम, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, मुकुल चौधरी, अक्षत रघुवंशी, जोश इंग्लिस, निकोलस पूरन, अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, मोहम्मद शमी, अवेश खान, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, प्रिंस यादव, अर्जुन तेंदुलकर, एनरिक नोर्किया, नमन तिवारी, मयंक यादव, मोहसिन खान।

**निशानेबाजी विश्व कप**

# पिस्टल मुकाबले में रिदम ने दिखाया दम, टॉप-6 में एंट्री

- 25 मीटर में सिमरनप्रीत कौर 45वें स्थान पर
- एयर पिस्टल में पुरुषों ने किया निराशा



एजेंसी ▶▶| ग्रेनाडा

मिश्रित टीम स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारतीय पुरुष निशानेबाजों ने बुधवार को आईएसएसएफ पिस्टल/राइफल विश्व कप की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में निराश किया, जहां तीनों प्रतिभागी फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहे।

महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में ओलंपियन रिदम सांगवान प्रीसीजन चरण में 292 (99, 96, 97) का स्कोर बनाकर पहले दिन के बाद छठे स्थान पर है। दिव्या टी ने भी 291 (96, 98, 97) के स्कोर के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए आठवां स्थान प्राप्त किया। स्पर्धा में चुनौती पेश कर रही तीसरी भारतीय खिलाड़ी सिमरनप्रीत कौर बराड़ 282 (93, 94, 95) के स्कोर के साथ 45वें स्थान पर है। प्रतियोगिता का दूसरा चरण (रैपिड चरण) गुरुवार को आयोजित किया जाएगा, जिसमें शीर्ष आठ निशानेबाज पदक चरण में प्रवेश करेंगे।

### फाइनल में जगह बनाने से चूके नेलावल्ली

युवा मुकेश नेलावल्ली ने मंगलवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान विश्व रिकॉर्ड कायम किया था। वह 579 के स्कोर के साथ 14वें स्थान पर रहे और आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। चीन के विश्व नंबर एक हू काई भी संघर्ष करते हुए 578 के स्कोर के साथ 15वें स्थान पर रहे। मुकेश क्वालीफाइंग के शुरुआती और अंतिम चरण में 94 और 95 के दो कमजोर स्कोर के कारण पिछड़ गए। उन्होंने बीच के चारों चरणों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 98, 98, 97 और 97 के स्कोर बनाए थे। यू शी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वालीफाइंग में 588 के स्कोर से शीर्ष स्थान के साथ फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने 98, 99, 97, 98, 99 और 97 के स्कोर बनाए। काहिरा विश्व कप (2024) में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के स्वर्ण पदक विजेता उज्जवल मलिक 577 के कुल स्कोर (95, 96, 96, 97, 95, 98) के साथ 22वें स्थान पर रहे।

**महिला हॉकी**

# दीपिका की टीम में वापसी सविता संभालेंगी गोलपोस्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अर्जेंटीना दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की 24 सदस्यीय टीम की घोषणा हो गई है। सलीमा टेटे की कप्तानी में भारतीय टीम 13 से 17 अप्रैल के बीच

- अर्जेंटीना दौरे के लिए भारतीय टीम घोषित
- 13 से 17 अप्रैल के बीच ब्यूनस आयर्स में चार मैचों की सीरीज

ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना के खिलाफ चार मैचों की सीरीज खेलेगी। भारतीय टीम में फॉरवर्ड दीपिका की वापसी ने अटैक को नई धार दी है। अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया फिर गोलपोस्ट की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं। हॉकी इंडिया ने अर्जेंटीना दौरे के लिए, जो 24 सदस्यीय टीम चुनी है वह अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती हुई




नई प्रतिभाओं का मेल है। भारतीय मिडफील्ड को स्थिरता, सूझबूझ और नई ऊर्जा प्रदान करने वालीं सलीमा टेटे कप्तानी जारी रखेंगी। डिफेंडर ज्योति और फॉरवर्ड मुमताज खान की भी वापसी हुई है। इससे टीम का डिफेंस और अटैक दोनों मजबूत हुआ है। फॉरवर्ड दीपिका कुमारी ने चोट से उबरने के बाद वापसी की है। दीपिका भारत की मुख्य ड्रैग-फ्लिकर की भूमिका फिर से संभालेंगी।

### भारतीय टीम अब और भी ज्यादा संतुलित

खासतौर पर अन्नू ने क्वालिफायर मैचों के दौरान जोरदार ड्रैग-फ्लिक करने की अपनी क्षमता से सभी को प्रभावित किया। दीपिका की वापसी से टीम को और गहराई और अनुभव मिला है। इससे अब यह टीम और भी ज्यादा संतुलित और विपक्षी टीमों के लिए खतरनाक नजर आ रही है। भारत की अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की भी टीम में वापसी हुई है। हालांकि, उनकी वापसी चौंकाने वाली है, क्योंकि सविता वर्ल्ड कप क्वालिफायर के लिए उपलब्ध नहीं थीं। उनकी गैरमौजूदगी में बिच्छू देवी ने साबित किया कि वह इस स्तर पर खेलने की पूरी हकदार हैं। इस युवा गोलकीपर ने अपनी उम्र से कहीं ज्यादा परिपक्वता, फुर्ती और धैर्य का प्रदर्शन किया था। भारतीय महिला हॉकी टीम 13, 14, 16 और 17 अप्रैल को अर्जेंटीना के खिलाफ मैच खेलेगी। सभी मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से खेले जाएंगे।

**एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप**

# भारत ने चीनी ताइपे को हराया नॉकआउट दौड़ में बरकरार

**पाथुम थानी।** भारतीय अंडर-20 महिला टीम ने अपने अंतिम ग्रुप सी मैच में चीनी ताइपे को 3-1 से हराकर एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप 2026 के नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखा है। भारतीय फारवर्ड शिवानी देवी नोंगमेइकापम ने दो गोल दागे। उन्होंने 32वें मिनट में गोल करने के बाद 87वें मिनट में पेनल्टी को भी गोल में बदला। इससे पहले भूमिका देवी खुमुकचाम ने 26वें मिनट में गोल दागकर भारतीय टीम को बढ़त दिलाई। स्थानापन्न



खिलाड़ी काओ सिन ने चीनी ताइपे के लिए एकमात्र गोल दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में किया। यह 2004 से एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप में भारत की पहली जीत है। इस जीत की बदौलत भारत ग्रुप सी में तीन मैच में तीन अंक से तीसरे स्थान पर रहा। भारत को अब उम्मीद होगी कि जोर्डन और उज्बेकिस्तान के बीच आज होने वाला ग्रुप बी मैच ड्रॉ रहे, जिससे कि टीम सभी ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम में से एक के रूप में क्वार्टर फाइनल में जगह बना सके।

# वैष्णवी व सहजा ने भारत को न्यूजीलैंड पर 3-0 से जीत दिलाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा वैष्णवी अडकर और सहजा यमलापल्ली ने अपने-अपने एकल मुकाबलों में आसान जीत दर्ज की जिससे भारत ने बुधवार को यहां बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के एशिया-ओशियाना ग्रुप एक में वापसी करते हुए न्यूजीलैंड को 3-0 से हरा दिया। पदार्पण कर रही वैष्णवी और सहजा को पहले मुकाबले में निराशाजनक शिकस्त का सामना करना पड़ा था जिससे भारत वर्षा से प्रभावित मुकाबले में थाईलैंड के खिलाफ 1-2 से हार गया था। हालांकि दूसरे मुकाबले में भारत ने वापसी की और दोनों युवा खिलाड़ियों ने दबाव में धैर्य बरकरार रखते हुए अपने-अपने एकल मैच जीते। न्यूजीलैंड की टीम अपनी स्टार खिलाड़ी लुलु सुन के बिना उतरी। दोबारा जिम्मेदारी मिलने पर वैष्णवी ने काफी सुधार दिखाया। उन्होंने सहज गलतियां कम की और बेहतर



नियंत्रण के साथ शॉट खेले तथा न्यूजीलैंड की खिलाड़ी आइशी दास को पहले एकल मैच में एक घंटे 30 मिनट में सीधे सेट में 6-2, 6-4 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। सहजा ने इसके बाद वैलेंटिना इवानोव को दूसरे एकल में सीधे सेट में 6-1, 6-3 से हराकर भारत को 2-0 की विजयी बढ़त दिला दी। रुतुजा भोसले और अंकिता रैना की जोड़ी ने महिला युगल में दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी एरिन रूटलिफ और दुनिया की 338वें नंबर की खिलाड़ी मोनिक बैरी की जोड़ी को सीधे सेट में 6-4 6-2 से हराकर भारत की आसान जीत सुनिश्चित की।

**एशियन कुश्ती प्रतियोगिताः किर्गिस्तान में छाए हरियाणा के पहलवान**

# नितेश ने रजत, प्रिंस और सचिन ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सीनियर एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में देश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक जीते। यह प्रतियोगिता 6 से 12 अप्रैल तक बिश्केक (किर्गिस्तान) में आयोजित की जाएगी। इसमें सोनीपत के जागसी गांव के पहलवान नितेश ने 97 किलोग्राम में रजत, पहलवान प्रिंस ने 82 किलोग्राम और सचिन ने 67 किलोग्राम में देश के लिए कांस्य पदक जीत लिया है। सचिन ने कांस्य पदक वाले मैच में अब्दुमालिक अमीनोव को कड़े मुकाबले में 6-5 से हराया। सचिन सहरावत का पिछले साल भी एशियाई चैंपियनशिप में चयन हुआ था। वे वर्तमान में वे नैवी में कार्यरत हैं। प्रिंस ने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जापान के पहलवान को 4-2 से हराया। सेमीफ़ाइनल मुकाबले में प्रिंस ईरान



के पहलवान से हार गया। उसके बाद रिपेचेज मुकाबले में प्रिंस ने तुर्कमेनिस्तान के पहलवान को 10-1 से हराकार देश के लिए कांस्य पदक हासिल किया। प्रिंस पहलवान का यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीसरा पदक है। प्रिंस को देश के लिए कांस्य पदक जीतने पर गांव समर गोपाल पुर (रोहतक) और उनकी स्वामी भूमानंद कुश्ती एकेडमी



सफियाबाद (सोनीपत) में बहुत ही खुशी का माहौल है। महाराज अच्युतानंद, कोच सुरेन्द्र कादयान, कोच नितिन शर्मा, कोच सचिन शर्मा ने मेडल जीतने पर विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। प्रिंस के कुश्ती के सफर की शुरुआत साल 2015 में हुई थी उन्हें इस खेल की प्रेरणा अपने ही गाँव के स्वर्गीय देवीलाल पहलवान (कोच) से मिली।



प्रिंस के पिता सोमबीर सिंह प्राइवेट कॉलेज में क्लर्क हैं और उनके बड़े भाई निखिल भी नेशनल स्तर के पहलवान हैं, जबकि मां बबली गृहिणी हैं। सफलता की यह राह प्रिंस के लिए इतनी आसान नहीं थी। साल 2020 में प्रैक्टिस के दौरान प्रिंस के एंकल (टखने) में गंभीर चोट लग गई थी, जिसके लिए उन्हें ऑपरेशन भी करवाना पड़ा।

### प्रिंस की उपलब्धियां

वर्ष 2025 में तीसरी वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज' में रजत पदक, एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2025 और 2026 में अल्बानिया, क्रोएशिया और सर्बिया जैसी विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी देश का प्रतिनिधित्व किया। 2025 में सीनियर नेशनल रेसलिंग और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किए। 2025 और 2024 में आयोजित अंडर-20 नेशनल रेसलिंग में भी लगातार प्रथम स्थान प्राप्त किया। 2022 के खेलो इंडिया यूथ गेम्स और डब्लूएफआई ग्रैंड प्रिक्स में भी स्वर्ण पदक जीता। 2024 और 2025 की हरियाणा स्टेट सीनियर चैंपियनशिप में भी लगातार स्वर्ण पदक जीते हैं।




# चंद घंटे में ही टूट गया सीजफायर, ईरान के लावन द्वीप में तेल रिफाइनरी पर हमला


इजराइल के हमले से लेबनान की राजधानी बेरूत में क्षतिग्रस्त इमारतें और कारें

*युद्धविराम के बावजूद ईरान ने भी कुवैत में ड्रोन हमला किया। हमले में तेल और बिजली से जुड़े अहम ठिकानों को निशाना बनाया गया। कुवैत के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी ने बताया कि सुबह पांच बजे के बाद से 28 ईरानी ड्रोन मार गिराए गए हैं*

### कुवैत में तेल बिजली घर और पानी के प्लांट पर ड्रोन हमला

**बुधवार सुबह करीब 10 बजे किया हमला**

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/ तेहरान

अमेरिका और ईरान के बीच बुधवार को करीब 40 दिन बाद 2 हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बनी है। लेकिन ईरान में सीजफायर के ऐलान के कुछ घंटों बाद हमला हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बुधवार को ईरान के लवन द्वीप की तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया गया। स्थानीय समय के मुताबिक बुधवार सुबह करीब 10 बजे हमले के बाद रिफाइनरी में आग लग गई। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, कोई घायल नहीं हुआ। लेकिन यह नहीं बताया गया है कि हमला किसकी ओर से किया गया है।

## ईरान ने कुवैत में किए ड्रोन हमले

*युद्धविराम के बावजूद ईरान ने भी कुवैत में ड्रोन हमला किया। हमले में तेल और बिजली से जुड़े अहम ठिकानों को निशाना बनाया गया। कुवैत के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी ने बताया कि सुबह पांच बजे के बाद से 28 ईरानी ड्रोन मार गिराए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह दुश्मन की ओर से किया गया बड़ा और खौफनाक हमला था। कुछ ड्रोन देश के दक्षिणी हिस्से तक पहुंचे और अहम ठिकानों को निशाना बनाया। इन ठिकानों में तेल के बड़े प्लांट, बिजली घर और पानी के डीसैलिनेशन प्लांट शामिल हैं, जिनसे जुड़ी सुविधाओं को नुकसान हुआ है।*

**इजराइल पीएम नेतन्याहू की दो टूक**

## सीजफायर पर समर्थन, हिजबुल्ला के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी



इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने स्पष्ट किया है कि उनका देश अमेरिका और ईरान के बीच हुए दोहफ्ते के युद्धविराम समझौते का समर्थन करता है, लेकिन यह समझौता लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ जारी लड़ाई को कवर नहीं करता है। लेबनानी मिलीशिया हिजबुल्ला के खिलाफ युद्ध में उसकी 'लड़ाई और जमीनी अभियान जारी है' और वह इस समझौते का हिस्सा नहीं है। इजराइल की सेना ने स्वीकार किया कि युद्ध जारी है।

**इजराइल का लेबनान पर बड़ा हमला**

## 254 लोगों की मौत हुई

इजराइल ने बुधवार दोपहर मध्य बेरूत में कई हमले किए। घनी आबादी वाले कई व्यावसायिक और आवासीय क्षेत्रों को बिना पूर्व सूचना के निशाना बनाया गया। हमले ऐसे समय में हुए, जब ईरान के साथ युद्ध विराम की घोषणा हो चुकी थी। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इन हमलों में 254 लोगों की मौत हुई और 1,165 लोग घायल हुए हैं। ईरानी सरकारी मीडिया की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि ईरान ने लेबनान पर इजराइली हमलों के जवाब में होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया गया है।

**अंतरराष्ट्रीय कानून की अनदेखी: लेबनान**

लेबनान के पीएम नवाफ सलाम ने इजराइल पर अंतरराष्ट्रीय कानून की अनदेखी करने का आरोप लगाया। वहीं, राष्ट्रपति जोसेफ औन ने इन हमलों को बर्बर बताया। इजराइली सेना ने कहा कि उसने मिसाइल लॉन्चर, कमांड सेंटर और खुफिया ढांचे को निशाना बनाया। लेकिन स्थानीय लोगों ने इन दावों को खारिज किया और कहा कि ये सिर्फ रिहायशी इलाके थे। इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने हिजबुल्ला कमांडर नईम कासेम को चेतावनी दी कि उनका भी नंबर आएगा। इससे पहले 2024 में इजराइल ने हिजबुल्ला के पूर्व प्रमुख हसन नसरल्लाह को मार गिराया था। हिजबुल्ला के एक अधिकारी ने कहा कि वह बातचीत का मौका देना चाहते हैं। लेकिन इजराइल संघर्षविराम का पालन नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि वे पुरानी स्थिति में लौटना स्वीकार नहीं करेंगे। यह संघर्ष तब शुरू हुआ, जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला किया, जिसके बाद हिजबुल्ला भी इस जंग में शामिल हुआ।

## इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर किया हवाई हमला

### इराक ने खोला अपना हवाई क्षेत्र

संघर्ष विराम के बाद इराक ने अपने हवाई क्षेत्र और सभी एयरपोर्ट को तत्काल प्रभाव से फिर से खोलने का ऐलान किया है। इराक की नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने आधिकारिक बयान में कहा कि क्षेत्र में हालात सामान्य होने के बाद अब हवाई यातायात को फिर से शुरू करने का निर्णय लिया गया है। अब सभी नागरिक उड़ानों को अनुमति दी गई है, जिसमें ओवरफ्लाइट, टेकऑफ और लैंडिंग शामिल हैं। यह सब तय नियमों और दिशा-निर्देशों के तहत किया जाएगा।

## ईरान से जुड़े साइबर समूहों की ओर से अमेरिका पर बड़ा साइबर हमला

### यूएस की पीएलसी पर निशाना

ईरान से जुड़े साइबर समूहों की ओर से अमेरिका पर बड़े साइबर हमले का दावा भी सामने आया है। हमलावरों ने औद्योगिक प्रणाली में इस्तेमाल होने वाले प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोलर (पीएलसी) को निशाना बनाया। पीएलसी प्रणाली किसी भी बड़े औद्योगिक सेटअप के दिमाग की तरह काम करते हैं। ये ऑटोमैटिक प्रोग्राम के जरिए मशीनों और प्रक्रियाओं को नियंत्रित करते हैं। ऐसे में इन सिस्टम्स के प्रभावित होने से कई महत्वपूर्ण संचालन बाधित हो सकते हैं।

### क्षेत्र में तनाव कम होगा: ईराक

*इराक के विदेश मंत्रालय ने कहा कि युद्धविराम से क्षेत्र में तनाव कम होगा और सुरक्षा व स्थिरता मजबूत होगी। ईराक संवाद और कूटनीति के जरिए समाधान का समर्थन करता है और सभी पक्षों से अपील की कि वे युद्धविराम का पूरी तरह पालन करें और किसी भी तरह की नई कार्रवाई से बचें।*

### निर्यातकों को राहत: फियो

*भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एस.सी. रल्हन ने कहा कि युद्धविराम और होर्मुज जलडमरूमध्य का फिर से खुलना निर्यातकों को शिपिंग बाधाओं, उच्च दुलाई दरों और बीमा लागत में राहत देता है। यह अल्पकालिक रूप से लॉजिस्टिक्स को सामान्य करने में मदद करेगा, निर्यातक अभी भी युद्धविराम की अस्थायी प्रकृति को देखते हुए सतर्क रहेंगे।*

**दुनिया ने किया युद्धविराम का स्वागत**

## नागरिकों के जीवन की रक्षा होगी: यूएन महासचिव



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने युद्धविराम की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि नागरिकों के जीवन की रक्षा और मानवीय पीड़ा को कम करने के लिए संघर्ष का अंत अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संघर्ष में शामिल सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करने और क्षेत्र में स्थायी और व्यापक शांति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए युद्धविराम की शर्तों का पालन करने का आह्वान किया है।

### युद्धविराम दुनिया के लिए राहत का पल: यूके



ब्रिटेन के पीएम कीर स्टॉर्मर ने युद्धविराम समझौते का स्वागत करते हुए कहा कि यह इस क्षेत्र और दुनिया के लिए राहत का पल लाएगा। हमें अपने साझेदारों के साथ मिलकर इस युद्धविराम का समर्थन करने और इसे कायम रखने के लिए तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए हर मुमकिन कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे बुधवार से खाड़ी क्षेत्र का दौरा शुरू कर रहे हैं, जिस दौरान वह अमेरिका और ईरान के बीच हुए युद्धविराम के समर्थन और उसे कायम रखने के लिए कूटनीतिक प्रयासों पर चर्चा करेंगे।

### कश्मीर सहित देश के कई हिस्सों में मना जश्न

युद्धविराम की घोषणा के बाद कश्मीर सहित देश के विभिन्न स्थानों पर जश्न मनाया जा रहा है, और लोगों ने इसे ईरान की जीत करार दिया है। श्रीनगर शहर के सैदाकदल और जदीबल क्षेत्रों के साथ ही घाटी के बडगाम, बारामूला, गांदरबल, पुलवामा और बांदीपोरा जिलों में भी जश्न का माहौल बन गया है। ईरानी झंडे लहराते हुए लोगों ने युद्धविराम की घोषणा पर खुशी जताई और पटाखे फोड़कर जश्न मनाया। जश्न के हिस्से के रूप में कश्मीरी कहवा भी बांटा गया। लखनऊ, हैदराबाद, कोलकता सहित कई शहरों में लोगों ने खुशी जाहिर की।

**अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ का दावा**

## ट्रंप चाहते तो ईरान की अर्थव्यवस्था को ठप कर देते, जानबूझकर नरमी दिखाई



अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दावा किया कि ट्रंप के पास इतनी ताकत थी कि वो चाहें तो कुछ ही मिनटों में ईरान की पूरी अर्थव्यवस्था ठप कर सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। ट्रंप ने जानबूझकर नरमी दिखाई, क्योंकि ईरान ने दबाव में सीजफायर मान लिया था। अमेरिका चाहता तो बड़ा नुकसान कर सकता था, लेकिन उसने रुकने का फैसला किया। ईरान की नई सरकार को समझ आ गया कि लड़ाई जारी रखने से हालात खराब होते, इसलिए समझौता बेहतर था। उन्होंने कहा कि नई सरकार ने अपने पुराने हालात से सबक लिया है।

## स्थिति अभी भी नाजुक, ट्रंप बेचैन: वेंस



अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि अगर ईरान ईमानदारी से बातचीत करता है तो एक समझौता संभव है। उन्होंने इस स्थिति को एक नाजुक सीजफायर बताया। कहा कि ट्रंप ईरान युद्ध को खत्म करने की दिशा में प्रगति करने को लेकर बेचैन हैं और उन्होंने अपनी बातचीत करने वाली टीम को निर्देश दिया है कि वे ईरानियों के साथ सद्भावना से बातचीत करें।

**सीजफायर के असर से भारत में सस्ती होंगी चीजें**

सीजफायर के इस फैसले से ईंधन सस्ता होने से सिलेंडर की लागत घट सकती है, जिससे घरेलू बजट पर दबाव कम होगा। इसके अलावा होटल-रेस्टोरेंट में इस्तेमाल होने वाले कमर्शियल सिलेंडर सस्ते होने से बाहर खाना भी थोड़ा किफायती हो सकता है। जिससे रोजमर्रा की चीजें सस्ती होंगी। सब्जियां, दूध, राशन, फर्टिलाइजर, प्लास्टिक के सामान समेत अन्य जरूरी चीजों के दाम भी धीरे-धीरे नीचे आ सकते हैं। हवाई टिकटों की कीमतों में भी कमी आ सकती है।

**स्थिति के मद्देनजर उठाए जा रहे कदमों की व्यापक समीक्षा की गई है**

# पश्चिम-एशिया के उभरते हुए हालात पर हुई मंत्रियों के समूह की तीसरी बैठक

**रक्षा मंत्री ने सभी विभागों को दिए जरूरी तैयारी बनाए रखने के निर्देश**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को राजधानी में पश्चिम-एशिया के हालात पर नजर रखने के लिए गठित किए गए सरकार के मंत्रियों के उच्च-स्तरीय समूह की तीसरी बैठक हुई। जिसमें क्षेत्र में लगातार उत्पन्न हो रही परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भारत की तैयारी और अन्य जरूरी कदमों की विस्तृत रूप से समीक्षा की गई है। रक्षा मंत्री ने बैठक को संबोधित करते हुए सभी विभागों को यह निर्देश दिया है कि वह अपना पूरा ध्यान देश के अंदर मामले के संदर्भ से जुड़ी हुई तैयारियों, समन्वय और लचीलेपन की ओर केंद्रित करें। जिससे किसी भी आपातकालीन परिस्थिति का सामना किया जा सकेगा। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट में बताया कि सरकार एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है। इसके अलावा किसानों के लिए उर्वरकों के साथ-साथ आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुगम बनाने की कवायद भी जारी है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

### नागरिकों की सुरक्षा पहला दायित्व

*उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार मौजूदा संघर्ष के प्रभाव से अपने देश के लोगों की रक्षा करने के लिए असाधारण कार्य कर रही है। अधिकारियों ने बैठक में मंत्रियों के समूह को बताया कि बीते 40 दिनों में होर्मुज जलडमरूमध्य से भारत के सबसे ज्यादा तेल, गैस के जहाजों की आवाजाही हुई है। जिसमें अब तक कुल 8 एलपीजी जहाज देश पहुंचे हैं। जिनमें 340 मीट्रिक टन गैस भारत पहुंची है। जो हमारी लगभग 11 दिनों की आयात जरूरतों की पूर्ति के समान है। जहाजों के स्वदेश पहुंचने से देश की ऊर्जा सुरक्षा के अलावा सप्लाई में भी स्थिरता देखने को मिलेगी। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरों के पास गैस की कोई कमी नहीं है। साथ ही देश में लगातार एलपीजी सिलेंडरों की सप्लाई की जा रही है। खाद्यान्न के मामले में भारत में गेहूं, चावल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।*

### इनकी रही बैठक में मौजूदगी

*मंत्रालय के मुताबिक, बैठक में रक्षा मंत्री के अलावा केंद्र के तमाम वरिष्ठ मंत्री और अधिकारी शामिल हुए। जिनमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर, वित मंत्री निर्मला सीतारमण, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, रसायन-उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, विज्ञान-प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू मुख्य हैं।*

**भारतीय युद्धपोत 'त्रिकंड' केन्या पहुंचा**

## 100 राइफल व 50 हजार गोलियां सौंपी, एमआरआई मशीन देने का भी समझौता

**नई दिल्ली ।** भारतीय नौसेना को फ्रंटलाइन गाइडेड प्रक्षेपास्त्र युद्धपोत 'त्रिकंद' मोम्बासा बंदरगाह पर पहुंचा है। यहां भारत ने 100 राइफल और करीब 50 हजार गोलियां केन्या को दी हैं। भारत केन्याई रक्षा बलों को एमआरआई मशीन भी मुहैया कराएगा। इसका उद्देश्य केन्या के बीच समुद्री सहयोग को सुदृढ़ करना व दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती देना है। नौसेना ने बताया कि युद्धपोत 'त्रिकंद' दक्षिण-पश्चिम हिन्द महासागर क्षेत्र में अपनी ऑपरेशनल तैनाती के तहत यहां आया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109